दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 19 जनवरी 2024, वर्ष-12 अंक- 308 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

250 साल पुराने राम जानकी मंदिर में विशेष अनुष्ठान कराने की चल रही तैयारी

सुप्रीत शर्मा

बालोद/नवप्रदेश। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोर शोर से चल रही है। वहीं देश के सभी राज्यों और मंदिरों में इस दिन को खास बनाने की तैयारी है। बालोद जिले के सबसे प्राचीन राम जानकी मंदिर में भी विशेष अनुष्ठान कराने की तैयारियां हो रही है। जिले के अर्जुंदा नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित राम जानकी मंदिर का इतिहास लगभग ढाई सौ साल पुराना है। जो एक जमाने में पहले यह कृष्ण का मंदिर हुआ करता था। लेकिन बाद में उसे राम जानकी मंदिर के रूप में परिवर्तित किया गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

साधुओं ने बनाया था मंदिर

महंत दुर्गेश दास ने नवप्रदेश को बताया कि वे सातवें महंत हैं। यह पहले राधा कृष्ण मंदिर था। जब विस्तार हुआ तो उसे राम जानकी मंदिर के रूप में विकसित किया गया। कहा जाता है कि इस जगह पर लगभग ढाई सौ साल पहले कुछ साधु पहुंचे थे। यहां स्थित पीपल पेड़ पर उन्होंने अनुष्ठान किया और एक मंदिर बनाया। बाद में इस मंदिर का विकास किया गया।

कानून का किया गलत उपयोग

मंदिर के महंत ने बताया कि पुरातत्व विभाग के अधीन में ये मंदिर नहीं है, न ही शासन से इसमें कोई सहयोग मिला है। उल्टा पुराने जमाने में शासन से तो उन्हें काफी नुकसान हुआ है। पहले मंदिर के पास लगभग 230 एकड़ जमीन थी। शासन के नियमों के तहत कई जमीन अधिग्रहित कर ली गई। जिस समय तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने लैंड सीलिंग एक्ट लागू किया तो अधिकारियों ने इसका फायदा उठाया और मंदिर की जगह को निशाना बनाया। इसके चलते यहां जमीन घट गई। जबकि नियम यह था कि आगामी आदेश तक मंदिरों पर सीलिंग की कार्रवाई न की जाए।

साल भर होती है पूजा-अर्चना

राम जानकी मंदिर में रामनवमी, जन्माष्टमी, रथ यात्रा और गोवर्धन पूजा प्रमुख रूप से मनाया जाता है। मंदिर में पहले कृष्ण जी की मूर्ति थी। अब राम जी की मूर्ति है। राधा कृष्ण मंदिर पहले डेढ़ सौ साल था। उसके बाद इसे राम जानकी मंदिर के रूप में बनाया गया। मंदिर का विस्तार जब हुआ जब बड़े रूप में बनाया गया तो मूर्ति बदली गई है।

आज बेबाक

कहते हैं न कि मूर्ख से मूर्ख व्यक्ति भी कभी कभी समझदारी की बात कर देता है। समाजवादी पार्टी के बयानवीर नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने इस बार बड़े पते की बात कही है। उन्होंने कहा है कि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भाजपा का है। इससे अन्य राजनीतिक दलों का कोई लेना देना नहीं हैं। उनकी साफगोई की दाद दी जानी चाहिए। जिस पार्टी के नेता ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाकर उनके प्राणों की आहूति ली थी। उस पार्टी का प्राण प्रतिष्ठा समारोह से कोई लेना देना हो ही नहीं सकता।

गर्भगृह में आसन पर स्थापित हुए 'रामलला'

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन के लिए अनुष्ठान जारी है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले एक-एक करके शास्त्रोक्त विधियों से पूजा-पाठ संपन्न किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार (18 जनवरी) को नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में श्रीराम लला के विग्रह को स्थापित कर दिया गया है। गुरुवार शाम को यह शुभकार्य संपन्न किया गया, अब रामलला की प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित हो गई। एक तरह से सदियों बाद रामलला अपने जन्मस्थान पर विराजित हो चुके हैं, अब 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होनी है। कारीगरों ने मूर्ति को आसन पर खड़ा किया। इस प्रोसेस में 4 घंटे लगे। बताया गया है कि अब मूर्ति को गंध वास के लिए सुगंधित जल में रखा जाएगा। फिर अनाज, फल और घी में भी रखा जाएगा।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद होंगे पावन विग्रह के दर्शन

प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के पावन विग्रह के दर्शन किए जा सकेंगे। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को भगवान राम के विग्रह को गर्भ गृह के आसन पर रख दिया गया। रामलला की मूर्ति को आसन पर स्थापित करने में कुल चार घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। मंत्रोच्चार विधि कर और पूजन विधि के साथ भगवान राम के इस विग्रह को आसन पर विराजित किया गया। इस दौरान मूर्तिकार योगीराज और कई संत भी मौजूद थे। हालांकि आखिरी तौर पर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होगी।

पीएम मोदी कर रहे हैं 11 दिन का अनुष्ठान

दूसरी ओर पीएम मोदी प्राण प्रतिष्ठा के लिए यम-नियम का पालन कर रहे हैं। उनका 11 दिनों का अनुष्ठान जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी ने राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रीतिष्ठा के लिए जो 11 दिन का अनुष्ठान रखा है, उसमें वो जमीन पर कंबल बिछाकर कर सोते हैं और सिर्फ नारियल पानी ही पीते हैं।

अब तक हो चुके ये अनुष्ठान

बता दें कि 16 जनवरी से अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान जारी है। अयोध्या राम मंदिर में तीसरे दिन 18 जनवरी गुरूवार को गणेश अम्बिका पूजन, वरुण पूजन, चतुर्वेदो पुण्याह वाचन, मातृका पूजन, सप्तधृत मातृका पूजन, आयुष्यमंत्र जप, नांदीश्राद्ध, आचार्यदिग्भ्रगवरण, मधुपर्क पूजन, मंडप प्रवेश आदि विधियां की जा रही हैं।

निमंत्रण अस्वीकार करना गलत था

कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने गुरूवार को कहा कि भगवान राम भारत की आत्मा हैं। भगवान राम के बिना भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए, मुझे लगता है कि निमंत्रण (प्राण प्रतिष्ठा का) अस्वीकार करना सही नहीं था और इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। बता दें कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी समेत अन्य विपक्षी गठबंधन के नेताओं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वडोदरा में नाव पलटी, 10 बच्चों और 2 टीचर की मौत

वडोदरा (एजेंसी)। गुजरात के वडोदरा में गुरुवार दोपहर हरणी लेक में एक नाव पलट गई। इस हादसे में 10 बच्चों और 2 टीचर की मौत हो गई। नाव में सवार बाकी 13 बच्चे और 2 टीचर को बचा लिया गया है। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। हालांकि उनकी हालात की जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। हादसे का शिकार हुए सभी बच्चे वडोदरा के न्यू सनराइज स्कूल के हैं। इनमें से किसी भी बच्चे या टीचर ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। इसी वजह से जब नाव पलटी तो सभी पानी में डूबने लगे। नाव पलटने की घटना को लेकर गुजरात के सीएम ने दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'वडोदरा की हरणी झील में नाव पलटने से बच्चों के डूबने की घटना अत्यंत हृदय विदारक है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एसीएस सुब्रत साहू बनाए गए प्रशासनिक अकादमी के महानिदेशक

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने सीनियर आईएएस अफसरों के विभागों में बदलाव किया है। ट्रांसफर का आदेश गुरुवार देर शाम जारी किया गया। एक बार फिर से एसीएस सुब्रत साहू के विभाग में बदलाव हुआ है। अब उन्हें प्रशासनिक अकादमी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उन्हें प्रशासनिक अकादमी का महानिदेशक बनाया गया है। वहीं रेणु पिल्ले को प्रशासन अकादमी के निदेशक के पद से मुक्त कर दिया गया है। वहीं जनक प्रसाद पाठक को आयुक्त चिकित्सा शिक्षा के पद पर पदस्थ करते हुए पंजीयक, फर्म एवं संस्थाएं का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा महेंद्र सिंह सवन्नी को मंडी बोर्ड का प्रबंध संचालक बनाया गया है।

बिलकिस के 5 दोषियों ने सरेंडर के लिए सुको से मांगा समय

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिलकिस बानो मामले के 11 दोषियों में से 5 ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करके जेल में सरेंडर करने के लिए और समय मांगा है। उनके वकीलों ने दलील दी है कि सरेंडर करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया गया था, वह 22 जनवरी को खत्म हो रहा है, ऐसे में उनकी याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार कर लिया है। इन पांच दोषियों में गोविंदभाई नई, प्रदीप मोरधिया, बिपिन चंद्र जोशी, रमेश चंदना और मितेश भट्ट शामिल हैं। इन दोषियों में से किसी ने अपने बेटे की शादी, किसी ने पैर की सर्जरी, किसी ने माता-पिता की देखभाल करने, किसी ने फसलों की कटाई का कारण बताकर सरेंडर की तारीख में एक्सटेंशन मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो का गैंगरेप करने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट में रीना बाबासाहेब कंगाले होंगी सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवॉर्ड 2023 की घोषणा की है। आयोग ने छत्तीसगढ़ से 2 अधिकारियों को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवॉर्ड से सम्मानित करने की घोषणा की है। चुनाव के दौरान अच्छा काम करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले को अवॉर्ड देने की घोषणा की गई है। वहीं चुनाव के दौरान बेस्ट इलेक्शन मैनेजमेंट के लिए तत्कालीन दंतेवाड़ा कलेक्टर विनीत नंदनवार को अवॉर्ड देने की घोषणा की गई है। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में इन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में 2 चरणों में विधानसभा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यमन के पास एक और जहाज पर ड्रोन अटैक

विशाखापट्टनम (वार्ता)। अरब सागर में यमन के पास फिर से एक जहाज पर ड्रोन अटैक हुआ है। इसके बाद जहाज में आग भी लग गई। हालांकि बाद में इस पर काबू पा लिया गया। जेन्को पिकार्डी नाम के इस जहाज पर मार्शल आइलैंड का फ्लैग लगा हुआ था। भारतीय नेवी ने बताया कि हमला मंगलवार रात करीब 11 बजकर 11 मिनट पर हुआ। नेवी के मुताबिक, हमले के वक्त जहाज अदन की खाड़ी में यमन के अदन पोर्ट से करीब 111 किमी दूर था। अटैक के तुरंत बाद जहाज ने मदद के लिए सिग्नल भेजा। जहाज पर 22 क्रू मेंबर्स सवार हैं।

राम वन गमन पथ प्रोजेक्ट में गड़बड़ी जांच करेगी विष्णुदेव सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पथ प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछली सरकार में बहुत सारे भ्रष्टाचार हुए हैं, जहां लगेगा की गलत हुआ है जांच बैठाएंगे और दोषियों पर कार्रवाई करेंगे। गुरूवार को बस्तर रवाना होने से पहले सीएम मीडिया से चर्चा कर रहे थे। बता दें कि पूर्व मंत्री और कुरुद से भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने हाल ही में बयान दिया था कि कांग्रेस ने राम के नाम पर भ्रष्टाचार किया है। करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट में अनियमितता है। इसकी जांच होनी चाहिए। हालांकि तब कांग्रेस ने इस आरोप को नकारते हुए निराधार बता दिया था। सरकार बनने के बाद दिसंबर के महीने में पहली कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने भगवान राम और कांग्रेस को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने राम के नाम पर पाखंड किया। इन लोगों ने वोट के नाम पर नौटंकी की। हम तो राम को अपना आराध्य मानते हैं। जनता ने कांग्रेस का पाखंड समझ लिया इसलिए 35 पर आ गए। माना जाता है कि छत्तीसगढ़ को प्राचीन धर्म ग्रंथों में कोशल प्रदेश बताया गया है। कौशल प्रदेश (छत्तीसगढ़) भगवान राम का ननिहाल है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा-आरएसएस का है लोगों को लड़ाने का काम : राहुल

जोरहाट (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश में नफरत फैलाते हैं, धर्म के आधार पर लोगों को लड़ाते हैं और फिर जनता का धन लूटते हैं। राहुल गांधी ने भारत 'जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान गुरुवार को असम नागालैंड सीमा पर स्थित नकाचरी देवरापारा में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी और अब पूरब से पश्चिम की यात्रा पर हैं। भारत जोड़ो यात्रा 4,000 किलोमीटर की थी। तब भाजपा के लोग यात्रा के फायदे को लेकर सवाल करते थे लेकिन सच यह है कि इस यात्रा ने हिंदुस्तान के पॉलिटिकल नेरेटिव को बदल दिया है। उन्होंने कहा, जब कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की, तो काफी लोग मेरे पास आए। उन्होंने हमसे कहा देखिए, आपने साउथ से नॉर्थ की यात्रा तो कर ली, मगर अब आपको ईस्ट से वेस्ट या वेस्ट से ईस्ट भी यात्रा करनी चाहिए। इसलिए हमने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मणिपुर से शुरु की और ये यात्रा मणिपुर, नागालैंड, असम से लेकर महाराष्ट्र तक जाएगी। इस यात्रा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरीबी घटने का सरकार का आंकड़ा झूठा : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने सरकार की गरीबों की संख्या घटने के आंकड़े को गुलाबी माहौल का झूठा आंकड़ा करार देते हुए गुरुवार को कहा कि यदि सच में देश में गरीबी कम हुई है तो उपभोग करने वालों का आंकड़ा बढ़ने की बजाय घट क्यों रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनाथ ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार का यह दावा गलत है कि देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा गया है। उनका कहना था कि यदि सच में गरीबों की संख्या घटी है तो फिर उपभोग करने वालों की संख्या क्यों काम हो रही है। उन्होंने सरकार के दावे पर तंज करते हुए, तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आंकड़े झूठे हैं, ये दावा किताबी है। ये लाइनें मोदी सरकार के उस नए दावे पर चरितार्थ होती हैं जिसमे कहा जा रहा है कि गत नौ साल में 24.82 करोड़ भारतीयों को गरीबी से उबारा गया है। लेकिन असल में यह गरीब के खिलाफ एक बहुत बड़ी साजिश है। यह दावा जमीनी हकीकत के विपरीत है। इसमें चार बड़ी समस्याएं हैं। अगर गरीबों की संख्या घट गई है, तो उपभोग क्यों नहीं घट रहा है। अगर गरीबी 11.7 प्रतिशत तक गिर चुकी है यानी सिर्फ 15 करोड़ लोग ही गरीब हैं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

स्थापना दिवस... जबलपुर में गुरूवार को दैनिक नवप्रदेश का तीसरा मनाया स्थापना दिवस

निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा 'नवप्रदेश' छत्तीसगढ़ के बाद अब मध्य प्रदेश में

जबलपुर/नवप्रदेश। जबलपुर में गुरूवार को दैनिक नवप्रदेश का तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम को लेकर जबलपुर के मेयर बहादुर सिंह अन्नू ने भी जमकर तारीफ की और कहा कि छत्तीसगढ़ के बाद अब मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रहा दैनिक नवप्रदेश और निरंतर आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं भी प्रेषित की। वहीं विधायक नीरज सिंह ने कहा कि दैनिक नवप्रदेश अपने शुरुआती दौर से ही आमजन की समस्याओं को बड़ी प्रमुखता से अपने समाचार पत्र के माध्यम से रखते आ रहे हैं। और लोगों की समस्याओं का निराकरण भी हो रहा है जिसके चलते निरंतर यह प्रगति की ओर अग्रसर है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बहुत कम समय में मनवाया लोहा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दैनिक नव प्रदेश के प्रधान संपादक यशवंत धोटे ने कहा कि आज से 12 वर्ष पहले उन्होंने दैनिक नव प्रदेश की शुरुआत की थी। शुरुआती दौर में जहां उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा वहीं जितने प्रतिनिधि दैनिक नव प्रदेश से जुड़े हुए हैं वह पत्रकारिता ही करते आ रहे हैं जिसके चलते बहुत कम ही समय में नौ प्रदेश में अनेक जगहों पर अपना लोहा भी मनवाया है।

तीन राज्यों में लोगों की आवाज बन रही नवप्रदेश

छत्तीसगढ़ के बाद अब मध्य प्रदेश और झारखंड में भी दैनिक नव प्रदेश लगातार आम जनों की आवाज बन रही है। श्री धोटे ने कहा कि दैनिक नव प्रदेश की शुरुआत में जहां हमें कई ऐसे पहलुओं को देखना पड़ा जो जीवन में एक उतार चढ़ाव की तरह नजर आता है। उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना काल की स्थिति में भी अखबार के माध्यम से हम लोगों तक देश सहित पूरे प्रदेश का हाल-चाल आम जनता तक पहुंचाते रहे। आज दैनिक नव प्रदेश निश्चित तौर पर उनके पाठकों के विश्वास और आशीर्वाद के चलते निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
रोम रोम में बसने वाले राम...
जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी
रायपुर, शुक्रवार, 19 जनवरी 2024

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी डाक टिकटों की किताब में 6 डाक टिकट

राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवलराज और मां शबरी पर डाक टिकट शामिल है






नई दिल्ली। अयोध्या में राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा का आयोजन शुरू हो गया है। इस आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया है।

इसके अलावा उन्होंने प्रभु राम पर टिकटों की एक पुस्तक भी लॉन्च की है जो दुनिया भर में जारी की गई है। डाक टिकट के डिजाइन में राम मंदिर, चौपाई 'मंगल भवन अमंगल हारी, सूर्य, सरयू नदी और मंदिर के आसपास की मूर्तियां शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जारी की गई स्टाम्प बुक में 6 डाक टिकट शामिल हैं। इसमें राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवलराज और मां शबरी पर डाक टिकट शामिल हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'डाक टिकटों का काम तो हम सभी जानते हैं, लेकिन डाक टिकट एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डाक टिकट इतिहास और ऐतिहासिक घटनाओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का एक जरिया है। 22 जनवरी को भगवान राम को अयोध्या के राम मंदिर में विराजमान किया जाएगा। मंदिर के गर्भगृह में राम की मूर्ति स्थापित है।

बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को ई कार्ट से श्रीरामलला के दर्शन कराएगी योगी सरकार

■ **अयोध्या में श्रद्धालुओं की मदद के लिए ई कार्ट चलाए जाने की बन रही योजना**

कॉर्पोरेट हाउसेस के सीएसआर फंड से चलाई जाएंगी ई कार्ट, पहले चरण में उतारी जाएंगी 650 ई कार्ट

अयोध्या। 22 जनवरी को नव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए योगी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। इसी क्रम में सरकार श्रीरामलला के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं को राम मंदिर और हनुमान गढ़ी तक पहुंचाने के ई कार्ट चलाएगी। ये ई कार्ट या गोल्फ कार्ट बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क होंगी। इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने निजी औद्योगिक घरानों को प्रस्ताव भेजा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि निजी औद्योगिक घराने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में इस सेवा के लिए डोनेशन प्रदान करें, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान की जा सके। वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण का फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल जल्द ही 650 ई कार्ट्स को रोड पर उतारने जा रहा है।

कम समय में अधिक से अधिक श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार, प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नए मंदिर में श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी शामिल होंगी। जो श्रद्धालु अपने वाहनों से अयोध्या आएंगे उन्हें पार्किंग स्थल पर ही ई कार्ट की सुविधा मिलेगी, जिसके माध्यम से वो हनुमान गढ़ी और श्रीरामलला के दर्शनों के साथ ही धाम में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों तक जा सकेंगे। बुजुर्गों, दिव्यांगो और गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सेवा उपलब्ध कराने की योजना है। राम मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को यह ई कार्ट जन्मभूमि पथ तक ले जाएगी, यहां से बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं गर्भवती महिलाओं को व्हीलचेयर की सुविधा मिलेगी, जो बिल्कुल निशुल्क है। उन्होंने बताया कि कम समय में अधिक से अधिक श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन कर सकें, इसके लिए यह व्यवस्था शुरू करने की योजना है। इसके लिए हमने उन कॉर्पोरेट हाउसेस को यहां ई कार्ट या गोल्फ कार्ट सेवा प्रदान करने के लिए कंट्रीब्यूशन हेतु प्रस्ताव भेजा है। ये ऐसे कॉर्पोरेट हाउसेस हैं जो पहले भी अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में सेवा कार्य करने को लेकर अपनी इच्छा जाहिर कर चुके हैं। इनकी सहमति मिलने के बाद इस योजना को बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा।

पहले चरण में आएंगी 650 ई कार्ट्स

अयोध्या विकास प्राधिकरण के फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल कनेक्ट्स प्रा. लि. भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कवच ग्लोबल के डायरेक्टर तक्ष रावल ने बताया कि हमें टेंडर के माध्यम से अयोध्या विकास प्राधिकरण में विभिन्न लोकेशन मिली हैं। इन लोकेशंस पर हम श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में हमारी योजना है कि श्रद्धालुओं को इन लोकेशंस से 12 सीटर और 18 सीटर ई कार्ट की सुविधा मिले जो उन्हें अयोध्या के विभिन्न धार्मिक स्थलों की सैर कराए। इसमें ओएनजीसी, आईओसी, टाटा प्रोजेक्ट्स जैसी कंपनियों से सर्वाधिक डोनेशन मिला है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में हम जनवरी से मार्च तक 650 ई कार्ट्स उतारने जा रहे हैं। एडीए के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने पूरी अयोध्या की कनेक्टिविटी के लिए जो हाइपरलूप मॉडल तैयार किया है, ये प्रोजेक्ट उसी का हिस्सा है। आने वाले दिनों में राम पथ पर 4 व्हीलर्स पर रोक रहेगी, तब ये ई कार्ट ही लोगों को दर्शन कराएंगी। दिव्यांगों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए ये पूरी तरह निशुल्क रहेंगी। इन ई कार्ट्स की ओनरशिप एडीए की रहेगी और ये विभिन्न लोकेशंस से ऑपरेट की जाएंगी।

सीएसआर फंड से की जाएगी व्यवस्था

प्राप्त जानकारी के अनुसार अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जो प्रस्ताव कॉर्पोरेट हाउसेस को दिया गया है उसमें कई बातों का जिक्र किया गया है। इसमें ई कार्ट या गोल्फकार्ट के मेंटिनेंस, इसकी निगरानी, पार्किंग, ड्राइवर के चयन और प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता के संबंध में जानकारी दी गई है। यह सेवा निजी कंपनियों के सीएसआर फंड यानी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी फंड के माध्यम से शुरू की जाएगी। मालूम हो कि कई बड़ी कंपनियां अपने व्यापार के अतिरिक्त समाजसेवा के लिए इस तरह के फंड बनाती हैं। कॉर्पोरेट हाउसेस की ओर से इस पर सहमति मिलने के बाद अयोध्या में इस सेवा को और भी विस्तार दिया जा सकेगा। इस सेवा के शुरू होने से न सिर्फ अयोध्या के धार्मिक स्थलों पर वाहनों के जाम से मुक्ति मिलेगी, बल्कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को सुविधा के साथ दर्शन कराए जा सकेंगे।

प्राण प्रतिष्ठा में 22 जनवरी को तैनात होंगे 21 स्पेशल आईपीएस

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा में तकनीक का अधिक से अधिक प्रयोग किया जा रहा है। कैमरों के जरिए पुलिस पूरी अयोध्या पर नजर रखेगी। प्रयागराज कुंभ की तरह अयोध्या में भी कुशल व्यवहार वाले प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। देशभर से आने वाले यात्रियों को भाषा की दिक्कत ना हो, इसके लिए अलग-अलग भाषा बोलने और समझने वाले 21 ट्रेनी ढ्डक्क अफ्सरों की भी तैनाती की गई है। यूपी के डीजी (लॉ ऐंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह यात्रियों के साथ-साथ वहां तैनात पुलिस के लिए भी ऐतिहासिक पल होगा। इसके साथ ही प्रमुख स्थलों पर बिना वर्दी और शस्त्रों के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है। ताकि, यात्री सहजता से जरूरत पड़ने पर उनके सामने अपनी बात रख सकें। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 288 दरोगा और सिपाही सूट-बूट में विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा में तैनात किए जाएंगे। उनकी ड्रेस लखनऊ में तैयार हो रही है। विशेष रूप से चुने गए इन पुलिसकर्मियों में ज्यादातर खिलाड़ी हैं, जिन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है। रिजर्स पीएसी की 16 कंपनियां तैनात होंगी। डीजी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पुलिस के 11,000 से अधिक जवानों को तैनात किया जा रहा है। अयोध्या में रिजर्व पीएसी की 16 कंपनी तैनात की जा रही हैं। अयोध्या जाने वाले सभी रास्तों को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसित कर वहां सुरक्षा मुहैया करवाई गई है।

प्राण प्रतिष्ठा : अब अयोध्या आना हुआ आसान, कोलकाता और बेंगलुरु से विमान सेवा शुरू

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन की तैयारियां पूरी कराई जा रही है। समारोह की शुरुआत हो गई है। अनुष्ठान शुरू करा दिए गए हैं। वहीं रामनगरी की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जा रहा है। कोलकाता और बेंगलुरु के श्रद्धालु अब अयोध्या फ्लाइट से आ जा सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोलकाता और बेंगलुरु से अयोध्या के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट की शुरुआत की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि अयोध्या आने वाले समय में देश और दुनिया में टूरिस्ट डेस्टिनेशन के लिए सबसे प्रमुख शहर होने जा रहा है। अयोध्या को लेकर जिस तरह की आतुरता पूरे देश के लोगों में दिख रही है। उसे देखते हुए श्रद्धालुओं का यहां से आवागमन सुलभ बनाने का दायित्व हमने निभाया है। सीएम योगी ने कहा कि नागरिक विमान मंत्री ज्योतिरादित्य और जनरल वीके सिंह को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस करते हुए उसे हर संभव सहयोग प्रदान किया है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इस दिशा में बेहतरीन परिणाम सामने दिए हैं। पिछले साढ़े 9 साल के अंदर उत्तर प्रदेश में न केवल नए एयरपोर्ट्स बने हैंबल्कि 4 इंटरनैशनल एयरपोर्ट के साथ उत्तर प्रदेश एयर कनेक्टिविटी की दृष्टि से एक अहम राज्य हो गया है।

'17 दिन में चारों कोनों से जुड़ी अयोध्या'

अयोध्या के लिए कोलकाता और बेंगलुरु से हवाई सेवा शुरू होने के मौके पर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जहां राम का नाम, वहां पूरे होते हैं काम। उन्होंने कहा कि अयोध्या को दिल्ली और अहमदाबाद से जोड़ने के बाद आज बेंगलुरू और कोलकाता के साथ जोड़ा जा रहा है। 30 दिसंबर को उद्घाटन के बाद से 17 जनवरी तक हमने महज 17 दिन में अयोध्या को देश के चारों कोनों से जोड़ दिया है। यह किसी करिश्मे से कम नहीं है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि यह पहल और आगे चलती रहे जिससे उत्तर प्रदेश की वायु सेवा और बढ़ती रहे। अयोध्या धाम के लिए और भी एयरलाइंस जुड़ना चाहती हैं। जैसे-जैसे वो आगे आएंगी उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

रामलला के भोग के लिए बन रहे हैं 1111 मन लड्डू, बंटेगा प्रसाद

अयोध्या। अयोध्या में रामलला को 56 प्रकार के व्यंजन का भोग लगेगा। देश-विदेश से रामलला को अर्पण करने के लिए मिठाई, फूल और नैवेद्य भेजे जा रहे हैं। अयोध्या में ब्रह्मवेत्ता श्री देवराहा हंस बाबा ट्रस्ट की ओर से 1111 मन लड्डू तैयार किया जा रहा है।

13 लाख 50 हजार लड्डू बनाने की तैयारी

अयोध्या के धर्म मंडप छोटी छावनी में 45 टन यानी 1111 मन साढ़े लड्डू बनाए जा रहे हैं। ब्रह्मवेत्ता श्री देवराहा हंस बाबा ट्रस्ट के अनुसार रामलला के भोग के लिए 13 लाख 50 हजार लड्डू तैयार गिए जाएंगे।

चांदी के 7 थाल रखे जाएंगे गर्भगृह में

22 जनवरी को चांदी की 7 थाल में रामलला को भोग लगाया जाएगा। प्रसाद की यह थाल गर्भ गृह में रखा जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद प्रसाद 8000 लोगों को वितरित किया जाएगा।

40 लोगों की टीम बना रही है

प्रभु राम के लिए प्रसाद

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत लड्डू निर्माण की निगरानी कर रहे हैं। 21 जनवरी को भागवत खुद लड्डू निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। 40 लोगों की टीम दिन रात लड्डू निर्माण में जुटी है।

कारीगर नंगे पांव बना रहे हैं प्रसाद

ये खास लड्डू देसी गाय का शुद्ध घी, बेसन, चीनी और भूरा, काजू, छोटी इलायची और केसर मिलाकर बनाए जा रहे हैं। बनाने के दौरान पवित्रता का ख्याल रखा जाएगा। कारीगर नंगे पाव प्रसाद बना रहे हैं।

अयोध्या के इस मंदिर से प्रभु श्रीराम ने की थी वनवास यात्रा शुरू, अब घर लौट रहे

अयोध्या। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होगी और इसे लेकर हर रोज पूजा अर्चना हो रही है। अयोध्या को मंदिरों की नगरी भी कहा जाता है और यहां स्थिति हर मंदिर का अपना विशेष महत्व है। आज हम आपको अयोध्या में स्थित राजद्वार मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, राजद्वार मंदिर को श्रीरामचंद्र जी के महल का मुख्य द्वार माना जाता है। इस मंदिर में वास्तुकला का सौंदर्य देखने को मिलता है। आइए जानते हैं श्रीराम के महल का मुख्य द्वार राजद्वार मंदिर के बारे में..

रामचंद्रजी के महल का मुख्य द्वार है मंदिर

मंदिरों की नगरी अयोध्या में हनुमानगढ़ी के ठीक सामने एक बेहद विशाल महलनुमा ढांचा है, यह है राजद्वार मंदिर। यह श्रीरामचंद्रजी के महल का मुख्य द्वार है। इस मंदिर की ऊंचाई इतनी है कि यहां से पूरी अयोध्या देखी जा सकती है। इसी मंदिर के सामने हनुमानगढ़ी है, जहां विराजमान हनुमानजी रामलला के राज द्वार की रक्षा करते हैं। राजद्वार का शाब्दिक अर्थ है राज में प्रवेश या प्रवेश द्वार होता है।

हनुमानजी करते हैं राजद्वार मंदिर की रक्षा

मान्यता है कि हनुमानगढ़ी में बैठे बजरंगबली इस द्वार के रक्षक हैं। इस लोक को छोड़कर बैकुंठ जाते हुए श्रीरामचंद्रजी ने बजरंगबली को अयोध्या के रक्षक होने का दायित्व सौंपा था। हनुमानजी यहीं विराजमान हैं और वह यहीं से इस द्वार की रक्षा करते हैं। नागर शैली में बने इस मंदिर की वास्तुकला बहुत सुंदर है। माना जाता है कि जब यह मंदिर बना था तब यह सोने का था। मंदिर में श्रद्धालु पुष्प, चंदन, लड्डू और पेड़े प्रसाद स्वरूप भेंट करते हैं। यहां प्रसाद रूप में चढ़ाए जाने वाले दूध के मावे से बने पेड़े बहुत प्रसिद्ध हैं। मंदिर के इतिहास के बारे में बताते हैं कि लोग राज्य में प्रवेश करने के लिए यही डेरा डालते थे और कभी कभी राजा से मिलने के लिए कई दिन यहीं बिता देते थे। क्योंकि उन दिनों राजा से मिलने के लिए या फिर राजा की सिर्फ एक झलक पाना भी काफी दुर्लभ माना जाता था।

इसलिए यह मंदिर एक टावर की तरह काम करता था। इस मंदिर की कुछ दूरी पर माता सीता का निवास है, जिसे कनक भवन कहा जाता है। इसी परिसर में दशरथ भगवान भी स्थित है।

इसी मंदिर से रामजी ने शुरू किया था वनवास

मान्यता है कि राजद्वार मंदिर का मौजूदा ढांचा तकरीबन 900 साल पुराना है। वर्तमान मंदिर का पुनर्निर्माण पूर्व अयोध्या नरेश राजा मान सिंह ने करवाया था। उनका परिवार आज भी मंदिर की देखभाल और रखरखाव के साथ-साथ प्रबंधन का काम करता है। अयोध्या के सबसे ऊंचे राजद्वार के जीर्णोद्धार के फ्लस्वरूप यह मंदिर प्राप्त हुआ है। इसकी बनावट बेहद सुंदर है। इसका शिल्प अपने में अद्वितीय है। मान्यता है कि यह रघुकुल के राजमहल का प्रवेश द्वार हुआ करता था। भगवान श्री रामचंद्रजी, माता सीता और लक्ष्मण ने इसी द्वार से 14 साल का अपना वनवास प्रारंभ किया था और लंका विजय के बाद इसी द्वार से तीनों वापस आए थे। इसके बाद अयोध्या के राजमहल में भगवान राम का अभिषेक हुआ था। राज्य स्थापित किया गया था।

दो महीने तक अयोध्या के लिए रोडवेज का ग्रीन कॉरिडोर

अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के बाद प्रतिदिन करीब एक लाख श्रद्धालु अयोध्या दर्शन करने जाएंगे। इन्हें पहुंचाने की बड़ी जिम्मेदारी रोडवेज पर होगी। ऐसे में परिवहन निगम श्रद्धालुओं को सुरक्षित पहुंचाने की योजना पर काम कर रहा है।

इसके लिए गोरखपुर-अयोध्या, प्रयागराज-अयोध्या, वाराणसी-अयोध्या, लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर ग्रीन कॉरिडोर बनाया जायेगा। परिवहन निगम के प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू ने बुधवार को मुख्यालय में अफसरों के साथ बैठककर इसके निर्देश जारी किए। प्रमुख सचिव ने कहा कि दो माह के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है। जरूरत पड़ने पर इसे बढ़ाया जाएगा।

अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे आस्था ट्रेनों का संचालन कर रहा है। प्रमुख सचिव ने कहा कि परिवहन निगम इलेक्ट्रिक बसें संचालित करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि टैक्सी, इलेक्ट्रिक आटो, बसें आसानी से उपलब्ध हों। सुरक्षित सफर के लिए इंटरसेप्टर के जरिये ओवर स्पीडिंग की भी जांच की जाए। बसों और बस स्टेशनों को साफ सुथरा रखें, जिससे कि श्रद्धालुओं को गुडफिल हो। बसों में अधिकारियों के कॉन्टैक्ट नम्बर भी लिखे हों।

न्यूज गैलरी

9 मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता राशि जारी

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्तियों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें संजय धीवर-नदी में डूबने के कारण, नेरबाई घृतलहरे-अकाशीय बिजली, रूपा कन्नौजे-बिच्छू काटने के कारण, प्रकाश तेजवानी-नहर में डूबने, रत्ना कर्मकार-तालाब डूबने, दयालू धीवर-आग मे जलने, आत्माराम सिन्हा-आग में जलने, कबीर चन्द्राकर-आकाशीय बिजली गिरने और विक्रम वर्मा-नहर की पानी मे डूबने के कारण मृत्यु हो गई। इन सभी मृतकों के परिजनों को प्रति हितग्राही 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई है।

फैक्ट्री में सेंधमारी कर हजारों रुपए की जीआई तार पार

रायपुर/नवप्रदेश। माना बस्ती स्थित स्वास्तिक फैक्ट्री में सेंधमारी कर 25 बंडल जीआई तार अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनुज जायसवाल 54 वर्ष पचपेड़ीनाका तिरूपति अपार्टमेंट का रहने वाला है। बताया जाता है कि माना बस्ती स्थित स्वास्तिक वेल्डेड फैक्ट्री के बाउंड्रीवॉल में लगे जाली को अज्ञात चोर ने काटकर अंदर प्रवेश के लिए और दीवार में सेंध लगाकर फैक्ट्री के अंदर से 25 बंडल जीआई तार पार कर दिए। चोरी गए तार की कीमत करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पैसे के लेन-देन को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। महावीर नगर चौक के पास उधार पैसे के लेन-देन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी कैलाशचंद कदम 45 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी हरजींद्र सैनी, अल्केश होरा व अन्य ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी हरजिंद सैनी 47 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी कैलाशचंद कदम ने पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया है। दोनों पक्षों की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजा बेचते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। खमतराई पुलिस ने डोंगिया तालाब के पार गांजा बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी अभिषेक सिंह 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मंदिर के पास खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। प्लेटफार्म 5 के पीछे स्थित हनुमान मंदिर के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारीर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी कृष्णा चौधरी 43 वर्ष सोनडोंगरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलआर 0807 को प्लेटफार्म 5 के पीछे हनुमान मंदिर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सेना के शौर्य से युवा शक्ति को मिलती है देश की सुरक्षा के लिए प्रेरणा : विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। देश की सुरक्षा में लगे जवानों का शौर्य युवा शक्ति को सेना में जाने के लिए प्रेरित करती है। किसी भी देश की रक्षा का दारोमदार युवा शक्ति के हाथों में होती है, इसे देखते हुए हमने छत्तीसगढ़ के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में अग्निवीर के रूप में सेना में सहभागिता बढ़ाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया है। मुझे विश्वास है कि युवाओं के लिए यह कार्यशाला उपयोगी होगी। सेना में उनकी सहभागिता बढ़ेगी। साथ ही राज्य के युवा अग्निवीर योजना से जुडेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरूवार को स्थानीय शहीद स्मारक भवन में अग्निवीर की भर्ती के संबंध में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के कथन को याद करते हुए कहा कि सरकारें आती हैं, जाती हैं, सरकारें आती, जाती रहेंगी, किंतु लोकतंत्र सदैव अमर रहता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए शांति और सुरक्षा आवश्यक है। हमारी सेनाएं यह कार्य बखूबी से कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की सीमाएं किसी अन्य देश की सीमाओं से ज्यादा विविधता और चुनौती भरा है। सेना में जाकर युवा ही इस चुनौती को स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में भी देश की सीमाओं की रक्षा करने का भाव है आप सभी देश के लिए सर्वोच्च बलिदान करने तैयार है। इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सेनाओं को हमें भरपूर सम्मान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी वे ट्रेन में सफर करते हैं और उनके सामने कोई जवान आता है, तो सबसे पहले मैं अपने स्थान से खड़े होकर उस जवान के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करता हूं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि इसी प्रकार का सम्मान का भाव सेना के जवानों के प्रति व्यक्त करें। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों से छत्तीसगढ़ राज्य से अधिक से अधिक युवाओं का चयन अग्नि वीर भर्ती के लिए हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

व्यापाक प्रचार प्रसार करने के दिए निर्देश

उन्होंने कहा कि अग्निवीर भर्ती परीक्षा हेतु सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पंजीयन, आवेदन, वेबसाइट की जानकारी, लिखित परीक्षा, भर्ती रैली एवं चिकित्सा परीक्षण सहित अन्य आवश्यक निर्देशों की जानकारी विभिन्न माध्यमों से युवाओं तक पहुंचाई जाए। जिस राज्य के अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके। उन्होंने अग्निवीर योजना में ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए चॉइस सेंटर के संचालकों को भी ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए।

ऑनलाइन पोर्टल में पंजीयन कराने की सुविधा

रोजगार और प्रशिक्षण विभाग की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया कि भारतीय सैन्य बलों में छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक युवा सम्मिलित हो, इस उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के अधीनस्थ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि अपने कार्य क्षेत्र में सेना भर्ती की जानकारी युवओं को देते हुए ऑनलाईन पोर्टल में पंजीयन कराएं। सभी संभागों में अग्नि वीर भर्ती हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

साय सरकार की कैबिनेट बैठक केवल औपचारिकता : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट बैठकों को लेकर कांग्रेस पार्टी हमलावर है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की कैबिनेट बैठक केवल औपचारिकता भर है। उन्होंने कहा कि वे लगातार कैबिनेट की बैठकें तो कर रहे हैं, लेकिन मोदी की गारंटी पर मुहर नहीं लग पा रही है। मोदी की गारंटी में पहली गारंटी यही थी कि 3100 रुपए में धान खरीदी करेंगे, लेकिन धान खरीदी अब अंतिम पड़ाव में है, फिर भी अब तक इस पर कोई फैसला नहीं हो पाया है। सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि महतारी वंदन योजना को लेकर भी सरकार ने प्रदेश की महिलाओं से कई वादे किए, लेकिन अब तक इसे लेकर कोई फैसला नहीं हो पाया है। 500 रुपए में गरीबों को सिलेंडर देना था, इस पर भी कोई फैसला सरकार नहीं ले पाई है।

सरकार मति भ्रम की शिकार

सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पहले बीजेपी के लोग गौठान योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे थे। अब इन्हीं के केन्द्रीय मंत्री कह रहे हैं कि गौठान योजना आगे जारी रखेंगे। बीजेपी की सरकार मति भ्रम की शिकार है। अगर सच में भ्रष्टाचार को लेकर जांच करवाना चाहते हैं, तो करवाएं। नान घोटाले के लिए जो एसआरटी बनाई गई है, उसे जांच करने दें।

नई सरकार के पास कोई विजन नहीं

सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि नई सरकार को एक महीने से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, लेकिन इनकी कोई उपलब्धि नहीं है। ना ही सरकार का कोई विजन है। अब जब इनके पास अपना कुछ भी नहीं है, तो जाहिर है कि पिछली सरकार को बदनाम ही करेंगे। बीजेपी के पास सरकार है और अगर उन्हें यह लग रहा है कि कहीं कोई गलती हुई है, तो उसकी जांच कर करवाई करें। केवल बयानबाजी से क्या हासिल होगा।

5 लाख असाक्षरों को कराया जाएगा बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुशंसा अनुसार प्रदेश में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की कार्य योजना प्रस्तुत कर इसे शुरू किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के एक तिहाई आबादी को पूर्ण साक्षर कर उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का हर संभव प्रयास किया जाए। वे नवा रायपुर स्थित मंत्रालय भवन में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने राज्य साक्षरता मिशन के कार्य उद्देश्य को समझते हुए निर्देशित किया कि राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुशंसा के अनुसार 'नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम स्वीकृत किया गया है। 'नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में प्रदेश के 5 लाख असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान कराया जाएगा। इसके अलावा जीवन कौशल के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, कानूनी साक्षरता, चुनावी साक्षरता, व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा, समतुल्यता और सतत शिक्षा का कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। एससीईआरटी में स्थापित राज्य साक्षरता केंद्र 'स्टेट सेंटर फॉर लिटरेसी' को भी साधन संपन्न बनाकर अकादमी कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में पूर्व में संचालित नवाचारी कार्यक्रम, पुस्तक वाचन अभियान, हम होंगे पांचवी पास, मुख्यमंत्री शहरी साक्षरता कार्यक्रम, आखर अंजोर, श्रेष्ठ पालकत्व कार्यक्रम की सराहना करते हुए आगे भी इन नवाचारी कार्यक्रमों और गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए। सर्वप्रथम आकांक्षी जिलों के आकांक्षी विकासखण्ड तथा जहां साक्षरता दर कम है उन जिलों के विकासखण्ड और ग्राम पंचायत को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। शहरी क्षेत्र के डिजिटल असाक्षरो को डिजिटल साक्षर बनाने के लिए 'गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़' कार्यक्रम के लिए आवश्यक राशि की मांग का प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। ऐसे चिन्हांकित क्षेत्र के स्कूलों में सामाजिक चेतना केंद्र स्थापित करने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले जिले, विकासखण्ड और ग्राम पंचायत को प्रोत्साहित करने राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री अक्षर सम्मान भी आयोजित किए जाए। इस बात पर जोर दिया कि बेस्ट प्रैक्टिसेज वाले राज्यों और जिलों में राज्य की टीम को भेजा जाए, ताकि हमारा प्रदेश भी इस कार्यक्रम में देश में अव्वल स्थान पर रहे।

आईपीएस अमित कुमार बनाए गए खुफिया चीफ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के खुफिया विभाग के चीफ बदले गए हैं। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अमित कुमार को इंटेलिजेंस विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमित कुमार हाल ही में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे हैं। वे रायपुर समेत 6 जिलों के एसपी रह चुके हैं। आनंद छाबड़ा को इंटेलिजेंस से कार्यमुक्त कर दिया गया है। उनकी जगह 1998 बैच के आईपीएस अमित कुमार नए इंटेलिजेंस चीफबनाए गए हैं। रायपुर से फिर पहली बार एसपी बनकर बीजापुर गए। उस समय नक्सल हिंसा चरम पर था। बीजापुर के बाद वे राजनांदगांव, जांजगीर चांपा, दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर के वे एसपी रहे। एसपी के तौर पर रायपुर उनका अंतिम जिला रहा। रायपुर एसपी रहते हुए ही उनकी सीबीआई में पोस्टिंग हो गई। 2011 में वे सीबीआई गए और करीब 12 साल वहां रहने के बाद दिसंबर 2023 में छत्तीसगढ़ लौटे। दरअसल, देश के चर्चित कोल स्कैम में उन्हें सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई का नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी मिली थी। सीबीआई में वे जॉइंट डायरेक्टर पॉलिसी जैसे पद पर रहे, जो सीधे पीएमओ के टच में रहता है। जॉइंट डायरेक्टर पॉलिसी, सीबीआई में काफी प्रभावशाली पद माना जाता है। आईपीएस में सिलेक्ट होने के बाद 98 से 2011 तक याने 13 साल छत्तीसगढ़ में रहे। पांच जिलों के एसपी रहने के बाद भी अमित का कैरियर निर्विवाद रहा। अमित के कार्यभार ग्रहण करने के बाद पुलिस के वसूली गैंग की दिक्कतें बढ़ सकती है, ऐसा पुलिस के अधिकारी ही मानते हैं। क्योंकि, उन्हें मैदानी इलाके के साथ ही बस्तर में काम करने का अवसर मिला है।

राज्य सेवा के 14 अफसरों का तबादला

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य प्रशासनिक सेवा के 14 अफसरों का तबादला किया गया है। अधिकारियों को सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कोरिया व रामानुजगंज भेजा गया है। सभी 14 अधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ थे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी तबादला आदेश के मुताबिक अरुण कुमार मरकाम कोरिया, राजेश पात्रे दंतेवाड़ा, गिरधारी लाल यादव मुंगेली, अजय कुमार उरांव कोंडागांव, अतुल कुमार शेटे बीजापुर, कैलाश प्रसाद वर्मा बीजापुर, लिंगराज सिदार मनेंद्रगढ़, सूरज कुमार कश्यप सुकमा, जयशंकर उरांव नारायणपुर, बनसिंह नेताम सरगुजा, देवेन्द्र कुमार प्रधान बलरामपुर, विशाल कुमार महाराणा गरियाबंद, उमेश कुमार पटेल को कोरिया भेजा गया है। जबकि दिव्या वैष्णव को सामान्य प्रशासन में ही पदस्थ किया गया है।

फिर शुरू होंगे दाल-भात सेंटर श्रम मंत्री देवांगन ने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के श्रमिकों के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार फिर से दाल-भात सेंटर शुरू करने जा रही है। राज्य के श्रम मंत्री ल ख न ला ल देवांगन ने गुरूवार को यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि दाल-भात सेंटरों में श्रमिकों को फ्री में भरपेट भेजन मिलेगा। उम्मीद की जा रही है कि यह योजना इसी वर्ष अप्रैल से शुरू हो जाएगी। बता दें कि पूर्ववर्ती डॉ. रमन सिंह की सरकार में प्रदेशभर में दाल भात सेंटर चलाए जा रहे थे, जहां गरीबों को 10 रुपये में भरपेट खाना मिलता था, लेकिन 2018 में सत्ता परिवर्तन के बाद यह योजना ठप पड़ गई, जबकि राज्य सरकार दाल भात सेंटरों को प्रति प्लेट 52 रुपये का भुगतान कर रही है।

रायपुर स्मार्ट सिटी का बहुमंजिला शास्त्री मार्केट मार्च तक होगा पूरा

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में रायपुर नगर निगम क्षेत्र में संचालित स्वच्छता अभियान के तहत आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गुरूवार को शहर के पुराने बाजारों में से एक शास्त्री मार्केट, मालवीय रोड, जवाहर बाजार का निरीक्षण किया एवं व्यापारी संघ के पदाधिकारियों से भेंट की।

इस दौरान उन्होंने रायपुर स्मार्ट सिटी लि. व नगर निगम द्वारा निर्मित महिला एवं पुरुष प्रसाधन गृहों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सार्वजनिक स्थलों, बाजारों आदि में सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों को साथ लेकर स्वच्छता जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन प्रत्येक सप्ताह किए जाए। विशेष स्वच्छता अभियान के तहत इस समय नगर निगम का जोन और स्वच्छता अमला सभी वार्ड में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने में जुटा हुआ है। आयुक्त श्री मिश्रा ने सभी अपर आयुक्त व स्वास्थ्य अधिकारियों व जोन कमिश्नरों को भी व्यवस्था में सुधार के लिए मिशन मोड पर काम करने के लिए जिम्मेदारी भी तय की है।

स्वयं नगर निगम कमिश्नर भी लगातार औचक निरीक्षण कर रहे है एवं आम लोगों से सीधे संवाद कर स्वच्छता के महा-अभियान में सभी की सहभागिता की अपील भी कर रहे हैं।

निर्माणाधीन शास्त्री मार्केट कॉम्पलेक्स की ली जानकारी : उन्होंने शास्त्री बाजार का दौरा किया और निर्माणाधीन शास्त्री मार्केट कॉम्पलेक्स में चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) साथ थे। निर्माण एजेंसी ने अवगत कराया कि आगामी मार्च तक यह प्रोजेक्ट पूरा कर सुव्यवस्थित बाजार संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के मार्ग को भी सुव्यवस्थित करने हेतु निगम अधिकारियों को निर्देशित किया है। थोक व चिल्हर सब्जी मार्केट के निरीक्षण के दौरान वे लघु व्यवसायियों से भी मिले और निकलने वाले कचरे को व्यवस्थित तौर पर निपटान करने के लिए कहा है।

संपादकीय

अब पाकिस्तान के खिलाफ ईरान की एयर स्ट्राइक

पड़ोसी देश पाकिस्तान की स्थिति गरीब की लुगायी की तरह हो गई है जिसे अपनी भौजाई समझकर कोई भी छेड़ देता है। पाकिस्तान ने अपनी यह हालत खुद बनाई है। आतंकवादी संगठनों को पाल पोषकर उसने खुद अपने लिए मुसीबत का सामान कर लिया है। पाकिस्तान के खिलाफ सबसे पहले अमेरिका ने कार्यवाही की थी। जब अमेरिकी सेना के कमांडो ने पाकिस्तान में घुसकर कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को मारा था। उसके बाद भारत ने भी पाक के नापाक मंसूबों को नाकाम करने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ पहले सर्जिकल स्ट्राइक की थी और बाद में एयर स्ट्राइक भी की थी। इसके बाद अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की थी। अब ईरान ने भी पाकिस्तान के खिलाफ एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान को उसी की भाषा में करारा जवाब दिया है। हालांकि पाकिस्तान ने भी अपनी बची खुची इज्जत बचाने के लिए ईरान के खिलाफ जवाबी कार्यवाही की है। और पाकिस्तान ने ईरान के 6 ठिकानों पर बमबारी की है। जिसकी वजह से 4 महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश अलअदल ने कुछ दिनों पहले ईरान पर हमला कर वहां के 11 पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी। यह आतंकी संगठन लंबे समय से ईरान के खिलाफ छुटपुट कार्यवाही करता रहा है लेकिन जब उसने 11 ईरानी पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी तो ईरान ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए उसके खिलाफ एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के होश उड़ा दिए अब पाकिस्तान जो खुद आर्थिक रूप से बदहाली का शिकार हो चुका है। वह ईरान को सबक सिखाने की गीदड़ भभकी दे रहा है। जाहिर है ईरान जैसे देश से पंगा मोल लेना पाकिस्तान को बहुत महंगा पडेगा। पाकिस्तान और ईरान के बीच तनाव बढ़ना तय है। पाकिस्तान की मीडिया तो ईरान की पाकिस्तान के खिलाफ की गयी कार्यवाही के पीछे भारत का हाथ बता रहा है। उनका कहना है कि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ईरान दौरे पर गए थे और उनके लौटने के दो दिन बाद ही ईरान ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्यवाही कर दी। हालांकि भारत ने इसका खंडन किया है। भारत ने इसे ईरान और पाकिस्तान के बीच का मामला बताया है। अलबत्ता भारत में ईरान की पाकिस्तान के खिलाफ की गई कार्यवाही पर यह टिप्पणी की है कि हर देश को अपनी आत्मरक्षा करने का अधिकार है। इस तरह भारत ने परोक्ष रूप से ईरान द्वारा की गयी एयर स्ट्राइक का समर्थन ही किया है। इधर चीन ने ईरान और पाकिस्तान के बीच बढते तनाव पर प्रतिक्रिया दी है कि दोनों देशों को शांति बनाए रखना चाहिए। गौरतलब है कि विश्व मंच पर अलग थलग पड़ते पाकिस्तान का चीन ही सबसे बडा हितैषी बना हुआ है। जो पाकिस्तान को गले तक कर्ज में लादकर उसके कुछ हिस्सों पर कब्जा करने का षडयंत्र कर रहा है। समझ नहीं आता कि पाकिस्तान के हुकमरान आखिर क्यों आतंकवाद की फैक्ट्री चला रहे हैं। यही आतंकवादी संगठन उसके लिए भस्मासूर सिद्ध हो रहे हैं। पाकिस्तान को एक आतंकवादी देश के रूप में देखा जाने लगा है। जिसकी वजह से अब कोई भी देश पाकिस्तान को किसी भी तरह की मदद देने के लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान भीख का कटोरा थाम चुका है। इसके बावजूद उसकी अक्ल ठिकाने नहीं आ रही है। भारत के खिलाफ भी वह आतंकवाद की आग को हवा देने का काम कर रहा है। जिसका समय आने पर भारत माकूल जवाब जरूर देगा। बेहतर होगा की पाकिस्तान आतंकवाद का रास्ता छाड़ दे वरना उसे इसी तरह के हमलों का सामना करना पड़ेगा और कोई भी देश उसको बचाने के लिए सामने नहीं आएगा। अपनी लगायी आग में एक दिन पाकिस्तान खुद ही जल जाएगा।

परिवारवाद की राह पर मायावती....

रमेश सर्राफ धमोरा

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने पार्टी को युवा नेतृत्व देने के लिये अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बना दिया है। अब उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड को छोड़कर बाकी प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद ही संभालेंगे। ब्रिटेन से एमबीए कर चुके 28 वर्षीय आकाश आनंद मायावती के छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे हैं। मायावती ने उन्हें 2019 में पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया था। तभी से उनके मायावती के उत्तराधिकारी बनने की चर्चा चलती रहती थी। आकाश आनंद ने पिछले दिनो सम्पन्न हुये राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम, तेलंगाना विधानसभा चुनाव में पार्टी की कमान संभाली थी।

मगर वहां बसपा के पक्ष में कोई विशेष हवा नहीं बना पाए। कभी देश में प्रमुख राजनीतिक दल रही बसपा अब अपनी राष्ट्रीय मान्यता बचाने का प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में चंद्रशेखर रावण भी दलित नेता के तौर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इसी के चलते मायावती ने बसपा में युवा नेतृत्व देने के लिए अपने भतीजे को मैदान में उतारा है। कांशीराम ने जब 14 अप्रैल 1984 को बहुजन समाज पार्टी का गठन किया था। तब उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आगे चलकर बसपा परिवारवाद की भेंट चढ़ जाएगी। परिवारवाद से बचने के लिए कांशीराम ने शादी नहीं की थी। मायावती की प्रतिभा देखकर कांशीराम ने उन्हें राजनीति में आगे बढ़ाया और अपना उत्तराधिकारी बनाया था। कांशीराम के कारण मायावती चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बन पाई।

कांशीराम चाहते तो स्वयं मुख्यमंत्री बन सकते थे। मगर वह किंग मेकर की भूमिका में ही रहना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मायावती को आगे बढ़ाया। आज वहीं मायावती अपने भतीजे को पार्टी का उत्तराधिकारी घोषित कर बसपा को परिवारवाद के रास्ते पर धकेल दिया है। वर्तमान समय में बसपा राजनीतिक रूप से कमजोर पड़ गई है। उनके परंपरागत दलित मतदाता भी छिड़क रहे हैं। ऐसी भी विषम परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए मायावती को किसी युवा नेता की तलाश थी। मगर उन्होंने किसी बाहरी व्यक्ति पर भरोसा करने की बजाय अपने भतीजे को ही अपना उत्तराधिकारी बनाना बेहतर समझा। हाल ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बसपा का ग्राफगिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का सूपड़ा साफहो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली। इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली। बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं। मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी नहीं जीत पायी। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उतराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधााक है। उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे। उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है।

श्रीराम की जीवनधारा किसी को किनारे छोड़कर आगे नहीं बढ़ती

आशीष वशिष्ठ

दुःख-दारिद्रय के प्रति दया भाव ही नहीं, उसको समाप्त करने के लिए कर्म चेतना जागृत करने की क्षमता भी है। अर्थतंत्र मुक्त राजनीति श्रीराम से जुड़ेगी तो भूख का षमन स्वतः और सहज भाव से होगा।

वास्तव में, भारत का अपने राम की आस्था और आदर्शों पर लौटना किसी बाहरी दबाव के कारण नहीं हुआ। जिन लोगों को इसके कारण केवल राजनीतिक दीखते हैं, वे या तो भयंकर भूल कर रहे हैं, अथवा उन्हें संस्कृति की महाशक्ति का ठीक तरह से ज्ञान नहीं है। राम देश का स्वभाव हैं। देश उनके बिना नहीं रह सकता और यही कारण है कि जब-जब भारत अपने स्व-भाव राम की ओर बढ़ा है, तब-तब उसकी तेजस्विता बढ़ी है, धर्म जागृत हुआ है और मनोरथसिद्ध मुस्कान उसने प्राप्त की है। ये जान लीजिए श्रीराम की जीवनधारा किसी को किनारे छोड़कर आगे नहीं बढ़ती, वह सबको लेकर, सबके साथ-साथ सबके सम्मान को अक्षुण्ण रखते हुए ही आगे बढ़ती है।

भारत के राम भारत राष्ट्र के हृदय की धड़कन हैं। राम राष्ट्र हैं। वे भारत राष्ट्र की पहचान हैं। राम का नाम लेकर यहां का वासी अपनी जिंदगी की घड़ियां गुजारता है। राम उसके भगवान हैं मर्यादा पुरुष भी। राम स्वयं काल हैं, वे काल सत्य हैं। वे खण्डित नहीं, अखण्ड हैं। उन्हें काल खण्डों में नहीं बांटा जा सकता। श्रीराम भारत राष्ट्र की शक्ति हैं। वे राष्ट्रीय ऊर्जा से स्रोत है। वे राष्ट्र के शरीर भी हैं और मन भी। ईश्वरीय सत्ता श्रीराम का शरीर धारण करके भारत भूमि पर उतरी थी। वे संपूर्ण मानवीय चेतना और संवेदना का पुंज थे। श्रीराम ने मनुष्य को मनुष्य का आचरण बताया था। मनुष्य को उत्कर्ष और उत्सर्ग की कला सिखायी थी। राम का जीवन आदि, मध्य और अन्त की कथा नहीं है। वह सनातन हैं, निरन्तर हैं, नित्य हैं, नूतन हैं। सार्वकालिक और सार्वभौमिक हैं।

श्रीराम के चरित्र के साथ ही मानव समाज के लिए उदात्त मानवीय आदर्शों का प्रणेता उपस्थित होता है। श्रीराम, जो राजतंत्र को लोकतंत्र का स्वरूप प्रदान करते हैं, विवष और संकटग्रस्त होकर भी कभी नहीं टूटते हैं, स्वयं शोषित रहकर जन-जन को परिपोषित करते हैं, विपरीत परिस्थितियों में भी निष्ठा, उदारता, सरलता, सहिष्णुता से विचलित नहीं होते हैं, वे ही भारतीय चिन्तन में मानवीय अवधारणा के प्रतिरूप हैं।

इस देश को प्रेरणा के लिए चाहिए प्रकाश पुंज साक्षात उदाहरण, कोई ऐसा ज्वलंत जीवन जो देशवासियों का केंद्रबिंदु हो। भारत के पास यह ज्वलंत जीवन है। उसके पास उसका राम है। यहां की जनता अपने राम से जुड़ रही है। वह अपने देष की राजनीति को राम केंद्रित बना रही है कि कोई व्यक्ति या दल देष केषासन तंत्र का उपयोग और संचालन अपने लिए नहीं, सबके सुख, सबकी समृद्धि और सबकी निरामयता के लिए करे। श्रीराम भारत के प्रकाश हैं और भारत विश्व का प्राणाधार। राम, भारत और विश्व को अन्योन्याश्रित संबंध है। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और सृष्टि का प्रत्येक अंश राम का अंश है। रामांष होने का अर्थ है जीवन की अनगढ़ता का अंत और अनगढ़ कृत्यों के अपराध से मुक्ति। अनगढ़ अर्थात् असंस्कृत कृत्यों के अपराध से मुक्ति अर्थात् मंगलमय जीवन का प्रारंभ। यह मंगलमयता व्यक्ति को समाज, राष्ट्र और विष्व के साथ एकात्म करती है। मंगलमयता ही परिवर्तन का बीज है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि विभेदकारी राजनीति द्वारा क्षतिग्रस्त भारतीय समाज की संरचना दिन-प्रतिदिन बिखरती गई। श्रीराम से जुड़कर उसे एक बार फिर एकात्मबोध को संदेष मिला है। श्रीराम भारतीय सामाजिक संरचना के संवेदनशील तंतु और तत्व ही नहीं हैं, वे राष्ट्रीय अखण्डता की आधारभूमि भी हैं। श्रीराम परिवर्तन का नाम है। संबंधों और संबोधनों तक में परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। भाषा और भावनाएं परिवर्तित हो रही हैं। परिवार, व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की धारणा और अवधारणा भी बदल रही है। जो लोग देश–दशा का दर्शन केवल समाचार पत्रों या न्यूज चैनल के समाचारों और शीर्षकों से करते हैं वे निराश हैं, किंतु जो देश की धरती पर लिखे जा रहे इतिहास के संदेश और सामचार से जुड़े हैं वे आशान्वित हैं। वे उज्जवल भविष्य का दर्शन कर रहे हैं।

समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों, गोष्ठियों और डिबेट में जिस तरह की चर्चा होती है वह असली भारत नहीं है। वह भारत का यर्थाथ भी नहीं है। वे सभी वास्तविकता से कटे हुए है। संदर्भहीन हैं। असली भारत देशवासियों के मन में, खेत खलिहानों में, कर्मरत किसानों में, युवकों के अंतःकरण में स्फुरित हो रही आस्था में अपना नवीन रूपाकार ग्रहण कर रहा है। विकृत बुद्धि वाले लोग परेशान ही इस कारण से हैं कि उनके थोथे चने का बजना बंद हो रहा है। ये जितना अधिक जोर से चीखेंगे, उनकी आवाज जितनी अधिक ऊंची होती जाएगी, श्रीराम के भारत के उदय की संभावना उतनी ही सबल और उतनी ही समीप आती जाएंगी।

श्रीराम मंदिर निर्माण के कारण हो रहे मंगलमय परिवर्तन का सर्वत्र अनुभव किया जाने लगा है। श्रीराम की चेतना के कारण मानवता के विकास की दिशा स्पष्ट हो रही हैं। भारत की चिरगरिमा प्रतिष्ठा पा रही है। भारत अपनी विसंगतियों को दूर करने की दिशा में प्रवृत्त हो रहा है। भारत की राष्ट्रीय अस्मिता वास्तविक रूप में अभिव्यक्त होने को है। जो लोग श्रीराम को स्वीकार नहीं करते वे सीधे और स्पष्ट शब्दों में उन्हें नकार भी नहीं पा रहे हैं। समस्त विष्व को प्रभावित करने में श्रीराम मंदिर की महान् भूमिका का महत्व मौनभाव से ही सही, स्वीकार किया जाने लगा है। श्रीराम के भाव और कर्मतंतु से जुड़े इस देश में अब सब कुछ बदलने की स्थिति में है। परिवर्तन षिषु के जन्म के पूर्व की सुखद पीड़ा आरंभ हो चुकी है। 22 जनवरी को भरी दुपहरी में यह परिवर्तन श्रीराम की तरह संपूर्ण भारत भूमि और देशवासियों के मन में जन्म लेगा और सब कुछ बदला-बदला सा नहीं, बदला हुआ होगा। यह आश्वासन मेरा नहीं, अपने देश के तपस्वी और त्रिकालदर्शी सिद्ध पुरुषों का है।

हम, हमारा समाज और राष्ट्र परेशान क्यों हैं? केवल इसलिए कि व्यक्ति समाज और राष्ट्र जीवन का उलझा हुआ संबंध अभी तक सुलझ नहीं पाया, उसे व्यवस्थित नहीं किया गया, उसे व्यवस्थित नहीं किया जा सका। विकास की दिशा निश्चित नहीं की जा सकी। श्रीराम आज व्यक्ति समाज और राष्ट्र के जीवन चरित्र के रूप में एक बार सबके सामने खड़े हैं। विकास की अपराधी अवधारणा की कलई खुलने लगी है और उलझा संबंध अब सुलझने सुधरने लगा है। गत 76 वर्षों में यह प्रथम बार हुआ है कि सत्तातंत्र और राजनीति अर्थतंत्र की जमीन से आस्था की भूमि की ओर मुड़ रही है। अर्थतंत्र में उलझी राजनीति श्रीराम की जनआस्था पर आरूढ़ होकर चिरगुलामी और गुलामी के प्रतीकों से मुक्त हो रही है। अर्थतंत्र ने ही इस देश को मुगलों और अंग्रेजों की गुलामी में जकड़कर उनकी सत्ता की स्थापना की थी। मुगलों की विलासिता और अंग्रेजों की लूट ने देष को कंगाल और कमजोर किया। भारत की राजनीतिक दासता का दोषी अर्थतंत्र है। जो लोग पैसे को ही परमेश्वर मानते हैं, उनके ही आश्रम में कांग्रेस कल्चर का विकास हुआ है। देश की राजनीति का अर्थ से आस्था की ओर मुड़ना एक शुभ संकेत है। अर्थ दासता, लोभजनित कुण्ठा और क्रूरता को जन्म देता है, उसका आयाम बहुत सीमित है। आस्था का आयाम बहुत बड़ा और बहुत व्यापक है। आस्था का तप-त्याग, सेवा-समर्पण, मैत्री और बंधुता को बोध है। उसमें अपनत्व है, सबको आत्मवत समझने की सहज प्रवृत्ति है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1920 में 19 जनवरी के दिन ही फ्रांस में अलेक्जेंडर मिलरैंड ने सरकार का गठन किया था। 1927 में आज ही के दिन ब्रिटेन ने अपनी सेना को चीन भेजने का निर्णय लिया था। 1949 में 19 जनवरी के दिन ही इजरायल को कैरेबियाई देश क्यूबा ने मान्यता दी थी। 1960 में आज ही के दिन जापान और अमेरिका के बीच आपसी सुरक्षा समझौता हुआ था। 1966 कांग्रेस पार्टी ने भारत के प्रधानमंत्री पद के लिए इंदिरा गांधी को अपना नेता चुना। इंदिरा गांधी भारत की चौथी प्रधानमंत्री चुनी गयी। इंदिरा गांधी भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु की इकलौती बेटी थी। 1975 में आज ही के दिन हिमाचल प्रदेश में भूकंप आया था।1977 में 19 जनवरी के दिन ही समुद्र तटों के लिए प्रसिद्ध अमेरिका के मिआमी शहर में पहली बार बर्फगिरी थी। 1986 में आज ही के दिन पहला कंप्यूटर वायरस 'सी.ब्रेन' सक्रिय किया गया था। 2005 में 19 जनवरी के दिन ही सानिया मिर्ज़ा लॉन टेनिस के 'ऑस्ट्रेलिया ओपन' के तीसरे दौर में जाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थीं।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) किस दिल्ली सल्तनत ने सिजदा (साष्टांग प्रणाम) प्रथा प्रारम्भ किया था?

2) लहसुन में कौन-सा तत्व पाया जाता है?

3) किसने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान भूमिगत कांग्रेस रेडियो का संचालन किया था?

4) राष्ट्रीय पक्षी दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

5) जनवरी 2024 में किस राज्य की लांजिया सौरा पेंटिंग को जीआई टैग प्रदान किया गया है?

उत्तरमाला- (1) बलबन (2) डाइएलिल सल्फाइड (3) डॉ राम मनोहर लोहिया और उषा मेहता (4) 05 जनवरी (5) ओडिशा

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:21, सूर्यास्त : 05:55, चन्द्रोदय : 11:47, चन्द्रास्त : 25:17,

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी, नक्षत्र : भरणी, योग : साध्य, प्रथम करण : विष्टि (09:22 तक), द्वितीय करण : बव (20:44 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:06 से 12:48, अमृत काल : 19:57 से 21:30, सर्वार्थसिद्धि योग, 07:13 से 26:58, रवियोग : 26:58 से 31:13, विजय मुहूर्त : 14:12 से 14:54, गोधूलि मुहूर्त : 17:38 से 18:06, सायाह्न सन्ध्या : 17:41 से 19:02, निशिता मुहूर्त : 24:00 से 24:54, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 07:13 से 08:32, होमाहुति : शुक्र, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : पाताल (20:44 से पृथ्वी), भद्रावास : स्वर्ग (09:22 तक), चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : श्मशान में (20:44 से गौरी के साथ)

शुभ यात्रा दिशा

पूर्व-उत्तर (दही का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, नाम भरणी नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (ली, लू, ले, लो) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः मन मे चंचलता बढ़ने के कारण आज आपका स्वभाव पल पल में बदलेगा किसी भी कार्य मे अनिर्णय की स्थिति बाधा डालेगी जिससे कार्यो में विलंब होगा।

वृषः आज का दिन विपरीत फलदायक है स्वभाव की मनमानी आज किसी न किसी रूप में हानि कराएगी।

मिथुनः आज का दिन लाभदायक रहेगा लेकिन ध्यान रहे आपका व्यवहार होने वाले लाभ को कम या अधिक करने में महत्वपूर्ण भूमिका रखेगा।

कर्कः आज का दिन शुभफलदायक रहेगा।

सिंहः आज का दिन साधारण रहेगा दिन के पूर्वार्ध में स्वास्थ्य ठीक रहने पर भी आलस्य के कारण कार्यो में विलंब होगा हड़बड़ी करने पर नुकसान होने की संभावना है।

कन्याः आज का दिन सेहत को लेकर परेशान रहेंगे। घर मे मौसमी बीमारियों के कारण सर्दी जुखाम से कोई ना कोई परेशान रहेगा दैनिक कार्य भी विलंब से होंगे।

तुलाः आज के दिन भागदौड़ लगी रहेगी दिन के आरंभ से ही आकस्मिक यात्रा की योजना बनेगी इसके अंत समय पर टलने की संभावना भी है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिये मिश्रित फलदायक रहेगा। पूर्व में किसी गलती को लेकर मन मे ग्लानि होगी लेकिन सुधार करने की जगह दोबारा वही गलती करने पर किसी से अनबन के साथ शत्रुओ में वृद्धि भी होगी।

धनुः आज आप प्रत्येक कार्य बुद्धि विवेक से करेंगे लेकिन पूर्व में बरती अनियमितता के कारण आज शत्रु पक्ष प्रबल रहेंगे।

मकर : आज का दिन आपके लिये प्रतिकूल रहेगा दिन के आरंभ से ही किसी से कहासुनी की संभावना रहेगी।

कुंभः आज के दिन आपके मन मे उधेड़ बुन लगी रहेगी जो करना चाहेंगे उसे नही कर पाएंगे उल्टे जिस का को करने से चिढ़ते है मजबूरी में वही करना पड़ेगा।

मीनः आज के दिन आपको उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा आपका स्वभाव आज संतोषी ही रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -308

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 307 का हल

मै	दा	न	■	स	र	ग	म	■
त्री	■	सी	■	■	क्षा	■	धु	र्रा
■	सा	ह	स	■	■	■	र	■
स्वा	ग	त	■	स	म	झौ	ता	■
व	र	■	■	र	■	■	■	म
लं	■	वि	ला	स	■	■	दा	म
बी	न	■	ज	■	सा	मा	न	ता
■	ज	■	वा	हि	या	त	■	■
त	र	की	ब	■	ना	■	खा	ली

जनप्रतिनिधियों ने हाथों में थामा झाड़ू, मंदिर परिसर में की सफाई

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अयोध्या में विराजित होने वाले श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह पूरे देशभर में है और इसकी उत्सव मनाने की तैयारी जोरों पर है जिसके तहत प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे है। इसी परिपेक्ष्य में आज बैगापारा स्थित नगर की प्राचीन शीतला माता मंदिर में राज्यसभा सांसद व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय सहित जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, विधायक गजेन्द्र यादव के साथ भाजपा नेताओं, पार्षदों एवं कार्यकत्ताओं के व्दारा संयुक्त रूप से मंदिर परिसर की साफसफाई किया गया। इस दौरान शीतला माता की विशेष पूजा अर्चना कर लोगो की स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना भी किया गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नेताओं ने मंदिर प्रांगण, ज्योति कक्ष परिसर के साथ साथ ऊपर लगे घंटियों के अलावा तीनो व्दारों का भी साफ सफाई किया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने जय श्रीराम के भी जयघोष करते रहे साफ सफाई के दौरान पूर्व महापौर

चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, विनायक नातू, कांतिलाल जैन, वरिष्ठ नेता शिव चंद्राकर दिनेश देवांगन नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। सांसद पाण्डेय ने 22 जनवरी को देश के इतिहास का स्वर्णिम दिन बताते हुए कहा की ईस दिन की प्रतीक्षा देव मानव सभी को है क्योंकि सैकड़ों वर्ष बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम विराजने वाले है इसकी दीपोत्सव के लिए ही पूर्व से मंदिरो में साफ सफाई किया जा रहा है जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा व विधायक गजेंद्र यादव ने भी लोगो से स्वच्छता अभियान में शामिल होने की अपील की है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व 21 जनवरी तक देश के तीर्थ स्थानों एवं मंदिरों की साफ-सफाई करने और स्वच्छता का अभियान चलाने की अपील की है। वहीं निगम क्षेत्रांतर्गत स्वच्छ तीर्थ योजना के तहत लगातार पूरे शहर के समस्त मंदिरों व धार्मिक स्थलों में साफ -सफाई की जा रही है। सुबह महापौर धीरज बाकलीवाल ने पार्षदों व आम नागरिकों के साथ हाथ मे झाड़ू लेकर साफ सफाई कर पूरे मंदिर परिसर के अंदर और मंदिरों के बाहर सीढ़ियों में पोछा लगाया। श्री बाकलीवाल ने श्री जलाराम सांस्कृतिक भवन परिसर में माँ शीतला सतरूपा मंदिर में झाड़ू लगाकर साफसफाई कर मंदिर परिसर में पोझा लगाकर साफ किया। इस दौरान उन्होने कहा कि पीएम मोदी ने 22 जनवरी तक सभी मंदिरों देवालयों की सफाई का आह्वान किया है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। पूरे देश में उत्साह का माहौल है। उसी तरह दुर्ग शहर में भी गजब का उत्साह देखा जा रहा है। सभी लोग एकजुट होकर मंदिरों की साफसफाई में लगे हुए है।

न्यूज गैलरी

चोर गिरोह से 22 दुपहिया वाहन जब्त

दुर्ग। पुलिस ने अंतर जिला वाहन चोर गिरोह के 3 सदस्यों को पकड़ने में सफलता पाई है। आरोपियों के कब्जे से कुल 22 दुपहिया वाहन बरामद किया गया है। जब्त वाहनों की कीमत 14 लाख 70 हजार रुपए बताया जाता है। एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग व थाना मोहन नगर, पुलगांव, पद्यमनाभपुर की संयुक्तकार्रवाई की है। जिले में लगातार वाहन चोरी की घटनाएँ घटित हो रही थी जिसे अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग के द्वारा वाहन चोरी के मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की शीघ्र पतासाजी एवं माल बरामदगी हेतु निर्देश दिए गए थे। जुमला कीमती 14.70 लाख रू. की मशरूका को बरामद कर जप्त किया गया। अग्रिम कार्यवाही संबंधित थानों से की जा रही है।

संभाग स्तरीय बैठक में बनाएगी रूपरेखा

दुर्ग। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु रामलला की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से प्राण प्रतिष्ठा उपरांत 25 जनवरी से 25 मार्च 2024 के बीच स्पेशल ट्रेन के माध्यम से राम भक्तों का जत्था राम मंदिर दर्शन के लिए जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि रामलला के दर्शन के इच्छुक भक्तगण छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से जाएंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है और इसी परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार 19 जनवरी को दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 1:00 बजे संभाग स्तरीय बैठक जिला भाजपा कार्यालय में आहूत की गई है, जिसमें राम मंदिर दर्शन समिति के प्रदेश संयोजक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक और संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे साथ ही प्रदेश भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

ऑपरेशन कर बचाई महिला की जान

दुर्ग। जिला चिकित्सालय में एक गर्भवती महिला निवासी स्टेशन मरोदा 17 जनवरी को समय दोपहर 12 बजे जिला चिकित्सालय दुर्ग के एमसीएच विंग में भर्ती हुई। सिविल सर्जन डॉ. साहू के अनुसार जांच में पाया गया कि उनक बच्चादानी फट गया है, चिकित्सालय के डॉ बी.आर साहू स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 17 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे बिना किसी विलम्ब के उनका आपरेशन कर जननी की जान बचाई गई इस आपरेशन में डॉ बसंत चौरसिया निःश्चेतना विशेषज्ञ द्वारा मरीज को बेहोश कर आपरेशन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

वीडियो कान्फेंसिंग से की समीक्षा

दुर्ग। सचिव (मंत्रीमण्डल), राष्ट्रपति भवन, भारत सरकार नई दिल्ली की अध्यक्षता में केन्द्रीय परियोजनाओं प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप पीएमजी के लंबित बिन्दुओं के संबंध में वीडियो कान्फेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी भी मौजूद थी। सचिव ने कलेक्टर को आईआईटी, भिलाई कैम्पस में आवासीय परिसर हेतु भूमि की वैकल्पित व्यवस्था संस्थान के निकट करने के निर्देश दिए। बताया कि आईआईटी कैम्पस में आवासीय परिसर के लिए भूमि चयन प्रक्रियाधीन में है।

घटिया क्वालिटी की साड़ी लेने से आंबा कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने किया इनकार

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ियों में काम करने वाली सहायिका एवं कार्यकर्ताओं को राज्य शासन के द्वारा साड़ी परिधान दिया जा रहा है। यह साड़ी काफी गुणवत्ताहीन के साथ साथ पारदर्शी भी है। आज आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का आक्रोश देखने को मिला। यह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका साड़ी को लेने से इनकार कर दिया है। वहीं आज महिला बाल विकास विभाग के पाटन परियोजना अधिकारी सुमित गंडेचा को ज्ञापन सौंपा है जिसमें बताया गया है की साड़ी की गुणवत्ता किस कदर खराब है। पारदर्शी होने के पहनने से लज्जा

भी महसूस हो सकती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा अभी दिए जा रहे साड़ी का पहनने से विरोध किया है। क्योंकि यूनीफार्म (साड़ी) गुणवत्ताहीन एवं पारदर्शी (पतला) होने के कारण इसे पहनने में लज्जा एवं असहज महसूस कर रही है, लिहाजा सभी कार्यकर्ता व सहायिका ने सर्वसहमति से यूनिफार्म को लेने से इंकार किया है। कार्यकर्ताओं ओर सहायिकाओ ने बताया की शासन द्वारा प्रति साड़ी 400 रूपये भुगतान किया जाता है और अभी जो साड़ी दिया जा रहा है वह 100 रूपये के भी लायक नहीं है। इसलिए शासन द्वारा जितना राशि दिया जाता है उसके हिसाब से यूनिफार्म दिया जाय। ज्ञापन में कहा है कि इस गुणवत्ताहीन यूनिफार्म (साड़ी) को वापस कर अच्छी गुणवत्त का यूनीफार्म दिया जाए तब तक यूनीफार्म पहनने का दबाव न दिया जाए। महिला बाल विकास के पाटन परियोजना में कुल 267 आंगनबाड़ी स्थित है। इन आंगनवाड़ी केंद्रों में एक-एक कार्यकर्ता एवं सहायिका पदस्थ है ऐसे में इनकी संख्या 5 साल से भी अधिक है। जिस हिसाब से साड़ी को दिया जा रहा है उसकी गुणवत्ता को लेकर भी काफी आक्रोश नजर आ रहे हैं। वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के पदाधिकारी ने यह भी बताया है कि जिस साड़ी को दिया जा रहा है उसी को स्वीपर महिलाओं को भी दिया है।

गौरव दिवस के अवसर पर सुरेश वाडकर नाइट

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल 24 जनवरी को अपने स्थापना काल का उत्सव मना रही है। गौरव दिवस के इस अवसर पर, भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में, क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा सुरेश वाडकर नाइट का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 24 जनवरी को भिलाई क्लब के रॉयल क्रिस्टल गार्डन में, संध्या 7:30 बजे से किया जायेगा।

इस विशेष संगीत संध्या में पद्मश्री सम्मानित, बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक सुरेश वाडकर द्वारा लोकप्रिय व चर्चित गीतों की मधुर प्रस्तुति दी जायेगी। जहाँ सभी उपस्थित जन श्री वाडकर की मधुर आवाज में संगीत का आनंद ले सकेंगे। यह आयोजन भिलाई के संगीत प्रेमियों को समर्पित है। आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है। सेल अपने स्थापना काल से ही इस्पात उत्पादन और देश के विकास में भागीदार रहा है। सेल लोककला, संगीतकला आदि क्षेत्रों में ना सिर्फकाम कर रही है, अपितु प्रतिभाशाली व राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों का हमेशा सम्मान भी किया है। सुरेश वाडकर एक भारतीय पार्श्व गायक हैं। इन्होंने भोजपुरी फिल्मों, उड़िया एल्बम, भजन और कोंकणी फिल्मों में भी गाने गाए हैं। वे मैं हूँ प्रेम रोगी, मेरी किस्मत तू, मैं ही मैं हूँ, लगी आज सावन की, ओ प्रिया प्रिया आदि चर्चित गानों हेतु, इन्हें सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्वगायक के लिए नोमिनेट भी किया गया था। इसके अलावा उनके कई भक्तिपूर्ण गाने भी लोकप्रिय हुए हैं।

राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुरु

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। हमर कुम्हारी राज्य स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता स्थानीय मिनीमाता स्टेडियम में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने किया। इस दौरान पार्षद थनेश पटेल, मनहरण यादव, जानकी ध्रुव, ललिता सोनकर, ओमप्रकाश यादव, लेखराम साहू व अन्य उपस्थित थे। खेल प्रारंभ करते हुए श्री सोनकर ने बॉलिंग और बैटिंग किया।

प्रतियोगिता में भाग लेने प्रदेशभर से 14 वर्ष के खिलाड़ी पहुंचें हैं। गौरतलब है कि 8 अलग- अलग टीमों के बीच 18 जनवरी से 2 फरवरी तक लगातार 16 दिनों तक 40-40 ओवर की ड्यूस बॉल से लीग मैच खेली जाएगी। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक एवं एनआईएस क्रिकेट कोच शबाब कुरैशी ने बताया कि ड्यूस बॉल की यह पहली प्रतियोगिता है। उद्घाटन मैच प्रातः 9 बजे टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी रायपुर और मनिग्रीवी क्रिकेट एकेडमी रायपुर के मध्य खेला गया जिसमें टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी रायपुर ने दस विकेट से बड़ी जीत दर्ज की । ऑल राउंडर विष्णु दत्त को मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार रविन्द्र कुमार थापा सचिव प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी द्वारा प्रदान किया गया।

सांसद व विधायक ने किया प्रतिमा अनावरण

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। नगर पालिक निगम स्थित मैत्री नगर वार्ड में शहर के प्रथम परशुराम चौक पर लगे प्रतिमा का अनावरण किया गया। सांसद विजय बघेल व विधायक ललित चंद्राकर ने प्रतिमा का अनावरण किया। ट्वीनसिटी का यह पहला चैक है जहां परशुराम की प्रतिमा स्थापित की गई है। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के चार दिन पूर्व निगम द्वारा तैयार किए परशुराम चौक पर लगे भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण देर शाम किया गया। इस अवसर पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि यह रिसाली निगम व छत्तीसगढ़ प्रदेश के नागरिकों के लिए हर्ष की बात है कि प्रतिमा का अनावरण दिन विशेष के कुछ दिन पहले हो रहा है। यह हम सब के लिए सौभाग्य है। वहीं विधायक ललित चंद्राकर ने सब के आराध्य परशुराम प्रतिमा अनावरण पर बधाई दी। विधायक ने कहा कि परशुराम भगवान के अवतार थे। सीता स्वयंवर में श्रीराम जी ने भगवान परशुराम का ही धनुष तोड़ माता सीता से विवाह किया था। खास बात यह है कि अयोध्या में चार दिन बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। उसके ठीक पहले हम अपने आराध्य की प्रतिमा का अनावरण कर रहे है। इस दौरान महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र शेण्डे, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर, एमआईसी अनूप डे, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, पार्षद सुनंदा पप्पू चंद्राकर, मनीष यादव, विधि यादव, धर्मेन्द्र भगत, माया यादव, रमा साहू, ममता सिन्हा, सविता ढवस, हरिश नायक, सारिका साहू, डॉ. सीमा साहू, जमुना ठाकुर एवं परशुराम विप्र सेवा समिति अध्यक्ष सुभाष तिवारी समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। निगम ने परशुराम विप्र सेवा समिति के अनुरोध पर यह चौक का निर्माण किया। चौक व प्रतिमा स्थापना में 16 लाख रूपए खर्च की गई है। तीन माह पूर्व चैक निर्माण करने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भूमिपूजन किया था।

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202401101600071/
विषयः ब-121/ सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

दादर प.ह.न. 00010 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार -
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कक्कड़ पिता महेन्द्र कुमार कक्कड़ निवासी तमेरपारा दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम दादर प.ह.न. 11 रा.नि.मं. कुम्हारी तह. भिलाई-3 व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 674/7 रकबा 0.1150 हे. 12380 वर्गफीट भूमि के भूस्वामी आवेदक द्वारा उक्त भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किए जाने बाबत् मय आवेदन इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो तिथि दिनांक 30.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रुप में आपनी आपत्ति पेश कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202401101600067/
विषयः ब-121/ सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

जामुल प.ह.न. 00001 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - महेन्द्र कुमार, अनावेदक पक्षकार- राजस्व विभाग

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र कुमार पिता कुंदनलाल कक्कड़ निवासी तमेरपारा दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम दादर प.ह.न. 11 रा.नि.मं. कुम्हारी तह. भिलाई-3 व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 674/1 रकबा 0.1150 हे. 12380 वर्गफीट भूमि के भूस्वामी आवेदक द्वारा उक्त भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किए जाने बाबत् मय आवेदन इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो तिथि दिनांक 30.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रुप में आपनी आपत्ति पेश कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.202401104100055
/अ-21/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि माननीय अनुविभागीय अधिकारी रा. दुर्ग के माध्यम से पत्र क्रमांक-5172 दिनांक 22.11.2023 के अनुसार आवेदक बाबूलाल ध्रुव पिता मंगलूराम ध्रुव निवासी म.न. 27/डी सड़क नं. 27 सेक्टर-4 भिलाई तह. व जिला दुर्ग, 2 श्री बद्रीप्रसाद साहू पिता श्री राजाराम साहू निवासी मिनाक्षी नगर दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम बोरई प.ह.न. 01 रा.नि.मं. दुर्ग भूमि खसरा नंबर 830/1 रकबा 0.4000 को विक्रय करने का सौदा इकरार किया गया है। विक्रेता बाबूलाल ध्रुव अपनी पुत्री की शादी खर्च, मकान निर्माण व मरम्मत तथा शासकीय कर्ज अदा करने कृषि तरक्की रकम की आवश्यकता होने से क्रेता बद्रीप्रसाद के पास 6.20.000 रु का सौदा कर आवेदन जांच एवं प्रतिवेदन हेतु न्यायालय कलेक्टर दुर्ग के माध्यम से प्राप्त हुआ है। अतः भूमि को विक्रय करने की अनुमति चाही गई है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति/दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 29.01.2024 तक स्वयं अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.01.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर | नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.202401104100067
/अ-21/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि माननीय अनुविभागीय अधिकारी रा. दुर्ग के माध्यम से पत्र क्रमांक-132 दिनांक 04.01.2024 के अनुसार आवेदक बाबूलाल ध्रुव पिता मंगलूराम ध्रुव निवासी म.न. 27/डी सड़क नं. 27 सेक्टर-4 भिलाई तह. व जिला दुर्ग, 2 श्री बद्रीप्रसाद साहू पिता श्री राजाराम साहू निवासी मिनाक्षी नगर दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम बोरई प.ह.न. 01 रा.नि.मं. दुर्ग भूमि खसरा नंबर 1191/2 रकबा 0.6800 को विक्रय करने का सौदा इकरार किया गया है। विक्रेता बाबूलाल ध्रुव अपनी पुत्री की शादी एवं अन्य जगह खेती जमीन एवं घर बनाने हेतु रकम की सक्त आवश्यकता होने से क्रेता बद्रीप्रसाद के पास 11.00.000 रु का सौदा कर आवेदन जांच एवं प्रतिवेदन हेतु न्यायालय कलेक्टर दुर्ग के माध्यम से प्राप्त हुआ है। अतः भूमि को विक्रय करने की अनुमति चाही गई है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति/दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 05.02.2024 तक स्वयं अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.01.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर | नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.61/अ-20(1)/ वर्ष 2023-24

आवेदिका श्रीमती प्रीतमा गुप्ता पिता/पति स्व. रामदेव गुप्ता निवासी नेहरुनगर भिलाई के द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रं. 15 प्लाट नं. 05 रकबा 505.764 वर्गमीटर भूमि धारक प्रीतमा गुप्ता के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/धारक द्वारा उक्त भूखण्ड को छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ-04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशो के अनुक्रम में शासन की शर्तो के अनुरुप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी का अधिकार प्रदाय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को दावा/आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31.01.2024 कों या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावें। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.01.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर | नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202401101600076/
विषयः अ-3/ सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

जंजगिरी प.ह.न. 00011 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - गुरुबक्ष सिंग छाबड़ा भटनागर
अनावेदक पक्षकार- राजस्व विभाग

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वल्ड ऐक्सीलेंस प्रा.लि. आनंद नगर जुनवानी मोतीलाल नेहरुनगर भिलाई द्वारा डायरेक्टर गुरुबक्ष सिंह छाबड़ा पिता रतनसिंग छाबड़ा निवासी आनंद नगर स्मृतिनगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा जंजगिरी प.ह.न. 11 रा.नि.मं. कुम्हारी जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि ख.न 600/1, 600/10, 600/19, 600/24, 600/59, 600/4, 600/13, 600/30, 600/33, 600/52, 600/53, 600/57, 600/47, 600/58, 600/108 कुल खसरा 15 रकबा कुल 1.213 हे. भूमि के भूस्वामी आवेदक द्वारा अपने स्वयं की भूमि जो कि राजस्व नक्शे में आपस में एक ही जगह पर होने आवेदक द्वारा आवेदित सभी भूमियों का खसरा संविलियन किए जाने बाबत् मय आवेदन इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो तिथि दिनांक 08.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रुप में आपनी आपत्ति पेश कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.08 /अ-20(3)/ वर्ष 2023-24

आवेदक विनय गडकर आ. स्व. व्ही.के. गडकर निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एल.आई.जी. 08 क्षेत्रफल 96 वर्गमीटर भूमि धारक व्ही.के. गडकर आ. के.व्ही. गडकर निवासी हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 23.01.2019 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री विनय गडकर, विनी, राकेश जोशी है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई 31.01.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावें। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.01.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर | नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील पाटन प.ह.न. 00003 अमलेश्वर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430301400015

तहसील पाटन के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम अमलेश्वर के वर्तमान भूमिस्वामी विमलचंद पिता/पति मानिकलाल पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 2/2 (0.7657) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गुलाबचंद नंदनवार वर्मा पिता/पति स्व. श्री एकनाथ नंदनवार पता सीबी 93 रतननगर जबलपुर मप्र तह. पाटन जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.02.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार पाटन पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202401100900036
/अ-6अ/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम केसरा प.ह.नं. 39 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मुकुंदराम सिन्हा पिता किसुनराम सिन्हा निवासी अभनपुर द्वारा ग्राम केसरा प.ह.न. 39 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित क्रय शुदा भूमि खसरा नं. 452/3 रकबा 0.16 हे. का ऋण पुस्तिका जारी होना किन्तु ऑनलाईन अभिलेख दुरुस्त नही होने से आवेदक अपने नाम ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज कर राजस्व अभिलेख किए जाने आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक मुकुंदराम सिन्हा पिता किसुनराम सिन्हा निवासी अभनपुर के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड दुरुस्त किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 05.02.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.01.2024 को जारी किया जाती है।

मुहर | तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका पुष्पा एम्ब्रोस पिता/पति के.जे. चेरीयन निवासी ग्राम बोरसी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 35/5 रकबा 0.0330 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार क्रेता के.जे. चेरियन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202312100400040
/अ-06/ सन्- 2023-24

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सज्जन कुमार विश्वकर्मा आ. पदुमन विश्वकर्मा साकिन एचआईजी 221 हाउसिंग बोर्ड भिलाई द्वारा ग्राम.. प.ह.न. .. तहसील व जिला दुर्ग मे उसके नाम पर भूमि खसरा नं. 1548/36 रकबा 0.040 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से क्रय किया था, जिसका नामांतरण पश्चात ऋण पुस्तिका प्राप्त हो गया था, परंतु वर्तमान अभिलेख में ऑनलाईन विक्रेता का ही नाम दर्ज है उनके नाम के आवेदक के नाम को सुधार किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय दुर्ग के न्यायालय में आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को नाम अभिलेख त्रुटि को सुधार किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 24.01.2024 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 08.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर | अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202401100700091
/अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रद्धा श्रीवास्तव पिता/पति स्व. राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव निवासी ग्राम पद्मनाभपुर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 273/92 शा. 274/89 रकबा 0.019 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार क्रेता राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ऋतु ताम्रकार पिता स्व. दीपक कुमार निवासी टोल चौक रिसाली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 258/38 का भाग रकबा 0.0813 हे. 1200 वर्गफीट भूमि को विक्रेता श्रीमती कमला राठौर पिता/पति एस.के राठौर निवासी ग्राम एचआईजी 2/28 दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.12.2023 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तामेश्वर सिन्हा आ. बैशाखूराम सिन्हा निवासी हरिनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 47/83 रकबा 0.0060 हे. भूमि जो कि स्व. शांताबाई सिन्हा पति स्व. बैशाखूराम सिन्हा के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-74/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार कोठारी पिता स्व. बुटंगप्रसाद कोठारी निवासी कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न 4 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 870/1, 2372 रकबा 0.2100, 0.0800 हे. भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 05.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.01.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर | नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430107400023

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी निर्मला लांजेवार पिता/पति अभिषेक लांजेवार पता म.न. 1 वार्ड क्रं. 11 बुद्ध कुटी के पास शंकरनगर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 4/217(0.0210) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अभिषेक लांजेवार पिता/पति घनश्याम लांजेवार पता वार्ड क्रं. 11 गली नं. 03 बुद्ध कुटी के पास शंकरनगर तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02.02.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर | नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

महिला नेट बाल में भाटापारा विजेता

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा की महिला नेटबाल टीम ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद को 16/03 से पराजित कर ,पं . रविशंकर विश्वविद्यालयीन अन्तरगत महाविद्यालयीन नेटबाल (महिला)विजेता बनी।यह प्रतियोगिता श्रीमती प्रमिला गोकुल दास डागा कन्या महाविद्यालय रायपुर में आयोजित थी।क्रीडा प्रभारी अधिकारी जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में गई इस टीम ने निरंतर पांच साल से विजयी रथ को बरकरार रखा है इस टीम के सदस्य पं.रविशंकर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी । नेटबाल महिला विजेता बनने पर शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा के प्राचार्य डॉ श्रीमती पूर्णिमा साहू ने जी एन ए परिवार एवं नेटबाल महिला टीम एवं कोच शरद पंसारी व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा वि ख भाटापारा निर्मल जांगड़े व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बधाई दी है तथा चयनित खिलाड़ियों को अन्तर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

जल जीवन मिशन के गड्ढों से लोग परेशान

भटगांव/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ विधानसभा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत घरों तक नल पहुंचाने के लिए खोदे गए गड्ढे दुरुस्त नहीं किए गए हैं। जिससे लोगों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। बिलाईगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत के लोगों ने बुधवार को बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरें से उनके निवास स्थान में मुलाकात कर पीएचई विभाग की शिकायत की है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव-गांव में जल जीवन मिशन के तहत लोगों के घरों तक जल पहुंचने के लिए गड्ढे खोद दिए गए हैं और सालों से इसी प्रकार गड्ढों को छोड़ दिया गया है जिसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इस पूरे मामले में ग्रामीणों की शिकायत मिलने के बाद बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरें ने कहा कि जल्द ही लोगों की समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर किया जाएगा। पीएचई विभाग के एसडीओ मनोज दाकोडे ने कहा की कई गांव में पानी की टेस्टिंग के बाद गड्ढे भर दिए गए हैं वहीं कई गांव में कार्य चल रहा है जहां-जहां इस प्रकार से विशेष रूप से शिकायत मिल रही है वहां भी हम मरम्मत का कार्य कर देंगे। इसके साथ ही कई जगहों पर गढ्ढों की वजह से गाड़ी फंसने की अगर शिकायत मिल रही है तब वहां भी विशेष रूप से सीसी रोड का मरम्मत कर दिया जाएगा ।

54 कट्टा अवैध धान खाद्य विभाग ने किया जब्त

नगरी/नवप्रदेश। ओडिशा से धान खपाने के लिए पिकअप में ला रहे 54 कट्टा धान को खाद्य और राजस्व अमला ने पकड़ा है। इससे वनांचल में धान कोचियों में हड़कंप मच गई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को अब गिनती के दिन शेष रह गए हैं। ओडिशा से छत्तीसगढ़ धान ला रहे पिकअप वाहन से 54 कट्टा धान व वाहन जब्त किया गया है। मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। एक पिकअप से 54 कट्टा अवैध धान परिवहन करते पाया गया। वाहन और धान को जब्त कर बोरई थाना के सुपुर्द किया गया। एक अन्य मामले में एक मेडाडोर बस्तर के रास्ते से बगैर मंडी व दस्तावेज के धान परिवहन करते सिहावा में पकड़ा गया। गुरुवार को एसडीएम गीता रायस्त धान खरीदी केन्द्र निरीक्षण करने पहुंची थी। नगरी के बेलरगांव स्थित वैभव ट्रेडर्स से 40 कट्टा धान जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। वहीं धान खरीदी केन्द्र फरसियां में ग्राम मटियाबाहरा की किसान अंजूबाई द्वारा धान बिक्री के दौरान सत्यापन में जिला गरियाबंद से अवैध रूप से 50 कट्टा धान लाना पाया गया।

मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची मल्हारी

नगरी/नवप्रदेश। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम मल्हारी और ग्राम सिरसिदा पहुंची। जहां गाड़ी के आगमन पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया। जहां हितग्राहियों को लाभ पहुँचाया गया। मल्हारी में मुख्य वक्ता मोहन पुजारी थे। सिरसिदा में मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री प्रेमलता नागवंशी थी। उन्होंने मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में बताया और सराहा कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरसिंह मरकाम, अ.ज.जा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र नेताम, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुलोचना साहू, जनपद सभापति श्यामंत बीसेन, सिरसिदा सरपंच दिशा ध्रुव मल्हारी सरपंच विद्या ध्रुव, युवा मोर्चा विधानसभा प्रभारी किशोर देवानंद, युवा मोर्चा बेलर मंडल अध्यक्ष मोनू साहू, बूथ अध्यक्ष भूपेश साहू, युवा मोर्चा मंडल मंत्री राकेश निर्मलकार, सरपंच दिशा ध्रुव पूर्व सरपंच सौहद्रा नेताम, पूर्व सरपंच टेश्वर ध्रुव , बलराम ध्रुव , चंद्रभान साहू, चित्रांश नागवंशी, दानवीर मरकाम सहित जनप्रतिनिधि कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

संत कबीर के संदेश आज ज्यादा प्रासंगिक : टंकराम

■ उनको पढ़ने की नहीं जीवन में आत्मसात करने की है जरूरत

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। कबीर पंथ समाज बलौदाबाजार भाटापारा इकाई द्वारा गुरुवार 18 जनवरी को स्थानीय षष्ठी मंदिर परिसर में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,जनपद पंचायत अध्यक्ष योगेश सुमन वर्मा,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल पूर्व पालिका अध्यक्ष अशोक जैन,नंदकुमार साहू, शिक्षाविद खोड़स राम कश्यप,टेसू लाल धुरंधर,विजय केसरवानी उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने आरती में शामिल होकर संत कबीर साहेब का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा संत कबीर फक्कड़ थे। संत कबीर के जीवन दर्शन को अपनाते हुए हमें अपना जीवन जीना चाहिए। कबीर के दोहा एवं रचना आज भी जीवंत है आगे भी युगों युगों तक जीवंत रहेगा,आज के परिपेक्ष्य में उनको पढ़ने की नहीं बल्कि आत्मसात करने की ज्यादा जरूरत है। उनके एक एक रचना अनमोल है। इस दौरान श्री वर्मा ने कबीर के दोहे भी पढ़कर सुनाएं उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर कबीर पंथ समाज बलौदाबाजार भाटापारा के सभी पदाधिकारी,शहर के प्रतिष्ठित डॉ के के साहू, वकील रेवा राम साहू, सहित बड़ी संख्या में समाज नागरिक गण उपस्थित थे।

मोदी की सभी गारंटी होगी पूरी : रोहित

गरियाबंद/नवप्रदेश। एक दिवसीय प्रवास पर मैनपुर पहुंचे राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि बिंद्रानवागढ़ भाजपा का गढ़ रहा है। प्रदेश में भाजपा की सरकार है। इस क्षेत्र में विकास में कमी नहीं होगी। आम जनता की सभी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि राजिम के साथ ही बिंद्रानवागढ़ विधानसभा में भी वे शासन स्तर से हर संभव मदद करेंगे।

गौरतलब है कि गुरुवार को विधायक रोहित साहू गोहरापदर में आयोजित संकल्प शिविर में शामिल होने तथा सरकारी योजना के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानने मैनपुर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री संकल्प यात्रा को लेकर कहा की इस यात्रा का उद्देश्य समाज के अंतिम और पात्र व्यक्ति तक केंद्र सरकार की योजना का लाभ पहुंचाना है। एक छत के नीचे सरकार की 17 योजना का लाभ दिलाने संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहते हैं।

सभी का विकास करना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य : शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय भाव के साथ भाटापारा विधानसभा के ग्राम पंचायत तरेंगा में %विकसित भारत संकल्प यात्रा% के अंतर्गत लगाए शिविर का अवलोकन भाजपा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने किया एवं लाभार्थियों के साथ आत्मीय संवाद कर उन्हें भारत सरकार के योजनाओं के बारे में सार्थक जानकारियां मंच से दी।

उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के केंद्र सरकार की समस्त लोक-कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने की दिशा में हमारी भाजपा सरकार संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन 15 नवंबर पर झारखंड के खूंटी नामक स्थान से विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रारंभ किया था. यह यात्रा लगभग ढाई लाख पंचायत और 3600 नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत से होते हुए 25 जनवरी को समाप्त होगी. इन सभी ढाई लाख पंचायत और 3600 नगर निगमों में यह यात्रा होकर आएगी.शिवरतन शर्मा ने कहा कि इसका उद्देश्य है कि कोई भी लाभार्थी छूट न जाए, जिसको हमने लाभ पहुंचाया है वह लाभ उस तक पहुंचे और लाभ पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं आए. इसलिए सरकार उसके द्वार, सरकार उसकी पंचायत, सरकार उसके निगम में, सरकार उसके वार्ड में, पहुंचकर उसको याद कराए कि यह सुविधा आपको मिलनी है और आप इससे वंचित न रह जाओ इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई है. भारत को विकास की ओर ले चलना:भाजपा उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का नजरिया बड़ा स्पष्ट है कि अगर विकसित भारत बनाना है तो तो हमारे गांव आबाद होने चाहिए।

अवैध शराब के खिलाफ दिया धरना

तीन दिनों में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा शहर एवम ग्रामीण क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध शराब एवं नशीले पदार्थो की हो रही बिक्री को रोकने की मांग को लेकर एनएसयूआई युवा कांग्रेस के बैनर तले कांग्रेस ने एस डी एम आफिस के सामने धरना प्रदर्शन किया। विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में एस डी एम को ज्ञापन सौंपकर 3 दिन के भीतर कार्यवाही करने की मांग की।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि भाटापारा को धर्म नगरी के नाम से जाना जाता हैं। प्रशासन को बार- बार अवगत कराने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो रही हैं। नशा का कारोबार किसके संरक्षण में किया जा रहा हैं? विधायक ने कहा कि जल्द से जल्द कार्यवाही नहीं होने पर फरवरी में होने वाले विधानसभा सत्र में वो भाग नहीं लेंगे और अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठेंगे।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार शर्मा ने कहा युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। राधेश्याम शर्मा फग्गा महाराज ने कहा कि अगर प्रशासन अवैध कार्य करने वालों पर कार्यवाही नहीं करती हैं तो यह प्रदर्शन बड़े स्तर पर किया जाएगा। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विवेक यदु ने कहा कि गांवों में कोचिया शराब की बिक्री बड़े पैमाने में कर रहे हैं। इसमें आबकारी विभाग एवं प्लेसमेंट के कर्मचारियों की मिलीभगत हैं। जिस कारण बड़े पैमाने में अवैध शराब की तस्करी हो रही हैं। जिला महासचिव लालू मानिकपुरी ने कहा कि क्षेत्र में लगातार अवैध रूप से शराब बिक्री हो रही हैं जो कि काफ़ी चिंता जनक हैं। धरने में वरिष्ठ नेता राजकुमार शर्मा,पूर्व सांसद प्रतिनिधि ईश्वर सिंह ठाकुर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बसंत भृगु अरुण यादव अशोक ध्रुव गौरी भृगु पूर्णिमा श्रीवास डानी भाट कुमारी जांगड़े नानू सोनी राजू गुप्ता राधेश्याम शर्मा प्रदीप शर्मा सहित काफी संख्या में कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयूआई महिला कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

22 को जिले में दिनभर होंगे भक्तिमय धार्मिक कार्यक्रम

■ श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव को लेकर तैयारी जोरों पर

गरियाबंद/नवप्रदेश। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है। भगवान श्रीराम के घर लौटने पर दीवाली जैसा माहौल देखने को मिलेगा।

जिले में भी इस दिन को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने की तैयारी जोरों से जारी है। शहरों और गांवों के धार्मिक स्थलों मंदिरों में भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी है। इसके लिए चौक चौराहों को सजाने का काम शुरु हो गया है। इस मौके पर पीएम के आव्हान पर विधायक रोहित साहू ने भी जनता से सफाई अभियान में जुटने की अपील की है।

भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिले के विभिन्न चौक चौराहों में बड़े बड़े एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे। दोपहर 12 बजे से अयोध्या से श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम दिखाया जाएगा। आम जनता की सहभागिता के भाजपा कार्यकर्ता भी जोरो शोरो से जुटे हुए है।

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिला और ब्लाक मुख्यालय में 22 जनवरी को भव्य एवं मानसगान सहित वृहद भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 जनवरी से धार्मिक स्थलों, शहर और गांवों के देवालयों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार सभी धार्मिक स्थलो में सजावट, रंग रोगन, लाइटिंग एवं साज-सज्जा का कार्य भी जारी है।

राजिम विधायक रोहित साहू ने लोगों से सफाई अभियान में जुटने का आव्हान किया है। विधायक ने कहा कि 22 जनवरी भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह देश के लिए ऐतिहासिक दिन है। समूचे जिले में इसका उत्साह और उमंग दिखना चाहिए। उन्होंने लोगों से सभी धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता निभाने की अपील की है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू एवम महामंत्री अनिल चंद्राकर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र 22 जनवरी को श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। पूरे में देश में उत्साह है। भाजपा के केन्द्रीय और प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर भाजपा कार्यकर्ता घर घर दीपक जलाने, रंगोली सजाने, भजन कीर्तन आयोजन, गांव शहर को सजाने की तैयारी में जुट गए हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

250 साल पुराने राम जानकी ...

मंदिर के महंत दुर्गेश दास ने बताया कि यह मंदिर जिले में सबसे प्राचीन और इकलौता है। प्रभु श्रीराम की मूर्ति प्राचीन है तो वहीं माता सीता और लक्ष्मण की मूर्ति को 1955 में स्थापित किया गया। उनकी पुरानी मूर्तियां खंडित हो गई थी, लेकिन भगवान राम की मूर्ति आज भी सलामत है। राम, जानकी और लक्ष्मण तीनों की पूजा अर्चना एक साथ इस मंदिर में होती है।

गर्भगृह में आसन पर...

को निमंत्रण दिया गया है, लेकिन कांग्रेस समेत अन्य नेताओं द्वारा इसे बीजेपी और आरएसएस का कार्यक्रम बताकर जाने से इनकार किया गया है।

वडोदरा में नाव पलटी, 10 ...

मैं अपनी जान गंवाने वाले मासूम बच्चों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। दुःख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। दयालु ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति दे।

बिलकिस के 5 दोषियों ने ...

के 11 दोषियों को समय से पहले रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने कहा था- गुजरात सरकार दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी।

बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट में ...

चुनाव हुए थे। दोनों चरणों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। आईएएस विनीत नंदनवार को चुनाव के दौरान बेस्ट मैनेजमेंट के लिए सम्मानित किया जाएगा।

राम वन गमन पथ प्रोजेक्ट...

यहां के लोग उन्हें भांचा यानी भांजा मानते हैं। उन्होंने अपने वनवास का सबसे ज्यादा समय भी यहीं बिताया। श्रीराम यहां कोरिया से लेकर कोंटा तक 2226 किमी पैदल चले और 12 चातुर्मास किए। प्रदेश के उत्तर में सरगुजा से लेकर दक्षिण के सुकमा तक श्रीराम से जुड़े स्थानों की पूरी श्रृंखला मिलती है, जिनसे लोक आस्थाएं जुड़ी हुई हैं।

भाजपा-आरएसएस का ...

का लक्ष्य हर धर्म, हर जाति की जनता को एक करने का तो है, मगर इसमें हमने न्याय शब्द भी जोड़ा है। क्योंकि हम मानते हैं कि देश में, हर प्रदेश में भाजपा और आरएसएस अन्याय कर रहे हैं- आर्थिक अन्याय, सामाजिक अन्याय और राजनीतिक अन्याय। मणिपुर में आप जानते हैं, गृहयुद्ध जैसा माहौल बना हुआ है, पूरा राज्य बांट दिया गया है और प्रधानमंत्री आज तक मणिपुर नहीं गए। कांग्रेस नेता ने कहा कि नागालैंड से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़े वादे करते हुए नौ साल पहले एक समझौता पर हस्ताक्षर किए थे लेकिन अब तक उसे लागू नहीं किया गया है।

गरीबी घटने का सरकार ...

तो सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों दे रही है। प्रवक्ता ने कहा, नीति आयोग के इस दावे का समर्थन किसी भी थर्ड पार्टी ने क्यों नहीं किया। वर्ल्ड बैंक, आईएमएफ किसी ने तो यह बात मानी होती। नीति आयोग के गरीबी नापने के स्थापित मानक हैं ।

निरंतर प्रगति की ओर बढ़ ...

उन्होंने कहा की खबरों की विश्वनीयता नवप्रदेश ने बखूबी बनाई रखी है। हर खबर को जांच कर और हर तथ्यों को बारीकी से समझ कर ही तथ्यपूर्ण खबरों को रखा जा रहा है जिसके चलते अब दैनिक नव प्रदेश निरंतर विस्तार की ओर है। स्थानीय जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। इसमें विधायक नीरज सिंह, मेयर बहादुर सिंह अन्नू मेयर जगदलपुर, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रामकृष्ण कुसमरिया मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त द्वारा किया गया।

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

कार्पोरेट आफिस : चोला क्रेस्ट, सी 54 व 55, सुपर बी-4, थिरू वी का इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गैण्डी, चेन्नई-600 032, भारत

क्षेत्रीय कार्यालय : 55 व 55/1, चौरंगी रोड 5वां तल चौरंगी कोर्ट, रबिन्द्र सदन में नेहरू चिल्ड्रनस म्युजियम के सामने कोलकाता-700071 वेस्ट बंगाल

रायपुर कार्यालय : 7वां तल करेंसी टावर, वीआईपी चौक, जी.ई.रोड तेलीबांधा, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001

प्रति,
1. **मनोरंजन कुमार पाण्डेय,** मकान नं. एमडीडी 82, फेस-1, जीएसडी क्वार्टर के पास कबीर नगर रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन-492001
2. **मेसर्स श्री सांई इंडस्ट्रीज,** ज्ञान करतार टावर, तेलघानी नाका, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001
3. **अनिता पाण्डेय,** मकान नं. एमडीडी 82, फेस-1, जीएसडी क्वार्टर के पास कबीर नगर रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन-492001

प्राथमिकता- उच्च

पुनः लोन खाता संख्या X0HERRH00001320281

विषय : चल संपत्ति खाली करने के संबंध में सूचना

प्रिय महोदय,

महोदय/ महोदया,

आपको सूचित किया जाता है कि **17/03/2022** को हमारी संस्था ने विद्वान जिला मजिस्ट्रेट के आदेश दिनांक 31/01/2022 के माध्यम से आपकी अनुसूचित संपत्ति का **भौतिक कब्जा** ले लिया है। हमने आपको अपना संपत्ति हटाने के लिए दिनांक 12/05/2023 एवं 28/12/2023 को नोटिस जारी कर सूचित किया है परंतु आज तक आपके द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। आपको उपरोक्त समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से **7 (सात) दिनों** के अंदर हमारे द्वारा विधिवत समर्थित हमारी भंडार सूची में उल्लेखित अपना सामान हटाने के लिए अंतिम आह्वान किया जाता है, ऐसा न करने पर हम आपके सामान को हटाकर हमारे गोदाम में स्थानांतरित करने के लिए बाध्य होंगे, जिसके खर्चों और क्षति के परिणाम यदि कोई हो तो उसके लिए आप पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे। अंतिम रूप से दावा करने के लिए और बाद में विफलता की स्थिति में वस्तुएं 45 दिनों तक गोदाम में पड़ी रहेगी, तद्उपरांत आपकी वस्तुओं का निपटान कर दिया जायेगा। उपरोक्त समाचार पत्र में प्रकाशन के **7 (सात) दिनों** के भीतर हमारे द्वारा विधिवत समर्थित हमारी भंडार सूची में उल्लेखित अपना सामान हटाने के लिए अंतिम आह्वान किया जाता है, ऐसा न करने पर हम आपके सामान का निपटान करने के लिए मजबूर होंगे और इसका परिणाम आपको भुगतना होगा। कृपया ध्यान दें कि सामान हटाने का काम आपके अपने खर्च पर केवल **कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे** के बीच किया जायेगा। यह नोटिस किसी अधिकार और विवाद पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना और हमारे पास उपलब्ध कानूनी उपायों के अधीन जारी किया गया है। कृपया तिथियों के निर्धारण के लिए अपने विवरण के साथ कार्य दिवस पर हमारे **क्षेत्रीय कार्यालय - 5वाँ तल, 55 और 55/1, चौरंगी रोड, नेहरू चिल्ड्रन म्यूजियम के सामने, चौधरी गेस्ट हाउस, कोलकाता- 700071 या 7वां तल, करेंसी टावर, वीआईपी चौक, जी.ई. रोड तेलीबांधा, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन- 492001 पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच संपर्क करें।**

भवदीय
प्राधिकृत अधिकारी
चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड

दिनांक : 19.01.2024 स्थान : रायपुर

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL, Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013
Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/2377 Raipur, date 15.01.2024

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

Tender Specifi. No.	Name of Work	NIT value
CEC/ABVTPS-MRW/W/2023/ 189	Development & modification works in and around Administrative Building 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir Champa	14.99 Lacs
CEC/DSPM-KE/W/2023/ 190	Annual cleaning of sewer line, septic tank manhole etc. by mechanical means of CD & AB type colony DSPM -TPS, CSPGCL, Korba East	8.05 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/ 2023/191	Annual maintenance and upkeep of various garden lawns situated in different location inside Power House complex and MHP & CW pump house area at HTPS, CSPGCL, Korba West	17.35 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/ 2023/ 192	Annual sweeping and cleaning of non residential public building at HTPS, CSPGCL, Korba West	23.49 Lacs
CEC/Sikasar-HEP/W/ 2023/ 193	Construction of RCC retaining wall in the TRC end along river stream embankment & muck removal from the river bed at 2x3.5 MW HEP Sikasar, Gariyaband	24.60 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/ 2023/194	Providing and laying precast interlock concrete block near new OHT and increasing height of back side boundary wall along with concertina coil at OHT No. 3 (lal tank) at HTPS, CSPGCL, Korba West	10.24 Lacs
CEC/DSPM-KE/W/2023/ 195	Annual operation & maintenance i/c watch & ward of 2.0 MLD sewage treatment plant at CDEF type colony, DSPM -TPS, CSPGCL, Korba East	30.58 Lacs

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal : 50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

EXECUTIVE DIRECTOR(CIVIL)
CSPGCL RAIPUR

SAVE ELECTRICITY S.-39396/3

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.

No.02-08/CW/2023-24/Tr No.-2360 & 2364/5807 Raipur Dt-3-01-2024

NOTICE FOR E-TENDER

1.Online bids are invited through CSPDCL tendering system (SAP SRM) from Eligible Electrical Contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following works. Registration of electrical contractors is opened & will be allowed for this tender till one day prior to date of opening of the tender.2. The registration of contractor will remain open. For details and further notifications keep visiting http://www. cspdcl.co.in ->project department->ebidding portal. 3. Bidders may visit the site www.cspdcl.co.in/project office/ contractors section to know the qualifying criteria for registration of contractors to be eligible for participating in the tender. **4.Bid information must be submitted in the prescribed format only. No deviation shall be permitted.**

Sr. No.	Tender No / Rfx no.	Name of work	Tender amount (excl. GST) (in Rs)	Completion period	Eligible class for bidding	Time & Due date of submission
1	Tr.no 2360 RFx-8100035497	Exteranal Electrification of Administrative office & Residential Building for 1080 KW DLF Conn. To The Senani 20" Battalion (Bha.R0 Vahini CGAF Near Police Line. at villageParsada under Mahasamund ® D/C of O&M Dn Mahasamund.	5508694.00	03 months	Class I,II,III & III-A	12.00 noon 30.01.2024
2	Tr.no 2364 RFx-8100035512	Power Supply to HT New Service Conn. To M/S Jai Ambey Ispat Pvt. Ltd. Unit-II, BP No. 1030023 CD - 14000KVA on 33KV Supply at Vill - Sarora Industrial Area Urla Under O&M Dn. Urla	5979070.00	03 months	Class I & II	12.00 noon 30.01.2024

CHIEF ENGINEER(PROJECT)
CSPDCL:RAIPUR

SAVE ELECTRICITY S.-39392/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक-चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख की मदद

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 16 जनवरी 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं।

जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में गुरूबारी पति स्व. बहुरसिंह, निवासी ग्राम थरगांव, तहसील सोनाखान, हरकेश निषाद पिता बृजमोहन निषाद, निवासी ग्राम बड़गांव, तहसील सोनाखान, शंकर लाल गोंड़ पिता भूरेलाल गोंड़, निवासी ग्राम बलौदा, तहसील टुण्डरा एवं सोमन ध्रुव पिता पुनितराम ध्रुव, निवासी ग्राम करही, तहसील सुहेला शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के जलाशय के पानी में डूबने, सर्पदंश, मिट्टी की दीवार अधिक बारिश होने के कारण अचानक धसकने से दबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

धान भीगा तो केंद्र प्रभारी होंगे जिम्मेदार

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। /मौसम में नमी एवं संभावित बारिश को देखते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने गुरुवार को पत्र जारी कर सभी धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके तहत सभी केंद्रों में कवर कैप रखने कहा गया है। साथ ही उन्होंने दो टूक कहा है की बारिश से धान भीगा तो सीधा कार्रवाई खरीदी केंद्र प्रभारी पर होगा। उसके लिए जिम्मेदार स्वयं होगा। उन्होंने कहा कि किसान सुबह सुबह धान बेचने आते है तो उनके लिए अलाव जलाने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। अभी एकाएक तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है जिससे जिले में ठंड बढ़ गयी है। इसके साथ ही सभी एसडीएम, नायब तहसीलदार, तहसीलदार,जनपद सीईओ, सहकारिता, बैंक,खाद्य विभाग के अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण कर कार्यालय को प्रतिवेदन जमा करने के निर्देश दिए है।

जोन स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा में निनवा का जोरदार प्रदर्शन

बेमेतरा/नवप्रदेश। जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगी सिघौंरी जोन का प्राथमिक विभाग का संकुल केंद्र खिलोरा में 17 जनवरी को आयोजित हुआ। जिसमें सिघौरी, बैजलपुर, निनवा, तेलईकुडा, खिलोरा संकुल के स्कूली बच्चों ने भाग लियाा। जिसमें संकुल केंद्र निनवा के सभी बच्चों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। प्राथमिक शाला निनवा कबड्डी में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान आया, डामेश्वरी, सरस्वती, कामिनी, खिलेश्वरी, पलक एवं कबड्डी बालक वर्ग में डोमन, रामेश्वर, प्रदीप, तुलेश्वर, भानू ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस तरह बालक वर्ग कबड्डी एवं बालिका वर्ग कबड्डी में प्राथमिक शाला निनवा के बच्चों ने प्रथम स्थान पर आए। रिले रेस दो सौ मीटर दौड में भी बच्चों ने अपना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नारायण कश्यप पूर्व प्रधान पाठक प्राथमिक शाला निनवा, शिक्षक खेलावन मिरचण्डे, प्रतिभा सिन्हाा, पुष्पक कन्नौज, सरिता मानिकपुरी, कामिनी मंडावी, संकुल केंद्र निनवा के सीएसी आकाश सोनी, खिलोरा संकुल सीएसी निलेश सोनी, सिंघोरी सीएसी धनीराम बंजारे, तेलाईकूड़ा संकुल सीएसी डोमेन्द्र पांडे, बैजलपुर संकुल केंद्र सीएसी चेतराम सेन एवं ग्राम पंचायत खिलोरा सरपंच एवं आसपास के ग्रामवासियों शिक्षक छात्र छात्राए ने सभी विजयी बच्चों को शुभकामनाए दी।

सीईओ के दुर्व्यवहार से सचिवों में आक्रोश

■ **जनपद सीईओ को हटाने कलेक्टर, जिपं सीईओ को ज्ञापन**

नगरी/नवप्रदेश। गोंडवाना भवन नगरी में सचिव संघ ब्लॉक शाखा नगरी की विशेष बैठक बुधवार को हुई। इसमें जनपद पंचायत के सीईओ के व्दारा सचिव से अभद्र व्यवहार किया गया। इससे ब्लाक सचिव संघ आक्रोशित है।

सचिव संघ अध्यक्ष अनीत ध्रुव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ज्ञौरतलब है कि जनपद पंचायत नगरी सीईओ द्वारा बुधवार 17 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, जनपद स्टॉफ की उपस्थिति में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के स्वागत को लेकर सभी लोगों की बीच में सीईओ लोकनाथ पटेल ने सचिव से अभद्रता पूर्वक व्यवहार कर गाली गलौज किया। पंचायत भवन में देख लेने की धमकी दी। तुम्हें देख लूंगा तुझे छोड़ूंगा नहीं करके धमकाया। ऐसा व्यवहार हमारे अन्य सचिव साथियों के साथ भी किया जा चुका है। वहीं जनपद पंचायत सीईओ के साथ कुछ और कर्मचारी जिनका स्थानांतरण हो चुका है ,नमें से किसी को भी कर्मचारी को रिलीव नहीं किया गया है। सचिव संघ ने जनपद पंचायत के सीईओ को तत्काल हटाने की मांग की है। जिनका स्थानांतरण हो चुका है उन्हें रिलीव करने जिला पंचायत प्रशासत से मांग की। सचिव संघ ने कलेक्टर और जिपं सीईओ को जनपद पंचायत के सीईओ को हटाने का अल्टीमेटम दिया है।

अल्टीमेटम देने वालों में अध्यक्ष अनित कुमार मदन सेन किशुन भास्कर बलराम भोला राम दयालु शंकर राम भरोस थानसिग विष्णु नारायण मोहन नागेश आदि शामिल थे।

> जनपद पंचायत नगरी सीईओ लोकनाथ पटेल ने बताया कि मेरे दारा किसी भी प्रकार की गाली गलौज नहीं की गई। उनके द्वारा लगाए गए सारे आरोप गलत हैं।
>
> **लोकनाथ पटेल**, जनपद पंचायत सीईओ नगरी

स्वामी आत्मानंद स्कूल सिंगपुर में पालक और शिक्षकों की हुई बैठक

नगरी/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर में कक्षावार पालकों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विद्यालय प्रशासन एवम पालक मिलकर लगातार बच्चों की उपलब्धि पर न केवल चर्चा कर रहे हैं अपितु उन कारणों को भी खोज रहे हैं जिनके कारण बच्चे स्थानीय परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। विद्यालय में पालकों को आमंत्रित कर छःमाही परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का वितरण किया गया तथा उनकी उपस्थिति में बच्चों के सीखने सिखाने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर पालकों को यह भी कहा गया कि हर पालक को घर में शिक्षक की भूमिका निभाने की जरूरत है। बच्चों को सुबह जल्दी उठाकर पढ़ने के लिए कहना, विद्यालय से आने के बाद स्कूली गतिविधियों पर बातचीत,गृह कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रेरित करने पर ज्यादा जोर दिया गया। विद्यालय की इस पहल को पालकों ने सराहा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्ही. पी. चन्द्रा ,आर के साहू, आर बी मारकोले, प्रेम साहू, डी के देवांगन,आर एस साहू,कल्याण कौशल,हेमलाल साहू सहित स्टाफ के सभी शिक्षक उपस्थित थे। पालकों की ओर से जिन पालकों ने मुख्यतः चर्चा परिचर्चा में भाग लिया उनमें मुख्यतः चिंताराम,हेमंत,चंद्रिका ,बसन्ती,चरणी बाई, मीना, नन्दनी, चंपा साहू, पवनकुमार, साम्वेल ग्वाल, जयलाल, चन्द्रहास, दिनेश आदि शामिल थे। ज्ञात हो कि कक्षावार पालकों को विद्यालय में आमंत्रित कर पालकों से निरंतर संवाद जारी है। संवाद होने से पालकों में हर्ष का माहौल है।

हसदेव अरण्य बचाने राष्ट्रपति से गुहार

■ **शहर जिला कांग्रेस व आदिवासी कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में धरना-प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का फेफड़ा कहे जाने वाले हसदेव क्षेत्र में वनों की लगातार हो रही कटाई से वन्य जीवों के रहवास जंगल का अस्तित्व समाप्त हो रहा है साथ ही आदिवासियों के समक्ष विस्थापन जैसी भीषण समस्या व उनकी सांस्कृतिक धरोहर स्थल भी नष्ट हो रहे जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी व शहर जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

शहर जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गेमू कुंजाम ने बताया कि अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव मोघे के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस आदिवासी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस संगठन के साथ मिलकर आदिवासी कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार 17 जनवरी को जयस्तंभ चौक में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर संजय अग्रवाल के माध्यम से राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

खुले में रखे धान की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने दिए निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने गुरुवार को सवेरे सवेरे ज़िले के सभी एसडीएम, धान खरीदी केंद्रों के लिए नियुक्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों व ज़िला खाद्य अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को ज़िले में असामयिक बारिश होने की आशंका को देखते हुए ज़िले के सभी धान उत्पार्जन केंद्रों में भंडारित धान की सुरक्षित रखाव और बचाव के संबंध में सभी ज़रूरी उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले असामयिक वर्षा (बेमौसम) बारिश के कारण धान खराब न होए इसे ढकने के लिए तिरपाल, केप कव्हर आदि के पुख़्ता इंतजाम किए जाए।

उन्होंने निर्देशित किया सभी धान खरीदी केन्द्र में खरीदे हुए धान की स्टैकिंग बनाकर केप कव्हर से ढका जाएं। सभी अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों पर निरीक्षण कर मानिटरिंग करें। कलेक्टर श्री शर्मा ने ज़िले के सभी एसडीएम से कहा कि धान उपार्जन केन्द्र प्रभारियों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्था सुनिश्चित करें। बारिश से धान को नुकसान नहीं होना चाहिए। धान की सुरक्षा के लिए ड्रेनेज अनिवार्य रूप से बनाएं। सभी धान खरीदी केन्द्रों में केप कव्हर पर्याप्त संख्या में रहें। केन्द्र में पानी जमा नहीं होना चाहिए, निकासी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले उठाव करने वाले धान खरीदी केन्द्रों की सूची तैयार करें। जिससे उन धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव पहले किया जा सकें।

एसडीएम ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सुरुचि सिंह ने मेतरा शहर स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्रम में वृद्धजनों से बातचीत की और आश्रम में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वृद्धजनों ने बताया कि आश्रम छोटा होने के कारण जगह कम हैं, जिसमें हम 10 लोग रहते हैं। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा कि नया शासकीय बिल्डिंग खाली होगा तो आप सभी को वहां ले जाया जायेगा। उन्होंने कहा की इस संबंध में वे कलेक्टर से चर्चा कर आप सभी के लिए एक बड़ा सा वृद्धाश्रम उपलब्ध कराने की कोशिश करेंगे और ये भी कोशिश करेंगे कि आश्रम जिला अस्पताल के पास हो ताकि आप सभी के लिए अच्छा हो। वृद्धजनों ने बताया कि समय पर दिन में दो बार नास्ता मिलता हैं, भोजन भी अच्छा मिलता है। निरीक्षण के दौरान आश्रम में-सफाई व्यवस्था ठीक पाया गया। इसके अलावा उन्होंने सभी की समस्याओं के बारे में पूछा जिस पर एक महिला ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि मेरा पेंशन राशि मिल रहा हैं, परंतु बैंक वाले मुझे बता नहीं रहे हैं कि कितना राशि मेरे अकाउण्ट में है।

एसडीएम ने संबंधित बैंक मैनेजर से संपर्क कर इस मामले में चर्चा की गई और उसकी समस्या का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। एसडीएम ने बताया कि वृद्धजनों से मिलकर मुझे अच्छा लगा।

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ ने टंकराम का किया सम्मान

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ बलौदाबाजार इकाई द्वारा गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा का सम्मान किया गया. इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल पूर्व पालिका अध्यक्ष अशोक जैन,नंदकुमार साहू, शिक्षाविद खोड़स राम कश्यप,टेसू लाल धुरंधर,विजय केसरवानी उपस्थित रहे।

संभाग उपायुक्त ने किया मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। संभाग के उपायुक्त (राजस्व) दुर्ग एआर टंडन बेमेतरा पहुंचकर विभिन्न क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में चल रहे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उनके द्वारा द्वारा मतदान मौहभाठा, देऊरगांव, भरदा और निनवा के मतदान केंद्रों में संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से चर्चा की और मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आए आवेदनों की जानकारी प्राप्त की। श्री राजन ने 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके सभी मतदाताओं का नाम जोड़ने के निर्देश भी दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने सभी मतदान केन्द्रों के बूथ लेवल अधिकारियों से चर्चा कर फॉर्म 6, 7, 8 आवेदनों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान फोटो निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर 20 जनवरी को विशेष शिविर आयोजित करने तथा इस दौरान सभी बीएलओ को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर छूटे मतदाताओं के नाम जोड़ने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
दूरभाष/ फैक्स नंबर - 07722-283747 ईमेल Id-cmoamdi@gmail.com
क्रमांक/2666/लोनिवि/न.प./2023-24/ आमदी, दिनांक-18/01/2024

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

नगर पंचायत आमदी द्वारा छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से कुल 02 कार्य कुल लागत राशि 08.44 लाख रू. हेतु त्रि लिफाफा पद्धति से प्रपत्र ''अ'' में सीलबंद निविदाएँ स्पीड/पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण की विस्तृत जानकारी नगर पंचायत आमदी के लोकनिर्माण विभाग शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in (निविदा सूचना/EOI) पर भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। समय सारणी निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 08.02.2024 समय दोपहर 02.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - 12.02.2024 समय दोपहर 03.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 19.02.2024 समय दोपहर 03.00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 19.02.2024 समय दोपहर 04.00 बजे तक।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत आमदी

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग क्रमांक 2 (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

दिनांक 16.01.2023

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा ''डी'' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 05.02.2024 है।

एन.आई.टी क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 236 Tender No. 151691	कसडोल अनुविभाग अंतर्गत हाईस्कूल भवन खर्री का निर्माण कार्य।	रु. 66.50 लाख
NIT NO. 237 Tender No.151692	कसडोल अनुविभाग अंतर्गत हाईस्कूल भवन नगेड़ा का निर्माण कार्य।	रु. 57.38 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-07188/3 Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र.-2 (छ.ग.)
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 8453 दिनांक 18.01.2024
वार्ड का नाम- 52 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446Q00822 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SUBHASH SINGH CHOUHAN पिता/पति श्री/श्रीमती SHIV VADAN SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती AMAR WADHWA AND SONS (HUF) DWARA KARTA SHRI AMAR WADHWA पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHYAM SUNDER WADHWA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 8342 दिनांक 17.01.2024
वार्ड का नाम 48 - मदर टेरेसा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 48 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR342A00060 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DARSHAN KAUR पिता/पति श्री/श्रीमती KISHAN DEV AHLUWALIA नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती JASBIR AHLUWALIA पिता/पति श्री/श्रीमती SW. KISHAN DEV AHLUWALIA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**शपथपत्र सहमति पत्र एवं मृत्यु प्रमाणपत्र** /वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

सूचना जारी कर

श्री विमल कुमार शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 8414 दिनांक 17.01.2024
वार्ड का नाम 30 - शंकर नगर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR331E00136 की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती SMT. KAVITA MAKHIJA पिता/पति श्री/श्रीमती DARYAN DAS MAKHIJA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती RITESH BHAGYADEO पिता/पति श्री/श्रीमती GHANSHYAM DAS BHAGYADEO ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियन 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री विमल कुमार शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प.क्र. 8412 दिनांक 17.01.2024
वार्ड का नाम 48 - मदर टेरेसा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 48 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR443D00124 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHAYM HARI AGARWAL पिता/पति श्री/श्रीमती LATE DEV NARAYAN AGARWAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री श्रीमती SHAKUNTALA SHARMA पिता/पति श्री श्रीमती SAGAR MAL SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानाना, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 187 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर पकरण कमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा। आपति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री विमल कुमार शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा रामकृष्ण परमहंस नगर कोटा रायपुर में निर्मित ए टाईप भवन योजना में से भवन/भूखण्ड क्रमांक ए-72 श्रीमती ए.रामालक्ष्मी पति स्व. श्री ए. नागेश्वर राव के नाम पर आबंटित किया गया है। मूल आबंटियों द्वारा दिनांक 12.09.2000 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूलआबंटी श्रीमती ए. रामालक्ष्मी की मृत्यु दिनांक 31.12.2023 एवं उनके पति श्री ए. नागेश्वर राव की मृत्यु दिनांक 22.02.2023 को हो जाने के कारण श्री ए. संतोष कुमार पिता स्व. श्री ए. नागेश्वर राव द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिस (श्री ए.पवन कुमार पिता स्व. श्री ए. नागेश्वर राव) का सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज उक्त भवन/भूखंड के आधार पर श्री ए.के. संतोष कुमार पुत्र स्व. श्री ए.के. नागेश्वर राव का नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा रामकृष्ण परमहंस नगर कोटा रायपुर में निर्मित ए टाईप भवन योजना में से भवन/भूखण्ड क्रमांक ए-73 श्रीमती ए. रामालक्ष्मी पति स्व. श्री ए. नागेश्वर राव के नाम पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। मूल आबंटियों द्वारा दिनांक 19.06.2018 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूलआबंटी श्रीमती ए. रामालक्ष्मी की मृत्यु दिनांक 31.12.2023 एवं उनके पति श्री ए. नागेश्वर राव की मृत्यु दिनांक 22.02.2023 को हो जाने के कारण श्री ए. संतोष कुमार पिता स्व. श्री ए. नागेश्वर राव द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिस (श्री ए. पवन कुमार पिता स्व. श्री ए. नागेश्वर राव) का सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड श्री ए. संतोष कुमार पिता स्व. श्री ए. नागेश्वर राव के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अनुभाग, महासमुंद (छ.ग.)
phone No.. 07723-223731, E-mail: eepher-mah-cg@nic.in
क्र.201/ व.ले.लि./जि.ज.स्व.मि./का.अ./लो.स्वी.यां. खण्ड/2023-24/ महासमुन्द, दिनांक 15/01/24

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (online) की निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नामः- **महासमुन्द जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अन्तर्गत सिंगल विलेज/रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत नवीन नलकूप खनन कार्य ।**

निविदा क्रमांक व दिनांक	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	2	3	4
152/15.01.2024	151529	वि.ख. महासमुन्द के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 35 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	42.68
153/15.01.2024	151530	वि.ख. बागबाहरा के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 35 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	42.68
154/15.01.2024	151531	वि.ख. पिथौरा के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 30 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	36.58
155/15.01.2024	151534	वि.ख. सराईपाली के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 23 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	28.05
156/15.01.2024	151535	वि.ख. सराईपाली के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 30 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	36.58
157/15.01.2024	151536	वि.ख. सराईपाली के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 30 नगनल कूप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	36.58
158/15.01.2024	151582	वि.ख. बसना के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 16 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	19.51
159/15.01.2024	151583	वि.ख. वसना के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 29 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	35.36

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
3. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 05.02.2024 सायं 5.30 बजे तक तथा निविदा खुलने का दिनांक 12.02.2024।

जी- 07198/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अनुभाग महासमुंद (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

पदुमतरा में 24 को मड़ई मेला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पदुमतरा में 24 जनवरी बुधवार को मड़ई मेला आयोजित किया गया है। रात्रि में शिव भोला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी करमतरा (जालबंधा) का कार्यक्रम रखा है। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू व सरपंच ललिता मोहन साहू ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

साहू समाज बांट रहा दीए

डोंगरगांव/नवप्रदेश। भारत भर में 22 जनवरी को खास बनाने व रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने` अनेकों कार्यक्रम किया जा रहा है।सभी अपने अपने तरीके से भगवान राम का स्वागत में जुटे है। राजनांदगांव जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के मार्गदर्शन में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के युवाओं ने 16 जनवरी से डोंगरगांव के ग्राम गुंगेरी नवागांव के प्रत्येक घर पहुंच कर 5 दीपक बांटे। उन्होंने अपने आंगन में दीप जलाकर उत्सव मनाने ग्रामीणों से आग्रह किया। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के यशवंत साहू, माधव साहू, जयंत साहू,भोज कुमार साहू व घनश्याम साव आदि सहयोग कर रहे हैं।

शातिर ठगबाज रायपुर से गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बैंक कर्मी ने ग्राहकों की सवा को करोड़ से अधिक की रकम को उनकी जानकारी और सहमति के बिना अपने खाते में ट्रांसफर कराया। इसकी रिपोर्ट प्रार्थीया ने बुधवार 17 जनवरी को पुलिस मेंदर्ज कराई। इस पर पुलिस ने गुरुवार 18 जनवरी को आरोपी को गिरफ्तार करने में सफल हुई। प्रार्थिया सुश्री बी अनुषा पिता बीटी शर्मा, निवासी एल-2 सनसिटी एन एक्स राजनांदगांव शाखा प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, राजनांदगांव द्वारा बुधवार 17 जनवरी को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी की, आरोपी आदेशराज भावे सिंगल विंडो आपरेटर, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा, राजनांदगांव में शाखा का कर्मचारी के रूप कार्य करते हुए जिस बैंक के खातों में मोबाइल नंबर संलग्न नहीं था, उन ग्राहकों के खातों की रकम 23217000 (दो करोड़ बत्तीस लाख सत्रह हजार) रूपये अवैधानिक और अनाधिकृत रूप से कपटपूर्वक ग्राहकों की जानकारी व सहमति के बिना उनके खाते से अपने खातों में स्वयं के द्वारा खरीदे गये अलग-अलग मोबाईल नंबरों का उपयोग कर अपने बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया, जिसमें से कुछ ग्राहकों के खातों में वापस 9915000 (निन्यानबे लाख पंद्रह हजार) रूपये जमा किया गया। इस प्रकार कुल 13302000 (एक करोड तैतीस लाख दो हजार) रूपये दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2023 के मध्य गबन कर अपराधिक न्यासभंग करना बतायी। रिपोर्ट पर आरोपी आदेशराज भावे के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 48/2023 धारा 409, 420 भादंवि कायम कर विवेचना मे लिया गया। गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक, धनीराम नारंगे, प्रधान आरक्षक जी सिरिल, प्रख्यात जैन, रंजीत चौरसिया एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

ट्रकों से डीजल चोरी के गिरोह के चार बदमाश सहित खरीददार गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस ने बुधवार 17 जनवरी को सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों से डीजल चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार लोगों को पकड़ने में सफलता पाई है। हाईवे एवं सड़क किनारे सुनसान स्थान पर खड़े गाड़ियों से डीजल चोरी करने वाले चार शातिर युवकों के संबंध में जानकारी मिली, जिसे लालबाग पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है। आरोपियों के निशानदेही पर 200 लीटर डीजल, डीजल बिक्री के 8500 रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन, टंकी तोड़ने के औजार और पाइप जप्त कुल कीमत 420000 रूपये का जप्त किया गया है। जानकारी के अनुसार दमन ट्रांसपोर्ट का संचालक मनदीप ऋसह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 जनवरी को ट्रांसपोर्ट के सामने खड़े उसके ट्रक से डीजल टंकी तोड़कर करीब 250 लीटर डीजल एक सफेद रंग के स्विफ्ट डिजायर कार में आये अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया है। डीजल चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों पर अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम पतासाजी में लिया गया। प्रार्थी के बताये संदेही एवं लगाये मुखबिरों की सूचना पर साइबर थाना की पेट्रोलिंग ने 17 जनवरी 2024 को घेराबंदी कर रांची-झारखंड ढाबा के पास 4 लोगों को पकड़ा। चारों से डीजल चोरी के संबंध में कड़ी पूछताछ करने खड़े ट्रक से डीजल चोरी करना स्वीकार किए, जिसे भिलाई के पवन कुमार साव को बिक्री करना बताये। भिलाई निवासी पवन कुमार साव अपने घर भिलाई में चारों चोर को आश्रय दिया था, जिनसे वह खड़ी गाड़ियों मे डीजल चोरी कराकर डीजल खरीदता था। आरोपियों के मेमोरेंडम पर 200 लीटर डीजल, डीजल बिक्री के 8500 रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन, टंकी तोड़ने के औजार और पाइप जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

विघटनकारी भाजपा से देश को बचाना ही कांग्रेस का मूल उद्देश्य : दीपक

- प्रदेश सरकार की विफलताओं की लोगों को दे जानकारी
- दस वर्षों में जनता को महंगाई, बेरोजगारी का दंश दिया भाजपा ने

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की तैयारी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। इस परिप्रेक्ष्य में एआईसीसी से नियुक्त राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक दीपक दुबे राजनांदगांव पहुंचकर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी सहित विधायक, वरिष्ठ कांग्रेस जनों की आवश्यक बैठक लेकर पार्टी के दिशा निर्देश से अवगत कराया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व लोकसभा संचार प्रभारी रुपेश दुबे ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए संगठनात्मक गतिविधियों को तेज कर राजनांदगांव लोकसभा में जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कांग्रेस जनों को चार्ज करने दीपक दुबे का आगमन हुआ। लोकसभा पर्यवेक्षक श्री दुबे ने कहा कि आज जिस प्रकार से देश में अराजकता के हालात हैं उसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार दोषी है। एक तरफ जहां आम जनता महंगाई से त्रस्त है। वहीं दूसरी ओर युवा बेरोजगारी से ग्रसित हैं। भाजपा सरकार के झूठे वादे एवं मोदी की गारंटी की असफलता को लेकर आम जनता के बीच पहुंचकर किसानों को 31 सौ रुपए का नगद भुगतान न होने, महतारी वंदन योजना का अतापता नहीं होने एवं अयोध्या दर्शन के नाम पर मात्र एक वर्ष में 20 हजार लोगों का सशर्त चयन करना छत्तीसगढ़ की जनता के साथ धोखा है। आदि सभी मुद्दों के साथ हमें प्रत्येक बूथों में जाकर भाजपा की पोल खोलनी है।

आभार व्यक्त शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने किया। बैठक में विधायक भोलाराम साहू, हर्षिता बघेल, छाया विधायक गिरीश देवांगन, प्रदेश महामंत्री शाहीद भाई, थानेश्वर पाटिला, पूर्व विधायक छन्नी साहू, प्रकाश यादव, भुनेश?वर बघेल, महापौर हेमा देशमुख, पद्म कोठारी, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया,कमलजीत सिंह पिंटू, आफताब आलम, दिनेश शर्मा, निखिल द्विवेदी, शारदा तिवारी, माया शर्मा, चित्रलेखा वर्मा, विकास त्रिपाठी, इकरामुद्दीन सोलंकी, हनी ग्रेवाल, वीरेंद्र बोरकर, अंगेश्वर देशमुख, रितेश जैन, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, रतन यादव, कोमल साहू, चेतन साहू, अब्दुल खान, घनश्याम देवांगन, संध्या देशपांडे, गोपीचंद गायकवाड़, सिद्धार्थ डोंगरे, सुरेश सिन?हा, अशोक फड़नवीस, राजू सिंह राजपूत, रमेश खंडेलवाल, राहुल तिवारी, महेंद्र दाऊ, यशवंत तिवारी, विनय झा, विपिन यादव, अरशद खान, श्रुति शुक्ला, आरती महोबिया, हरिश भंडारी, चंद्रकला देवांगन, अभिमन्यु मिश्रा, तुकज साहू, संदीप जायसवाल, हितेष गोर्नाडे, सरेंद्र देवांगन, अतुल भारद्वाज, सीमा यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन महामंत्री अमित चंद्रवंशी एवं अजय मारकंडे ने किया।

सीएम साय किसान सम्मेलन और अभिनंदन कार्यक्रम में हुए शामिल

- शिशुओं को कराया अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट
- स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कोदो, कुटकी और रागी से बनी लड्डू, कुकीज भेंट की

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार ग्राम कुसुमघटा में किसान सम्मेलन एवं अभिनंदन कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग और वन विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। उन्होंने स्टॉल में गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट तथा किशोरियों को उपहार प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भी मुख्यमंत्री के साथ स्टालों का अवलोकन किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रेडी टू ईट से विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए हैं। रेडी टू ईट से ही खुरमी, सलोनी, गुलगुला, अनरसा, अइरसा, बर्फी, सोहारी, चीला, सलोनी, हलवा, लड्डू सहित विटमिन से भरपूर फलों की प्रदर्शनी लगाई गई। स्टॉल में पोषण अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की भाजी पालक, गोभी भाजी, तिवारा भाजी, लाल भाजी, मेथी भाजी, करामता, चना भाजी, मूलीभाजी, चौलाई भाजी, सुनसुनिया भाजी सहित फलों की प्रदर्शनी लगाई गई। वन विभाग के स्टाल में मुख्यमंत्री साय को स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कोदो, कुटकी और रागी से बनी लड्डू, कुकीज भेंट की। विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री वनधन योजना अन्तर्गत ज़िले की आदिवासी महिला समूह शिव शक्ति द्वारा अन्नपूर्णा माहुल पत्ता से दोना पत्तल और नाश्ता प्लेट बना कर आमदनी अर्जित कर रही हैं। वहीं वन धन योजना में जय देव ठाकुर, जय माँ शीतला महिला समूह और नई किरण स्व सहायता समूह हाट बाज़ार से कच्चे लघु वनोपज से संग्रहण के बाद साफ़-सफ़ाई कर विभिन्न प्रकार के खाने की सामग्री बना रही हैं। समूह की महिलाएं कोदो, कुटकी, रागी से लड्डू, कुकीज़, चावल और आटा का निर्माण करती हैं। समूह शहद प्रसंस्करण का कार्य भी करता है। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, बिसराम यादव, पवन साय, अजय जामवाल उपस्थित थे।

बच्चों को बचपन में ही भक्ति की दें प्रेरणा : पं श्रीकांत

नवागढ़/नवप्रदेश। मारो नगर के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा पुराण के दौरान महराज पंडित श्रीकांत पाठक ने बताया कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा का आगाज गुरु वंदना के साथ किया गया।

भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की। पंडित श्री पाठक जी ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है।

जूनी सरोवर मेला ढनढनी का होगा आयोजन : बघेल

बेमेतरा/नवप्रदेश। नवागढ़ के ग्राम ढनढनी में एक दिवसीय जूनी सरोवर मेला 25 जनवरी को होना है। आज एक दिवसीय जूनी सरोवर मेला की तैयारियों का जायजा लेने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री दयाल दास बघेल मेला स्थल पहुँचे। कलेक्टर रणबीर शर्मा और ज़िला अधिकारी साथ थे। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्था हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधीश ने होने वाले आयोजन के संबंध मे सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले लोगों को कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

17 से 25 जनवरी तक छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर श्रीमद्भागवत महापुराण व विशाल मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। मेला स्थल पर सरोवर के उत्तर-पश्चिम में बूढ़ा महादेव का मंदिर है जिसके ऊपर दुर्गा माता का मंदिर है। बूढ़ा महादेव के पूर्व में काली मां व हनुमान का मंदिर हैं। बूढ़ा महादेव के पश्चिम में यज्ञ स्थल है। यज्ञ स्थल के दक्षिण में ज्योति कक्ष व मंच है। जूनी मेला परिसर 14 एकड़ में फैला हुआ हैं। इस मेले में आस-पास के लोगों के साथ दूर-दूर के आस्थावन पर्यटक भी पहुँचते हैं। उन्होंने मेला स्थल, सरोवर, हेलीपेड, मंच व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि वे अपने सफाई कर्मचारियों को मेला स्थल में तैनात करें। सरोवर की साफ सफाई कराने, मंदिर परिसर और सरोवर के चारो तरफ पौधे लगवायें। मंदिर के टूटे हुए गेट एवं रेलिंग को सही करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मण्डावी, एडीएम डॉ. अनिल बाजपेयी, नवागढ़ एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, मेला आयोजन समिति के पदाधिकारी विजय सिन्हा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, प्रह्लाद रजक, मोंटी साहू ,विकाश तंबोली, गौरव साहू, धर्मेद साहू, निलू राजपूत, निखिल साहू, राकेश मोहन शर्मा, सरपंच प्रतिनिधिगण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एसडीएम कार्यालय में लगेगा सोमवार को जनदर्शन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में डोंगरगांव एसडीएम कार्यालय तहसील कार्यालय एवं जनपद पंचायत कार्यालय डोंगरगांव में हर सोमवार को जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा डोंगरगांव क्षेत्र की जनता अब सीधे कार्यालय पहुंचकर कोई भी आवेदन और शिकायतें निराकरण के लिए जनदर्शन कार्यक्रम में आवेदन देकर निराकरण करवा सकते हैं अब क्षेत्र के ग्रामीणों को अपनी समस्या को लेकर राजनांदगांव जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी हर सोमवार को जनदर्शन आयोजन में एसडीएम असवन कुमार पुसाम जनपद पंचायत के सीईओ नवीन कुमार तहसीलदार पी एल नाग नायब तहसीलदार जेपी खुटे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए गायत्री मंदिर में रामायण पाठ

डोंगरगांव/नवप्रदेश। श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा की शुभ घड़ी की प्रतीक्षा हो रही है। उससे पहले ही चहुंओर उत्साह और उमंग का वातावरण है। अयोध्या से आया पीला अक्षत के साथ प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र बांटा जा रहा है। गायत्री मंदिर में भी 22 जनवरी के दिन को ऐतिहासिक दीपोत्सव पर्व के रूप में मनाने की तैयारी की गई है। इससे पहले मंदिर में महिला मंडली द्वारा अयोध्या में रामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 28 दिसंबर से रोज रामायण पाठ किया जा रहा है। इनमें प्रमुख रूप से श्रीमती हीरामणी गुप्ता, शांति सोनी, ऊषा नामदेव, सीता गुप्ता, चंदा तिवारी,

जयंती रावटे, भुनेश्वरी भुआर्य, प्रतिभा साहू, ललिता शर्मा, ज्योति शर्मा, गंगा अग्रवाल, आशा महाजन, मंजू, निशा पंजवानी, अनुराधा शांडिल्य, चंद्रकांति साहू, धापूबाई गांधी, माला, उर्मिला, शशि, नीलिमा यदु आदि की शामिल हो रही है।

खेल- खेल में बच्चों को सिखाने, माताओं को दिया प्रशिक्षण

डोंगरगांव/नवप्रदेश। संकुल स्त्रोत केंद्र समग्र शिक्षा कोकपुर में गुरुवार 18 जनवरी को संकुल स्तरीय एक दिवसीय अंगना में शिक्षा माता उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल कोकपुर व आसरा के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। यह प्रशिक्षण सीआरजी कोनिका सोनी व ÿ्रùल ममता बोरकर के द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि माह जनवरी में इकाई-दहाई की समझ विकसित करने हेतु लकड़ी के बंडल बनाकर गिनना व हिंदी विषय मे अक्षर कार्ड से शब्द बनाने की गतिविधि, फरवरी माह में आवाज पहचानों अंक बताओ इस खेल के द्वारा गिनती सिखाना व कुर्सी दौड़ संग बातें खेल से बच्चों को विषय से जोड़ना सिखाया जाएगा तथा मार्च माह में गोटे के खेल से जोड़ का ज्ञान तथा हिंदी विषय में रिंग के खेल से बच्चों में भाषाई कौशल का विकास करना है इत्यादि सम्मिलित है। शैक्षणिक गतिविधियों के तहत गणित व हिन्दी के विषयों को खेल-खेल में स्थानीय सामग्रियों से जोड़कर माताएं कैसे बच्चों को सीखा व पढ़ा सकती है, इस संबंध में जानकारी दी गई। वहीं आयोजित होने वाले मड़ई तिहार के संबंध में भी बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान निरीक्षण हेतु डीएमसी सतीश व्यौहारे व एपीसी रफीक मोहम्मद अंसारी व बीआरसी अरविन्द रत्नाकर उपस्थित थे।

प्राण प्रतिष्ठा को धूमधाम से मनाने की अपील

बेमेतरा/नवप्रदेश। अयोध्या राम मंदिर 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अपने-अपने वार्ड एवं गांव-गांव को राममय बनाने के लिए अक्षत सहित आमंत्रण बेमेतरा वार्ड नंबर 1 व 2 में पिकरी, मानपुर पारा में राम नाम संकीर्तन के साथ सभी को आमंत्रित करते हुए 22 तारीख को अपने-अपने घरों एवं मंदिरों में साफ सफाई, लाइटिंग, रंगोली, दीप प्रज्वलित कर दीप दान एवं दिवाली त्यौहार मनाने की अपील किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, भाजपा नेता अनिल रजक, अधिवक्ता बृजमोहन शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि यशवंत लहरे, दीपक गुप्ता, कोमल यादव, महेश सिन्हा, अशोक साहू, धरमू वर्मा, तारण वर्मा, रमाकांत गुप्ता, देवेन्द्र साहू, मोहित साहू, अजय वर्मा सहित वार्डवासी सम्मिलित हुए।

लक्ष्य बनाकर पढ़ने से मिलती है सफलता : दीपेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक दीपेश साहू ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के बालक हाई स्कूल द्वारा आयोजित ÷स्नेह सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव समारोह÷ में शामिल हुए। विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूली बच्चों की देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देखी और बच्चों का ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। विधायक साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी करने के लिए टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें। समय का सदुपयोग करें, पढ़ाई में ध्यान दे। श्री साहू ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे नैतिक मूल्यों को बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मुझे सेवा के लिए आप लोगों ने विधायक चुनकर विधान सभा में भेजा है, मुझे विद्यालय परिवार ने याद किया इसके लिए आभार व्यक्त करता हूँ और मै क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास के लिए पुर्णतः संकल्पित होकर काम करुगा और हर दुखसुख में हमेशा साथ रहुगा।तत्पश्चात शाला प्रबंधन समिति की पूरी टीम के द्वारा बेमेतरा के नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू को विधायक बनने पर मोमेंटो भेटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, मोंटी साहू, विकास तंबोली, नीतू कोठारी, परमेश्वर साहू, तुषार साहू, योगेश वर्मा, सत्या साहू, गौरव साहू, धर्मेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

भारत की इस्पात मांग को पूरा करने के लिए एनएमडीसी प्रतिबद्ध

हैदराबाद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी घरेलू इस्पात मार्केट की निरंतर बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए लौह अयस्क उत्पादन में वृद्धि कर रहा है और निर्यात के बगैर उच्च बिक्री आय अर्जित कर रहा है । भारत सरकार की सबसे सम्मानित और भरोसेमंद कंपनियों में से एक, एनएमडीसी ने चीन को अयस्क निर्यात करने का कोई प्रस्ताव नहीं रखा है, जैसा कि रॉयटर्स द्वारा चलाई गई एक रिपोर्ट में आधारहीन दावा किया गया है । बिजनेस मीडिया के साथ हाल की वार्ताओं में कंपनी ने कहा है कि लौह अयस्क के लिए भारत की आवश्यकता ऐतिहासिक रूप से उच्च-स्तर पर है और एनएमडीसी घरेलू इस्पात निर्माताओं की खपत की मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है । निर्यात के आर्थिक समीकरण पर बोलते हुए कंपनी ने कहा है कि यद्यपि लौह अयस्क निर्यात की कीमतों में वृद्धि का रूझान दिखाई दे रहा है, लेकिन घरेलू बाजार में शुद्ध बिक्री अर्जन बेहतर है ।

न्यूज गैलरी

महाराष्ट्र मंडल में आज छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती

रायपुर/नवप्रदेश। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में शुक्रवार, 19 जनवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती की जाएगी। गत दो वर्षों से महाराष्ट्र मंडल में प्रति माह यह आयोजन 19 तारीख को होता है।शुक्रवार को महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। इससे पहले मंडल के सचिव आचार्य चेतन गोविंद दंडवते छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्यपूर्ण जीवनकाल के कुछ प्रसंगों पर प्रकाश डालेंगे। युवा समिति के प्रमुख विनोद राखुंडे ने कार्यक्रम में मंडल के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से उपस्थित रहने की अपील की है। महाआरती के बाद 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर मंडल में आयोजित होने वाले रामोत्सव से संबंधित कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी।

महापौर ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

कोरबा/नवप्रदेश। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने ने वार्ड क्र. 31 में सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होने कार्य की गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने एवं प्रॉपर ढलान, नियमित क्यूरिंग, सड़क की थीकनेस आदि का परीक्षण करवाकर सड़क, नाली के निर्माण कार्यो को समयसीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को दिये। इसके साथ ही वार्ड में चल रहे सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को समयसीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होने वार्ड क्र. 25 मिनीमाता कालेज के पीछे जायसवाल समाज के सामुदायिक भवन तथा वार्ड क्र. 31 दादरखुर्द में बन रहे कुम्भकार समाज के निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के कार्य पूर्ण कर उसमें बिजली, पानी आदि की व्यवस्था संबंधी कार्यो पर भी अधिकारियों को निर्देश दिये ताकि समाज के लोगों को अपने-अपने सार्वजनिक कार्यो को सम्पन्न कराने में सुविधा मिल सके। भ्रमण के दौरान पार्षद अनुज जायसवाल, बिसाहूराम, नफीसा बेगम, लक्ष्मी देवांगन, बद्री प्रसाद, ननकी प्रजापति, मनीराम प्रजापति, शनि प्रजापति, राजेन्द्र प्रसाद, प्यारेलाल, मनोज कुमार, विमल सिंह गोयल, विनोद गोंड़, मनोज अग्रवाल आदि के साथ काफी संख्या में वार्डो के नागरिकगण उपस्थित थे।

बामपारा में रामचरितमानस सम्मेलन का समापन

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम करूपान बामपारा में रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसका 18 जनवरी को समापन हुआ। आचार्य संत रामकृष्ण अलीगढ़, उत्तर प्रदेश, सुश्री मधु देवी उपाध्याय हरिद्वार, अखिलेश मणि शांडिल्य देवरिया उत्तर प्रदेश, पूजा देवी द्विवेदी उत्तर प्रदेश, नरेंद्र दीक्षित मुंगेली, गंगाराम साहू लोरमी, रोहन सिंह ठाकुर तखतपुर, उदय राम साहू मानस प्रवक्ता लोरमी के द्वारा कथा सुनाये जा रहे हैं। कार्यक्रम के संचालक पूर्व सरपंच पुनाराम साहू एवं सुदर्शन साहू रामायानिक को बनाया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दुकालराम साहू, डॉ. रामकुमार साहू, रामजी साहू, दादू राम साहू, राजकुमार साहू, राजेश साहू, हिमन साहू, जलेश्वर साहू, दिनेश साहू, डॉ. महाजन साहू, डॉ. सहदेव यादव, सालिक साहू, विक्की यादव सहित समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

नवधा रामायण, मानस गान स्पर्धा संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम चकरभठा में हर वर्ष की भांति इस साल भी अखंड नवधा रामायण एवं मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 17 जनवरी तक किया गया है। कार्यक्रम के संचालक श्रवण साहू, मनहरण साहू एवं नरेंद्र साहू को बनाया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती जानकी डॉ. रामकुमार साहू एवं सरपंच संतोषी बंशीलाल साहू, द्वितीय पुरस्कार 8001 रूपए राजेश्वर टंडन एवं उमेंद्र तोंडे, तृतीय पुरूस्कार 7001 रुपए राजेश मिश्रा, जगन्नाथ शर्मा, चतुर्थ 6501 श्रवण साहू, सुशील जायसवाल, पंचम पुरस्कार 4100 रुपए निर्मला साहू एवं अशोक साहू इसी तरह 11 पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। बेस्ट गायक-गायिका एवं अच्छे से प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने गजानंद निर्मलकर, संतोष साहू, यशवंत साहू, लखन साहू, मिंटू साहू, राजू चैहान, डॉ. योगेंद्र साहू, राम लखन साहू, प्रमोद साहू सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

रामगढ़ में होगा भव्य कार्यक्रम, तैयारियां शुरू

अंबिकापुर/नवप्रदेश। 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-समारोह के मद्देनजर राज्य शासन द्वारा राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजन किए जाने तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अयोध्या में आयोजित रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के अवसर पर राज्य भर में राम वनगमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत चिन्हित स्थल रामगढ़, उदयपुर जिला सरगुजा में 22 जनवरी को लाईटनिंग, दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान, मानस मंडलियों का मानस गायन एवं अन्य भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन एवं आवश्यक तैयारियों के संबंध तेजस शेखर वनमण्डलाधिकारी जिला सरगुजा को नोडल अधिकारी एवंबी आर खाण्डे, अनुविभागिय अधिकारी (रा.) उदयपुर, वेद प्रकाश गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उदयपुर तथा मोहन साहू, पर्यटन अधिकारी (प्रभारी राम वनगमन) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है । साथ ही जिला अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न दायित्व सौंपे गये हैं। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के आयोजन में नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों, ट्रस्ट, मंदिर समितियों की भागीदारी भी रहेगी।

बिजली सब स्टेशन के ऑपरेटरो को समय से नहीं मिल रहा वेतन, हड़ताल की दी चेतावनी

बिजली आपूर्ति हो सकती है प्रभावित

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले के डिवीजन 1 और 2 के 33/11 केवी में ठेका कंपनी में कार्यरत ऑपरेटरों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। वेतन व अन्य सुविधाओं के लिए ठेका कंपनी जेबीएस इंटरप्राइजेज पुणे महाराष्ट्र से शिकायत करने के बाद भी मनमानी नहीं रुक रही है, जिसे लेकर कर्मचारी अब हड़ताल करने की रणनीति बना रही है। इनके विरोध करने से बिजली व्यवस्था प्रभावित होगी।

जिससे व्यापक असर देखने को मिल सकता है। दरअसल जिले में 103 सब स्टेशन है जिनमें 420 कर्मचारी कार्यरत है। जिन्हें कई महीनों से समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। 10 जनवरी को नवंबर महीना को वेतन मिला। दिसंबर की वेतन अब तक नहीं मिला है। सब स्टेशन में कार्यरत ऑपरेटर अपनी ठेका कंपनी को शिकायत कर रुचि है लेकिन ठेका कंपनी के द्वारा कभी भी समय में वेतन नहीं दिया जा रहा है। इसके साथ ही कई कर्मचारियों के खाते से हर महीने ईएसआई का पैसा तो कट रहा है लेकिन अभी तक उनका पंजीयन ही नहीं हुआ है। कई बार शिकायत के बाद ठेका कंपनी कर्मचारियों का ना तो पंजीयन करा रहा है और ना गलत नाम, पता व टाइटल को लेकर गंभीर है। ठेका कंपनी के खिलाफ ऑपरेटर आक्रोशित नजर आ रहे है। जिसकी शिकायत सब स्टेशन ऑपरेटरों ने कार्यालय मुख्य अभियंता से की है। और हिदायत देते हुए कहा है कि दिसंबर का वेतन 22 जनवरी तक नहीं मिलेगा तो मोबाइल बंद विरोध किया जाएगा। फिर भी ठेका कंपनी गंभीर नहीं हुई काम बंद हड़ताल करने की बात कही हैं।

जिले दो डिवीजन से चलते है। जिनके अंदर 103 सब स्टेशन है। एक सब स्टेशन में 4 ऑपरेटरों ड्यूटी करते है। जो शिफ्ट के अनुसार किया जाता है। अधिकांश काम मोबाइल एप से किया जाता है। लेकिन इन्हीं अब तक ठेका कंपनी के द्वारा मोबाइल वितरण नहीं किया। स्वयं के मोबाइल से काम कर रहे हैं। जिसके रिचार्ज के लिए भी रुपए नहीं दिए जा रहे है। गलती से कभी रिचार्ज खत्म व नेटवर्क नहीं मिलने पर जानकारी देने में देर हो जाती है तो उनको अधिकारियों से खरी खोटी सुनना पड़ता है।

22 को शुष्क दिवस घोषित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के अनुसार कलेक्टर सरगुजा द्वारा अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी 2024 (दिन सोमवार) को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। एक दिवस के लिए जिले के समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकानें, एफ.एल.8 एवं मद्य भाण्डागार बंद रखी जावेगी। इस दिन मदिरा का विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा। उन्होंने शासन के आदेश कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने ताइक्कांडो में स्वर्ण पदक विजेता भव्या को किया प्रोत्साहित

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर से 06वीं राष्ट्रीय ताइक्कांडो में स्वर्ण पदक विजेता भव्या खत्री ने मुलाकात की। कलेक्टर ने खुशी जाहिर करते हुए भव्या को बधाई दी तथा उनका हौसला बढ़ाते हुए आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रोत्साहित किया।वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया कि 6वीं राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता 30 व 31 दिसंबर को उड़ीसा में आयोजित किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो यूनियन के नेतृत्व में जिले सहित अन्य जिलों के 120 खिलाड़ियों के दल ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जिले से नेतृत्व करते हुए लोरमी नगर में संचालित ताइक्कांडो अकादमी से भव्या खत्री ने स्वर्ण पदक जीता है।

कोटपा अधिनियम-प्रावधानों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती जिले में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 का अनुपालन बेहतर ढंग से हो सके इसके लिए राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में अधिनियम अंतर्गत पुलिस विभाग , श्रम विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग, नगरी निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकृत सदस्यों का जिला स्तरीय प्रवर्तन दल का गठन किया गया है। गठित दल द्वारा कलेक्टर के निर्देशानुसार कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधानों के उल्लंघन होने पर चलान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

कलेक्टर पन्ना द्वारा द्वारा गठित दल को उक्त धाराओं के उल्लंघन पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं एवं जनता से अपील की गई है कि उक्त नियमों का पालन कर जिले के बच्चों एवं नौजवानों को तंबाकू से दूर रखने के प्रयास में सहयोग प्रदान करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूरज सिंह राठौर से प्राप्त जानकारी अनुसार अधिनियम की धारा 4 के तहत किसी भी सार्वजनिक स्थान (समस्त कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान, होटल, रेस्टोरेंट बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन गार्डन ,लाइब्रेरी , मैदान ,ऑडिटोरियम आदि) पर धूम्रपान करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगा तथा इन सार्वजनिक स्थानों पर लाइटर, माचिस जैसी धूम्रपान को प्रोत्साहित करने वाली चीज रखना भी प्रतिबंध होगा। इसके लिए संबंधित सार्वजनिक स्थान के मालिक को सूचना पटल प्रदर्शित करना होगा यदि कोई भी सार्वजनिक स्थान का मालिक या प्रबंधक ऐसा नहीं करता है तो वह भी धारा चार का उल्लंघन माना जाएगा और इस पर 200 रुपए तक की चलानी कार्यवाही की जाएगी। अधिनियम की धारा 6 एवं बाकी तहर किसी की 18 साल से कम उम्र के व्यक्ति के द्वारा तंबाकू उत्पाद बेचा जाना एवं खरीदा जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगा एवं किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दूरी पर तंबाकू उत्पाद की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगी। इसके लिए विक्रय कर्ता को 18 साल से कम उम्र को तंबाकू उत्पाद न बेचे जाने का बोर्ड प्रदर्शित करना होगा इसी प्रकार से समस्त शैक्षिक संस्थानों को उनके 100 गज के दायरे पर तंबाकू उत्पाद की बिक्री ना हो यह सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड प्रदर्शित करना होगा। यदि कोई भी विक्रयकर्ता यह बोर्ड प्रदर्शित करने में असफल होता है या उक्त नियम का उल्लंघन करता है तो उस पर 200 रुपए तक का जुर्माना किया जा सकता है।

रामलला के अयोध्या पहुंचने की झांकी ने मन मोहा

संत ज्ञानेश्वर स्कूल में बच्चों की प्रस्तुति पर लगे जय श्रीराम के नारे

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु रामलला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रायपुर भी राममय हो चला है। इसी राममय माहौल में महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चों ने रामलला के अयोध्या पहुंचने की मनमोहक झांकी निकाली। बच्चों की शानदार प्रस्तुति देख सभी ने जय श्रीराम के नारे लगाए। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल के शहीद राजगुरु हाउस के बच्चों ने श्रीराम के अयोध्या पहुंचने को लेकर मनमोहक झांकी निकाली। प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण बनकर बच्चे पहुंचे। कुछ बच्चे हाथों में भगवा ध्वज लिए हुए थे। सिर पर कलश रख लड़कियों ने प्रभु श्रीराम का स्वागत किया। इस दौरान सभी ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। शिक्षक हनुमान कन्नौजे ने बच्चों को श्रीराम के अयोध्या आगमन कथा का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। शहीद राजगुरु हाउस की प्रमुख अनिता सोनी ने झांकी निकालने की रूपरेखा तय की। सुखदेवी विश्वास और शिखा शर्मा के साथ स्टाफ मोनू और मुकेश्वरी ने झांकी साजवट में विशेष सहयोग किया।

कर्मचारी संघ ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष बिंदु भास्कर, जिला सचिव कृष्ण कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

जहां पहले थी दहशत, वहां अब जोश, उमंग और उत्साह

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के सचिव आचार्य चेतन गोविंद दंडवते ने सन् 1990 में मुलायम सिंह यादव सरकार में कारसेवा में शामिल होकर अपने तीखे अनुभव साझा चुके हैं। एक बार फिर उन्होंने दिसंबर 1992 में अयोध्या का विवादित ढांचा ढहाये जाने के अनुभव को सुनाया। दरअसल वे स्वयं उन कारसेवकों में शामिल थे, जिन्होंने विवादित ढांचे का पहला गुंबद ढहाया था। आचार्य चेतन ने बताया कि पहली बार जहां मेरी कारसेवा दहशतभरे वातावरण में संपन्न हुई थी, वहीं दूसरी बार कारसेवा में जोश, उमंग और उत्साह था। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति ने 6 दिसंबर 1992 गीता जयंती के दिन कारसेवा का दिन सुनिश्चित किया था। चूंकि मैं पहली बार कारसेवा करके आ चुका था, इसलिए दूसरी बार जाने को लेकर मुझमें और ज्यादा उत्साह था। पिछली बार मेरे साथ अयोध्या गए आठ दोस्तों में तीन दोस्त फिर से साथ चलने को तैयार हुए। 3 दिसंबर को हम लोग कारसेवा करने के लिए सारनाथ एक्सप्रेस से इलाहाबाद (प्रयागराज) जाने के लिए रवाना हुए। उन दिनों उत्तरप्रदेश में कल्याण सिंह की भाजपा सरकार थी। कारसेवकों को रोकने के लिए इलाहाबाद से पहले नैनी स्टेशन में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था। उन्होंने अपनी बात को आगे जारी रखते हुए कहा कि दूसरे दिन दोपहर में जैसी ही ट्रेन नैनी स्टेशन में प्रवेश करने वाली थी। हमने खिड़की से बाहर देखा कि बड़ी संख्या में पुलिस के जवान स्टेशन में तैनात हैं। हम समझ गए कि हमें यहां रोक लिया जाएगा। इस बार हमारे साथ महिलाओं की टीम भी कारसेवा करने के लिए शामिल थी। पुलिस ने महिलाओं को वहां उतार दिया और नैनी स्कूल में बने अस्थाई जेल में रखा।

आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस पर व्याख्यान और विप्र विधायक का किया सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस का आयोजन रविवार 14 जनवरी को वृन्दावन हाल, रायपुर में किया गया जिसमें आचार्य चाणक्य जी के जीवन एवं सिद्धान्तों पर व्याख्यान, विप्र विधायक सम्मान एवं धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि सुभाष तिवारी व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों द्वारा माता सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया. आयोजन के मुख्य अतिथि पुरन्दर मिश्रा, विधायक रायपुर उत्तर एवं अनुज शर्मा, विधायक धरसींवा थे. अतिथियो का मंच पर स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन की वर्ष भर की गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यो से अतिथियों व सभा को अवगत कराया. प्रांतीय महासचिव अजय अवस्थी ने आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस की पृष्ठभूमि, ब्राह्मण समाज की वर्तमान भूमिका पर अपने विचार रखते हुए सम्पूर्ण विषय से अवगत कराया. कार्यक्रम में आमंत्रित विद्वान वक्तगण महेशचन्द्र शर्मा जी, वरिष्ठ शिक्षाविद व साहित्यकार एवं शशांक शर्मा जी, वरिष्ठ पत्रकार व पूर्व संचालक हिन्दी ग्रन्थ अकादमी ने अपने विस्तृत व्याख्यान में आचार्य चाणक्य जी के जीवन व नीतियो पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समाज का प्रेरणास्त्रोत बताया तथा उनकी नीतियो से समाज किस तरह एकता व सामाजिक समरसता के साथ रह सकता है इस पर विचार दिये. विप्र सम्मान हेतु सभा को संबोधित करते हुए माननीय विधायक पुरन्दर मिश्रा जी ने कहा कि उनकी विजय भगवान जगन्नाथ जी की कृपा, विप्र जनों का सहयोग और जनता का आशीर्वाद रहा है. माननीय विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि उनकी विजय एक अभिनेता को जनसेवक के रूप में अपेक्षा से अधिक मिला जनता का प्यार व आशीर्वाद ही है.

न्यायालय तहसीलदार
थानखम्हरिया जिला बेमेतरा(छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202312231000012
/अ-27/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामलोचन सिंह पिता स्व. नारद उम्र 45 वर्ष जाति राजपूत निवासी ग्राम नवागांवकला तह. थानखम्हरिया जिला बेमेतरा छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में धारा 178 के तहत् आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक के संयुक्त नाम पर ग्राम नवागांवकला प.ह.न. 08 स्थित भूमि खसरा नंबर 391, 461/1, 482, 486, 527/2 रकबा 0.71, 0.15, 0.08, 0.23, 0.32 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त दर्शित भूमि को सहखातेदारों के मध्य बराबर-बराबर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त आवेदन पत्र भुईया पोर्टल में प्राप्त हुआ है जिसमें अतिरिक्त साक्ष्य की आवश्यकता होने के कारण प्रकरण ई-कोर्ट में स्थानांतरण किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में उपस्थित होकर उपरोक्त मामले की सुनवााई दिनांक 28.01.2024 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति कर सकते है। बाद में आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.01.2024 को न्यायालय की पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार**
थानखम्हरिया (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400263
/अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अमित सिंह आ./पति दिनेश सिंह निवासी कैलाश नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 341/88 रकबा 0.0102 हें/ 1100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी**
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400261
/अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका पलास निषाद आ./पति गौतरिहा निषाद निवासी जेवरासिरसा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 341/87 रकबा 0.0102 हें/ 1100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी**
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400262
/अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ऋतुराज चंद्राकर आ./पति विक्रम चंद्राकर निवासी शंकरनगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 341/89 रकबा 0.0102 हें/ 1100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी**
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती सना खान (SANA KHAN) पति श्री शहादत खान, उम्र 32 वर्ष निवासी ब्लाक-5 क्वा.नं. 4 हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की है। मेरी पक्षकारा का विवाह दिनांक 29.06.2022 को शहादत खान पिता सादुल्ला खान के साथ संपन्न हुआ है तब से मेरी पक्षकारा अपने पति के साथ निवासरत् है एवं मेरी पक्षकारों के विवाह पूर्व उसके समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में उसका नाम स्मिता रात्रे पिता मनोज रात्रे दर्ज था, विवारोपरांत मेरी पक्षकारा का नाम श्रीमती सना खान (SANA KHAN) पति श्री शहादत खान है तथा स्मिता रात्रे एवं श्रीमती सना खान (SANA KHAN) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात मेरी पक्षकारा का ही नाम है। मेरी पक्षकारा के शासकीय, अर्द्धशासकीय रिकार्ड में उसका नाम श्रीमती सना खान (SANA KHAN) पति श्री शहादत खान दर्ज करवाना चाहती है। जिसके संबंध में दिनांक 17.01.2024 को श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोद्य दुर्ग छ.ग. के समक्ष एक शपथपत्र भी निष्पादित करवा चुकी है तथा छ.ग. गजट प्रकाशन में भी नाम सुधार हेतु प्रकाशन करवाना चाहती है। भविष्य में मेरी पक्षकारा को श्रीमती सना खान (SANA KHAN) पति श्री शहादत खान के नाम से ही जाना, पहचाना, लिखा, पढ़ा, समझा एवं संबोधित किया जावे। अत: यह आम सूचना मेरे पक्षकार के निर्देश पर मेरे द्वारा जारी किया गया है।

भवदीय
दीपक महलवार
अधिवक्ता- जिला न्यायालय
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9301912012

न्यायालय नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202312100600034
/अ-6अ/ वर्ष 2023-24

पक्षकार शिवप्रसाद राणा पिता चौनलाल
निवासी फाफाडीह तह. व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम कोपेडीह प.ह.नं. 07 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शिवप्रसाद राणा पिता चौनलाल निवासी फाफाडीह तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम कोपेडीह प.ह.न. 07 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 430/2 का टु. रकबा 1000 वर्गफीट भूमि को पंजीकृत बैनामा द्वारा उपपंजीयक कार्यालय पाटन में दिनांक 14.11.2013 को क्रय किए जाने से उक्त भूमि का प्रमाणीकरण होकर नई ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया है। किन्तु ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में रिकार्ड दुरुस्त नही किया गया है। उक्त भूमि में आवेदक नाम राजस्व अभिलेख में दुरुस्त किए जाने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है के आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरुस्त की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 24.01.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

(मुहर) **नायब तहसीलदार**
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202401101500023
विषय: अ-06/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

सांकरा प.ह.न. 00006 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- तेजराम ठाकुर
अनावेदक पक्षकार - छ.ग.

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सांकरा प.ह.नं. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक तेजराम ठाकुर पिता स्व. गोंविद ठाकुर निवासी ग्राम अमेरी तह. पाटन जिला रायपुरा छ.ग. द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.न 06 रा.नि.मं. जामगांव एम तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित ग्वालिन के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 1174 रकबा 0.94 हे. में ग्वालिन का मृत्यु दिनांक 07.08.1998 हो जाने से उक्त भूमि को अपने नाम नामांतरण कर दुरुस्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 31.01.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.01.2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) **अतिरिक्त तहसीलदार**
पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागवत यादव पिता स्व. लोकूराम यादव निवासी उरला तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उरला तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 310/1 रकबा 0.1650 हे. भूमि जो कि जोहजी बाई एवं लोकूराम यादव के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु 26.09.22 एवं 05.02.2009 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **नायब तहसीलदार**
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. फारुख खान पिता स्व. मो. अब्दुल खालिक खान निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 664/7 रकबा 0.0050 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अहमदी बानो की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार**
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

निकाली शोभायात्रा, दिया निमंत्रण

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम छिपली में अयोध्या से आए अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाली। इसमें ग्राम की महिलाओं ने गांव का भ्रमण किया। घर-घर दस्तक देकर निमंत्रण दिया गया। इसमें ग्राम के सरपंच संत नेताम ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष त्रिभुवन बिसेन डॉक्टर गोकुल राम देवांगन हनुमान मंदिर पुजारी मदन पटेल भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री गुरु प्रसाद साहू तुलसीराम साहू खेदुराम सोम राजेंद्र पटेल तोषण कश्यप विष्णु राम साहू महेश साहू श्रवण ध्रुव मीराबाई चंदन सुनीति साहू पुष्पा साहू एकता साहू पूर्णिमा साहू लक्ष्मी बोरझरिया जमुना बाई साहू ललिता साहू पुष्पा यादव कलाबाई दसरी बाई शांति बाई साहू जानकी साहू मोतिम साहू हिरमोतीन साहू राजकुमारी साहू भगवंतीन साहू परम भाई शर्मा उर्मिलाबाई गैंदी बाई देव सुशींता कश्यप घसनीन देव उमाबाई नागर्ची हेमलता नागर्ची सावित्री बिसेन पूर्णिमा सार्वा वंदना साहू विद्या देवी चनाप रंभा बाई खुंटे एवं अन्य ग्रामीणों ने सहयोग दिया।

कमारों के लिए मेडिकल मोबाइल यूनिट की शुरुआत

नगरी/नवप्रदेश। ब्लॉक मुख्यालय में पीएम जनमन का मेगा इवेंट का आयोजन व्हुआ। ब्लाक में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमारों के लिए कई सारी नई गतिविधियों की शुरुआत कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर प्रारम्भ किया गया। ऐसे कमार बसाहट जो स्वास्थ्य केंद्रों से 5 किमी से अधिक की दूरी पर बसे हैं। उनके लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट की सुरुआत की गई। इसके बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एस के मंडल ने बताया कि विकासखंड नगरी के 8 कमार बसाहटों में यह मेडिकल यूनिट प्रत्येक माह प्रत्येक पाक्षिक दिवसों के निर्धारित दिवसों में विजिट करेगी। इसमें चिकित्सक दल निवासरत कमारों की जांच उपचार व आवश्यकतानुसार इलाज किया जाएगा। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट ग्राम ठेठझरिया , गांताबाहारा , चंवरी-रै, बहीगांव, घोरागाव चंदनबाहारा , बरपदर, बोरगांव विजिट करेगी। कमारों की मांग और कलेक्टर के निर्देश पर सिविल अस्पताल नगरी में कमारों के लिए 5 बिस्तर वार्ड अलग से बनाया गया है। इसको कमार मरीजों के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

बैंक खाते को आधार से सीडिंग 23 जनवरी तक

नारायणपुर/नवप्रदेश। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के जिन विद्यार्थियों का वर्ष 2022-23 आधार सीडिंग आज तक नहीं हुआ है, ऐसे विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति भुगतान हेतु बैंक खाते को आधार से सीडिंग करने के लिए 23 जनवरी 2024 तक अंतिम समय सीमा का निर्धारित की गई है। संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बैंक खाते से आधार सीडिंग के लिए संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर तत्काल कार्यवाही पूर्ण करने संस्था के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है। निर्धारित समयावधि तक विद्यार्थियों के बैंक खाते आधार से सीडिंग नही होने पर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति राशि भुगतान नही होने की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी संस्था प्रमुख की होगी।

प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, द्वारा कार्यालय परिसर गरियाबंद में शुक्रवार 19 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निजी प्रतिष्ठान- फायर, सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट भिलाई दुर्ग द्वारा फायरमैन, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, अग्निशमन ड्राइवर (हेवी लाइसेंस), के 160 रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जायेगी। निजी प्रतिष्ठान में रोजगार के इच्छुक ऐसे आवेदक, जो न्यूनतम 8वीं, 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा फायर सेफ्टी, डिप्लोमा स्नातक की योग्यता रखते हों, वे दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी अंकसूची, प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प का लाभ उठावें। प्लेसमेंट कैम्प के संबंध में कार्यालयीन दूरभाष क्र. 07706-241269 में संपर्क कर सकते हैं।

कोबाबेड़ा नारियल विकास बोर्ड देश में पहले स्थान पर

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के कोपबेड़ा में 100 एकड़ क्षेत्रफल में फैले राज्य का इकलौता नारियल विकास बोर्ड जो देश के 11 नारियल विकास बोर्ड में प्रोडक्शन के मामले में पहले स्थान पर है। जहॉ से हर साल एक करोड़ से ज्यादा की आय प्रबंधन को होता है। दरअसल केंद्र कृषि मंत्रालय के द्वारा जिला मुख्यालय में संचालित हो रहे इस नारियल विकास बोर्ड की स्थापना 1987 में हुई थी। वतर्मान में यहॉ 18 विभिन्न वैराटियों के 6 हजार नारियल के पेड़ हैं। इनमें लॉखों की मात्रा में नारियल का उत्पादन होता हरसाल होता है। यहॉ मुख्यतः लंबा, बौना व शंकर प्रजाति के नारियल के

पेड़ हैं। जिसमें से लंबा व शंकर प्रजाति के पेड़ों से उत्पादन इलाके में अच्छा होता है और यहॉ की जलवायु इसके अनुरूप ही है। यहॉ से उत्पादित होने वाले नारियल डॉब व सूखे न केवल राज्य में बल्कि अन्य राज्यों को भी सप्लाई की जाती हैं। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर नारियल के पौधों का विक्रय भी यहॉं की नर्सरी में तैयारकर इसी केंद्र से किया जाता है। यहॉ इसे लगाने के तौर-तरीके भी किसानों को निःशुल्क ही बताए जाते है। यहॉ हर साल बड़ी संख्या में सैर-सपाटे के लिए आने वाले लोगों के साथ ही शोधार्थी छात्र-छात्राएं भी यहॉ आकर अध्ययन करते हैं।

अन्य पेड़ भी

नारियल विकास बोर्ड के इस प्रक्षेत्र में न केवल नारियल बल्कि आम, दालचीनी, काफी, लिची, कालीमिर्च, चीकू, ऑवला, कोका सहित अन्य पौधे भी लागाए गए हैं। इनसे भी प्रबंधन को अच्छी आमदानी हो जाती है। वही यहॉ पैदा होने वाले कॉफी व कोका को मल्टीनेशनल कंपनियों को सीधे भेजा भी जाता है।

> हमारे यहॉं न केवल नारियल बल्कि अन्य पौधे भी लगाए गए हैं, अच्छी वैरायटी के नारियल पौधे केंद्र से भी बिक्री की जाती है।
> **-आईसी कटियार,**
> सहा. निर्देशक, नारि. वि.बोर्ड

विकसित और समृद्ध बनाने काम कर रहे पीएम : विरेन्द्र

■ **केशली व बिटकुली में विकसित भारत संकल्प यात्रा**

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम केसली एवं बिटकुली में बुधवार को विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र साहू थे। श्री साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच, सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत का प्रयास है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि देश का हर व्यक्ति सुखी हो, निरोग हो, समृद्ध हो। उन्होंने अपनी इसी सोच को मूर्त रूप देने के लिए 15 नवंबर को देश के झारखण्ड के खुटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा 24 जनवरी तक देश के करीब 2 लाख 60 हजार ग्राम पंचायतों में पहुंचकर लोगों को मोदी की गारंटी वाली जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करेगी। जनपद अध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी का सपना है कि वे देश की आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 2047 तक विकसित भारत का निर्माण कर देश में राम राज्य की स्थापना करें। अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों से आव्हान किया कि वे भी 22 जनवरी को भगवान रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के शुभअवसर पर अपने गांव, घर में दीपक जलाकर दीपावली मनाए। उन्होंने शिविर में आए लोगों को शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया। साथ ही कई हितग्राहियों को केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संचालित उज्जवला योजना के तहत गैस सिलैण्डर व चूल्हा तथा आयुष्मान कार्ड वितरण कर लाभान्वित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामचारण साहू, चतुर साहू, मनोज सिन्हा, नारायण साहू, रामेश्वर साहू, राजकुमार सिन्हा, लता साहू, सरस्वती सिन्हा, रामफल निर्मलकर, श्यामलाल निर्मलकर, हजारी राम साहू, संतूराम निषाद, लीलाराम सिन्हा, महादत्त सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

सीआरपीएफ का बाइक एंबुलेंस बना मददगार

बीजापुर/नवप्रदेश। गुरुवार सुबह सी/168 बटालियन सरकेगुड़ा के आसपास के इलाके में एरिया डॉमिनेशन के लिए निकली थी, वापसी आते समय सीआरपीएफ सी/168 के कंपनी कमांडर चन्द्र सिंह पंवार, कोरसागुड़ा गांव के पास का एक युवक रमेश ककेम (26)पुत्र आयतु ककेम, कोरसागुड़ा में नाज़ुक हालत में मिला। आसपास के लोगों ने बताया कि वह बहुत बीमार है , तभी उसका केरिपु बल के जवान द्वारा उसका मलेरिया किट द्वारा जांच की और मलेरिया पॉजिटिव पाया गया। उसको दवाई दी गई और बासागुडा के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बासागुड़ा हॉस्पिटल से बात करके तुरंत बाइक एंबुलेंस बुलवाकर उसे बेहतर इलाज के लिए बासागुड़ा हॉस्पिटल भेजा गया। ककेम रमेश के परिवार वाले काफी खुश हैं क्योंकि सही समय पर उसको इलाज मिला, भविष्य में भी यदि

किसी प्रकार की सहायता की जरूरत पड़ी इसका भी आश्वासन दिया। के रि पु बल समय समय पर गांव में जाकर सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सामान, दवाई आदि बांटती है। भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा जो सरकारी योजनाओं की ज्यादा से ज्यादा जानकारी और जागरुक भी कर रही है,ताकि सरकारी योजनाओं का फायदा अधिक से अधिक लोगों को मिले।

प्राकृतिक आपदा के मृत परिजनों को मिली आर्थिक सहायता राशि

■ **रामनामी भजन मेला, श्रीराम मंदिर और 26 जनवरी की तैयारी के लिए निर्देश**

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। बैठक की शुरुआत में सभी अधिकारियों ने मतदान की शपथ ली। कलेक्टर श्री चौहान ने सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम लेन्ध्रा छोटे में आयोजित रामनामी भजन मेला अंतर्गत बुनियादी बिजली पानी व्यवस्था, देश के अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर समारोह के दिन जिले के महानदी किनारे बसे गांव में दीपदान, घरों में दीप प्रज्ज्वलित करना, मानस मंडली के माध्यम से धार्मिक कार्यक्रम और 26 जनवरी की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। बैठक में राजस्व प्रकरणों में सीमांकन, डायवर्सन, डिजिटल हस्ताक्षर, अभिलेख शुद्धता, माह में एक दिन मेडिकल बोर्ड की जिले में बैठक व्यवस्था, मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, सुधार करने, पीएम किसान सम्मान निधि, आधार सीडिंग, शासकीय भूमि बैंक, पीएम आवास, अवैध खनन व खनिज परिवहन, अवैध धान परिवहन आदि के संबंध में कार्यवाही के लिए चर्चा किया गया। कलेक्टर ने कहा कि सभी प्राकृतिक आपदा नदी, तालाब, कुआ में डूबने, सांप, बिच्छू काटने, पेड़ गिरने, आकाशीय बिजली से मृत्यु की जानकारी

मिलते ही शासन में कार्यरत सभी कर्मचारी कोटवार पंचायत सचिव, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, पटवारी अपने उच्च अधिकारियों को मृत्यु की जानकारी दें ताकि जिला प्रशासन सभी जरूरतमंद परिवार को अतिशीघ्र 4 लाख का सहयोग करें। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री चौहान ने सारंगढ़ तहसील के गांव बगबंध निवासी मोंगरा बाई बरिहा और गांव डोमाडीह निवासी सुनीता लहरे को प्राकृतिक आपदा मृत्यु आरबीसी 6, 4 प्रकरण के तहत 4 लाख का प्रतीक चेक प्रदान किया। कलेक्टर ने हितग्राहियों को बताया कि भुगतान राशि खाते में सीधा आएगा। कलेक्टर श्री चौहान ने इस राशि का किसी व्यापार धंधा, स्वरोजगार आदि में सही उपयोग करने के लिए कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, बी.एक्का सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

खेल स्पर्धा शुरु

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी और अंग्रेजी माध्यम स्कूल पवनी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई।

इसके मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ एस.एन.भगत विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ एस.एन.साहू एवं सेवा निवृत्त प्राचार्य पी एस ठाकुर थे। उक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य ए के साहू ने दी।

रामोत्सव की तैयारी, हुई बैठक

■ **श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के संबंध में बैठक सम्पन्न**

नगरी/नवप्रदेश। जिले में भी भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है 22 जनवरी को अयोध्या में 'श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव' पर प्रदेश सहित जिले में भी भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके मद्देनजर अनुविभाग कुरूद अंतर्गत कुरूद और मगरलोड ब्लॉक में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव के भव्य एवं भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव' का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया जाना है। इस मौके पर विधायक मानस मण्डली प्रतिनिधि लोकेश सिन्हा, तहसीलदार कुरूद, तहसीलदार मगरलोड और अतिरिक्त सीईओ जनपद पंचायत कुरूद तथा जनपद पंचायत मगरलोड से पंचायत निरीक्षक उपस्थित थे।

वेतन विसंगति को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

बिलाईगढ/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक जिला सारंगढ बिलाईगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति और सहायक शिक्षक से शिक्षक और शिक्षक से प्रधान पाठक प्रमोशन के संशोधन से प्रभावित शिक्षकों के विगत सितंबर से दिसंबर 2023 तक के 4 माह के वेतन रुका हुआ है। जिसके सम्बद्ध में संचालक लोक शिक्षण संचनालाय रायपुर और शिक्षा मंत्री बृज मोहन अग्रवाल से मिलकर समस्याओं पर ज्ञापन सौंपा। वेतन विसंगति का निराकरण साथ ही प्रमोशन संशोधन के 4 माह का वेतन का निराकरण बहुत ही जल्द पूर्ण होने का आश्वासन मंत्री एवम संचालक के द्वारा दिया गया गया। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से प्रांतीय महासचिव अश्वनी कुर्रे , जिला कार्यकारी अध्यक्ष सारंगढ़ बिलाईगढ़ मनीष डड़सेना , प्रदेश प्रवक्ता राजू टंडन, जिला अध्यक्ष बिलासपुर डी आर पटेल , ब्लाक अध्यक्ष बिलाईगढ़ सरयुकांत बंजारे, ब्लाक उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा और गुलाब कुर्रेआदि शामिल थे।

राम जन्मभूमि के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती भी रामलला दर्शन योजना का हिस्सा

■ **हर साल 20 हजार लोग करेंगे रामलला के दर्शन**

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में रामलला दर्शन योजना प्रारंभ निर्णय लिया है। इससे जनमानस में अपार हर्ष का माहौल है। लोगों ने कहा कि इस पहल के माध्यम से प्रदेश वासियों को राम जन्म भूमि के दर्शन का सुअवसर मिलने जा रहा हैं। बलौदाबाजार नगर निवासी श्रीमती उषा केडिया,श्रीमती उषा शर्मा, श्रीमती लता नामदेव, श्रीमती सुधा गुप्ता, श्रीमती पार्वती श्रीवास,श्रीमती सुधा श्रीवास, श्रीमती अंजना शर्मा,श्रीमती ममता शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी का दिन पूरे भारत वर्ष के लिए ऐतिहासिक है। धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह बहुत ही खुशी का मौका है उस दिन हम सब मिलकर दीप जलायेंगे एवं दीवाली मनायेंगे। हमारे घर के आस पास ही हम कीर्तन-भजन के साथ भंडारे का आयोजन करेंगे। सभी महिलाओं ने कहा सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को श्री रामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या ले जाने की जो घोषणा की गई है वह बहुत नेक कार्य है। घोषणा अनुरूप हम रामलला का दर्शन कर पायेंगे। उन्होंने पीएम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री साय को इस योजना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा तथा बजट पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के तहत हर साल लगभग 20 हजार यात्रियों को श्री रामलला दर्शन हेतु

यात्रा ले जाया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी, 18 से 75 आयु वर्ग के जो जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में सक्षम पाए जायेंगे, उन्हें यात्रा की पात्रता होगी। दिव्यांगजनों के लिए यथा संभव उनके परिवार से कोई एक सदस्य साथ में रहेंगे। प्रथम चरण में 55 वर्ष से ऊपर के यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध होगी। इसके पश्चात अन्य आयु वर्ग के लोगों को भी यह सुविधा दी जाएगी। इसके लिए प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में श्री रामलला दर्शन समिति बनायी जाएगी। प्रत्येक समिति द्वारा अनुपातिक कोटा के अनुसार हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। इस यात्रा की दूरी लगभग 900 किलो मीटर होगी। इसके लिए भारतीय रेलवे केटरिंग एवं टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी)के साथ छत्तीसगढ़ मण्डल द्वारा एमओयू किया जाएगा। आईआरसीटीसी द्वारा यात्रा के दौरान यात्रियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, स्थलों के दर्शन, स्थानीय परिवहन तथा एस्कार्ट की व्यवस्था की जाएगी। हितग्राहियों को उनके निवास से निर्धारित रेलवे स्टेशन तक लाने एवं वापस ले जाने की व्यवस्था संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा की जाएगी। इसके लिए उन्हें बजट उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक जिले से यात्रियों के साथ एक सक्षम शासकीय अधिकारी अथवा एक छोटा दल भेजा जाएगा। यात्री दुर्ग-रायपुर, रायगढ़ एवं अंबिकापुर से रेल द्वारा गन्तव्य स्थल के लिए रवाना होंगे। यात्रा का मूल गन्तव्य अयोध्या धाम रहेगा। इसके साथ ही वाराणसी में एक दिन का रात्रि विश्राम, काशी विश्वनाथ मंदिर एवं कॉरीडोर तथा गंगा आरती का दर्शन का लाभ भी यात्रियों को मिल सकेगा।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का काम शुरु

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान ने कलेक्टोरेट में संचालित मतदाता जागरूकता अभियान के ईवीएम का बटन दबाकर परीक्षण किया। श्री चौहान ने सभी नागरिकों से अपील किया है कि आज कल में जितना जल्दी हो सके, सभी छूटे लोग और जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण है, वे अपना मतदाता सूची में नाम जोड़ लें। इसके साथ ही साथ मतदाता सूची से नाम हटाना, स्थान परिवर्तन के कारण सुधार कार्य भी आगामी 22 जनवरी तक कर सकते हैं। श्री चौहान ने मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार और मतदान को बढ़ावा देने के लिए मैं भारत का नागरिक हूं, मतदान करूंगा सेल्फी प्वाइंट में फोटो खिंचवाया।

एडिलेड टेस्ट : तीसरे ही दिन वेस्टइंडीज पर मंडराया हार का खतरा, 73 रनों पर 6 आउट

एडिलेड। एडिलेड टेस्ट के दूसरे ही वेस्टइंडीज हार की कगार पर पहुंच चुका है। टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 283 रन पर ऑलआउट तो कर दिया लेकिन खुद की दूसरी पारी में 6 विकेट भी गंवा दिए। दिन का खेल खत्म होने तक टीम 73 रन ही बना सकी और वे अब भी 22 रन से पिछड़ रहे हैं। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया से ट्रैविस हेड ने शतक लगाया। वेस्टइंडीज से डेब्यू मैच खेल रहे शमार जोसेफ ने 5 विकेट लिए। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड 4 विकेट ले चुके हैं। वेस्टइंडीज से विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा नॉटआउट रहे, वह तीसरे दिन टीम की दूसरी पारी आगे बढ़ाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले सेशन में तेजी से विकेट गंवाए

दूसरे दिन उस्मान ख्वाजा और कैमरन ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी आगे बढ़ाई। दोनों ने टीम का स्कोर 59/2 से आगे बढ़ाया। पहला सेशन खत्म होने तक टीम ने 144 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए। ख्वाजा 45, ग्रीन 14 और मिचेल मार्श 5 ही रन बनाकर आउट हो गए।

दूसरे सेशन में हेड ने लगाई सेंचुरी

नंबर-5 पर बैटिंग करने उतरे ट्रैविस हेड ने ऑस्ट्रेलिया को संभाला। लेकिन उनके सामने एलेक्स कैरी (15) और मिचेल स्टार्क (10) जल्दी आउट हो गए। हेड ने तेजी से रन बनाकर अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। सेशन खत्म होते-होते हेड भी आउट हो गए। उन्होंने 119 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर सेशन खत्म होने तक 8 विकेट के नुकसान पर 260 रन रहा।

तीसरे सेशन में ऑस्ट्रेलिया ऑलआउट

तीसरा सेशन शुरू होने के बाद ऑस्ट्रेलिया अपने स्कोर में 23 रन ही जोड़ सका और टीम ने अपने दोनों विकेट गंवा दिए। नाथन लायन 24 और पैट कमिंस 12 रन बनाकर आउट हुए। हेजलवुड नॉटआउट रहे। टीम ने 283 रन बनाए, वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 188 रन बनाए थे, इसलिए ऑस्ट्रेलिया को 95 रन की लीड मिली। वेस्टइंडीज से डेब्यू मैच खेल रहे शमार जोसेफने 5 विकेट लिए। जस्टिन ग्रीव्स और केमार रोच को 2-2 सफलताएं मिलीं, जबकि अल्जारी जोसेफने भी एक विकेट लिया।

वेस्टइंडीज ने 19 रन पर 4 विकेट गंवा दिए

ऑस्ट्रेलिया जैसे अटैकिंग बैटिंग ऑर्डर को 283 पर समेटने के बाद वेस्टइंडीज की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने दूसरी पारी में 7 ही रन पर 3 विकेट गंवा दिए। तेजनारायण चंद्रपॉल और एलिक एथनाज खाता भी नहीं खोल सके। वहीं कप्तान क्रैग ब्रैथवेट एक रन बनाकर पवेलियन लौटे। शुरुआती झटकों के बाद वेस्टइंडीज ने केवम हॉज का विकेट भी गंवा दिया। वह 12 बॉल में 3 रन बनाकर आउट हुए। शुरुआती चारों विकेट जोश हेजलवुड ने लिए। पहली पारी में फिफ्टी लगाने वाले कर्क मैकेंजी ने जस्टिन ग्रीव्स के साथ वेस्टइंडीज को संभालने की कोशिश की। लेकिन मैकेंजी 26 रन बनाकर कैमरन ग्रीन का शिकार हो गए। टीम ने 40 रन के स्कोर पर 5वां विकेट गंवा दिया।

ILT-20 के चैंपियन को मिलेंगे 5.80 करोड़ रुपए

फाइनल हारने वाली टीम को मिलेगा 2.50 करोड़ का इनाम; प्राइज मनी का ऐलान

इंटरनेशनल लीग T-20 (ILT-20) का दूसरा सीजन 19 जनवरी से 17 फरवरी तक UAE में खेला जाएगा। लीग ऑफिसियल्स ने दूसरे सीजन की प्राइज मनी का ऐलान बुधवार, 17 जनवरी को कर दिया है। इस बार के चैंपियन को करीब 5.80 करोड़ रुपए (700,000 US डॉलर) की इनामी राशि मिलेगी, जबकि उपविजेता को करीब 2.50 करोड़ रुपए (300,000 US डॉलर) मिलेंगे। लीग का पहला मैच शुक्रवार, 19 जनवरी को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में डिफेंडिंग चैंपियन गल्फ जाइंट्स और शारजाह वॉरियर्स के बीच खेला जाएगा।

क्या है ILT 20?

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और ब्रॉडकास्टर सबा करीम ने बताया कि ILT20 एक फ्रेंचाइजी बेस टी-20 लीग है, जिसे अमीरात क्रिकेट बोर्ड करवाता है। लीग में 6 फ्रेंचाइजी की टीमें हिस्सा लेती हैं। 19 जनवरी 2024 से लीग का दूसरा सीजन शुरू होगा। पहले सीजन का खिताब गल्फ जाइंट्स ने जीता था। टीम ने 12 फरवरी 2023 को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में डेजर्ट वाइपर्स को 7 विकेट से हराया था।

इंटरनेशनल लीग T-20 का फॉर्मेट

इंटरनेशनल लीग T-20 लीग इंडियन प्रीमियर लीग जैसे फॉर्मेट में खेली जाती है। मुकाबले 3 मैदानों पर होने हैं। सभी टीमों को आपस में लीग मैच खेलने होते हैं। लीग राउंड में पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें के बीच क्वालिफायर-1 होता है, जबकि तीसरे और चौथे नंबर की टीम के बीच एलिमिनेटर होता है। क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंचती है, जबकि हारने वाली टीम एलिमिनेटर के विजेता से क्वालिफायर-2 खेलती है। क्वालिफायर-2 और क्वालिफायर-1 की विनर के बीच फाइनल होता है।

सूर्या की जर्मनी में सफल सर्जरी, आईपीएल तक ठीक होने की उम्मीद

सूर्यकुमार यादव की जर्मनी में ग्रॉइन की सफल सर्जरी हो चुकी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बारे में सूचना दी। सूर्या ने दूसरी बार ग्रॉइन इंजरी की सर्जरी कराई है, वह एक सप्ताह में भारत लौट सकते हैं। सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (NCA) में रिहैब करेंगे। जहां से उनके इस साल के IPL तक फिट होने की संभावना है।

म्युनिख में हुआ ऑपरेशन

दुनिया के नंबर-1 टी-20 बैटर सूर्यकुमार यादव की सर्जरी बुधवार को म्यूनिख के एक्सपर्ट डॉक्टर्स की निगरानी में हुई। उनसे पहले केएल राहुल ने भी 2022 में म्यूनिख में ही स्पोर्ट्स हर्निया का ऑपरेशन करवाया था। राहुल एक महीने बाद फिट होकर खेलने लगे थे, लेकिन सूर्या को फिट होने में 2 महीने तक का समय लग सकता है। सर्जरी से 3 सप्ताह पहले सूर्यकुमार यादव बैसाखी के सहारे चलते नजर आए थे। सर्जरी से 3 सप्ताह पहले सूर्यकुमार यादव बैसाखी के सहारे चलते नजर आए थे।

साउथ अफ्रीका में एंकल इंजरी भी हुई थी

सूर्या पिछले महीने साउथ अफ्रीका में टी-20 इंटरनेशनल खेलने के दौरान इंजर्ड हुए थे। उन्हें फील्डिंग के दौरान एंकल में चोट लग गई थी। जिसके बाद उनकी एंकल सर्जरी हुई थी। उस सर्जरी के बाद अब उनकी स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी भी हुई। 2 सर्जरी होने के कारण ही उन्हें फिट होने में ज्यादा समय लगेगा।

IPL तक फिट हो जाएंगे, वर्ल्ड कप भी खेलेंगे

क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, BCCI सूत्रों ने बताया कि सूर्यकुमार यादव इस साल के IPL तक फिट हो जाएंगे। टूर्नामेंट के मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू होने की संभावनाएं हैं। IPL के ठीक बाद एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप भी शुरू होगा। सूर्या इसके लिए भी फिट हो जाएंगे।

22 को अयोध्या जाएंगे विराट

भारत के विराट कोहली 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या जाएंगे। वह टीम इंडिया के ट्रेनिंग सेशन से एक दिन का ब्रेक लकर अयोध्या पहुंचेंगे। विराट 23 को फिर टीम इंडिया के साथ जुड़ जाएंगे। हैदराबाद में टीम इंडिया का ट्रेनिंग सेशन 20 जनवरी से शुरू होगा। टीम यहां 4 दिन तक प्रैक्टिस करेगी। इंग्लैंड टीम 21 को हैदराबाद पहुंच जाएगी। 25 जनवरी से दोनों के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। टीम इंडिया 20 से 23 जनवरी तक हैदराबाद में ट्रेनिंग सेशन करेगी। 24 को ब्रेक के बाद 25 को टीम पहला मैच खेलेगी। विराट कोहली समेत भारत की टेस्ट टीम में शामिल सभी प्लेयर्स और सपोर्ट स्टाफ इस दौरान हैदराबाद में रहेंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, विराट कोहली 21 जनवरी की ट्रेनिंग के बाद एक दिन का ब्रेक लेंगे। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए BCCI से ब्रेक मांगा। जो अप्रूव कर दिया गया है। विराट को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का ऑफिशियल इन्विटेशन भेजा गया था। उनके साथ भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी को भी अयोध्या जाने का इन्विटेशन मिला है। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का इन्विटेशन मिला है। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का इन्विटेशन मिला है।

बिजनेस

एयर इंडिया और स्पाइसजेट पर 30-30 लाख रुपए का जुर्माना

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय इन दिनों एयरलाइन कंपनियों पर सख्ती से नजर रख रहा है। इसके तहत बुधवार को डीजीसीए ने एअर इंडिया और स्पाइसजेट पर 30-30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

जानकारी के मुताबिक, डीजीसीए ने लो-विजिबिलिटी की स्थिति में उड़ानों के संचालन के लिए पायलट के 'ड्यूटी चार्ट' में खामियों को देखते हुए यह कदम उठया है। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2023 के लिए निर्धारित उड़ानों के संबंध में एयरलाइन द्वारा प्रस्तुत उड़ानों में देरी, कैंसिल करने, रूट बदलने से संबंधित डेटा का विश्लेषण करने के बाद, डीजीसीए ने पाया कि एअर इंडिया और स्पाइसजेट ने ''कुछ उड़ानों के लिए कैट दो या तीन और एलवीटीओ योग्य पायलटों को सूची में शामिल नहीं किया। कैट दो या तीन कम विजिबिलिटी की स्थिति में उड़ानों के संचालन से संबंधित है। एलवीटीओ का तात्पर्य कम विजिबिलिटी में उड़ान भरने से है। जीसीए द्वारा जारी दो आदेशों के अनुसार, एअर इंडिया और स्पाइसजेट पर 30-30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले, डीजीसीए ने दिसंबर के अंत में दिल्ली हवाई अड्डे पर घने कोहरे के बीच फलाइट्स के विभिन्न उड़ानों के रूट्स को डायवर्ट, कम विजिबिलिटी की स्थिति में काम करने के लिए प्रशिक्षित पायलटों को तैनात नहीं करने के लिए एअर इंडिया और स्पाइसजेट को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

बता दें कि बुधवार को एयरपोर्ट पर यात्रियों के टरमैक पर खाना खाने की घटना पर इंडिगो और मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (एमआईएएल) पर कुल 1.80 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आदेश के अनुसार, इंडिगो पर 1.20 करोड़ रुपये जबकि एमआईएएल पर 60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रविवार को गोवा से दिल्ली जा रहे विमान को मुंबई में उतारते ही कई यात्री इंडिगो के विमान से बाहर निकल आए और हवाई पट्टी पर बैठ गए और कुछ को वहां खाना खाते हुए भी देखा गया।नियामक ने इंडिगो और एमआईएएल को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा था कि वे स्थिति का अनुमान लगाने और हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए उचित सुविधा उपलब्ध कराने में सक्रिय नहीं थे।

पिछले साल 25-28 दिसंबर के दौरान घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन काफी प्रभावित हुआ था और विभिन्न विमानन कंपनियों की लगभग 60 उड़ानों के रूट्स को डायवर्ट किया गया था।

शक्ति पम्पस् के ओपन-वेल पम्पस् अयोध्या में

पीथमपुर/अयोध्या। पंपिंग इंडस्ट्री के अग्रणी ब्रांड शक्ति पम्पस् को देश - दुनिया के पवित्र शहर अयोध्या में ओपन-वेल पम्पस् लगाने का मौका मिला है। राम की पेढ़ी के प्रतिष्ठित स्थान पर लगे हुए दस ओपन-वेल पम्पस् टिकाऊ और उच्च प्रदर्शन वाले पंप अयोध्या की पानी की जरूरत पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार हैं। अपनी मजबूती और दक्षता के लिए मशहूर, शक्ति पंप्स की ओपन-वेल यूनिट्स अलग अलग परिस्थितियों में विश्वसनीय समाधान प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। अयोध्या में इन पंपों का चुनाव महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक केंद्रों में बुनियादी ढांचे के विकास में सहायता के लिए कंपनी के समर्पण के अनुरूप है। जबकि देश 22 जनवरी, 2024 को होने वाले राम मंदिर के भूमि पूजन का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, शक्ति पम्पस् इस ऐतिहासिक क्षण का एक अभिन्न हिस्सा होने पर गर्व महसूस करता है। शक्ति पम्पस् इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष दिनेश पाटीदार ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ÷अयोध्या में पानी की जरूरत के लिए शक्ति पम्पस् की स्थापना विश्वसनीय और कुशल समाधान देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एकता और उत्सव से चिह्नित यह महत्वपूर्ण अवसर, अयोध्या के विकास में योगदान देने के हमारे समर्पण का प्रमाण है।

दो लोगों को टाटा मोटर्स का नकली यूरिया बेचते पुलिस ने पकड़ा

धार(मप्र)/नवप्रदेश। मनावर में टाटा मोटर्स के नकली यूरिया खुलेआम धड़ल्ले से बेच रहे दो लोगों को एनफोर्समेंट ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट (ईआईपीआर) की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर पकड़ा। मध्य प्रदेश के जिला धार के मनावर में इंफोरसर्स ऑफ़ इन्टेलक्टुअल प्रॉपर्टी राईट (ईआईपीआर) की टीम को गुप्त जानकारी मिली कि राधिका ऑटो पार्ट्स अल्ट्राटेक प्लांट रोड के पास, मनावर, धार, मध्य प्रदेश व् रवि ऑटो पार्ट्स बस स्टैंड, मनावर, धार, मध्य प्रदेश में धड़ल्ले से नकली टाटा डीईएफ बकेट यूरिया खुलेआम बेचा जा रहा था। इसके बाद ईआईपीआर

की टीम ने कमलेश शिंधर, थाना प्रभारी, मनावर मध्य प्रदेश से संपर्क कर सारी जानकारी साझा की। इसके बाद थाना प्रभारी कमलेश शिंधर के आदेश के बाद मनावर पुलिस स्टेशन के निरीक्षक राजेश उदय सिंह हांडा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसके बाद जिला मनावर के राधिका ऑटो पार्ट्स व् रवि ऑटो पार्ट्स पर छापा मारा गया। जहां से टाटा डीईएफ के नकली 2 टैंक (प्रती 1000 लीटर), व् टाटा डीईएफ का नाम लिखा हुआ 4 बोर्ड व् एक नोजल पंप मौके से प्राप्त हुआ। आरोपी की पहचान अमित शर्मा (53) और रवि मित्तल (38) के रूप में हुई है। पुलिस तफ्तीश में पता चला की राधिका ऑटो पार्ट्स व् रवि ऑटो पार्ट्स गलती से टाटा मोटर्स का नकली यूरिया बेच रहे थे। इसके बाद उन्होंने अपनी भूल स्वीकारी व् पुलिस एव इंफोरसर्स ऑफ़ इन्टेलक्टुअल प्रॉपर्टी राईट (ईआईपीआर) से लिखित में माफी मांगी व टाटा मोटर्स के सभी नकली उत्पादों आदि को नष्ट कर दिया गया।

गूगल मैप्स लाया नया फीचर, टनल और सैटेलाइट डेड जोन के अंदर भी करेगा नेविगेट

सैन फ्रांसिस्को। गूगल ने मैप्स में एक नया फीचर जोड़ा है, जो यूजर्स को टनल या अन्य सेटेलाइट डेड जोन में नेविगेट करने की सुविधा देगा। 9 टू 5 गूगल की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 'ब्लूटूथ बीकन' के लिए सपोर्ट जोड़ा है और इसे एंड्रॉइड के लिए गूगल मैप्स पर व्यापक रूप से पेश किया है, हालांकि, ऐप के आईओएस वर्जन में यह अभी भी गायब है। रिपोर्ट के अनुसार, ब्लूटूथ बीकन नए नहीं हैं। गूगल के स्वामित्व वाली वेज ने लंबे समय से ग्लोबल लेवल पर टनल में टेक्नोलॉजी का

समर्थन किया है, जिसमें न्यूयॉर्क शहर, शिकागो, पेरिस, ब्रसेल्स और कई अन्य प्रमुख शहर शामिल हैं। हालांकि, वे बीकन केवल वेज ऐप के भीतर ही काम करते हैं। गूगल ने अपने सपोर्ट पेज पर लिखा, वेज बीकन्स प्रोग्राम अंडरग्राउंड ड्राइवर्स को जहां जीपीएस सिग्नल नहीं पहुंचते हैं, वहां निर्बाध नेविगेशन प्रदान करता है, जिससे लोकेशन सर्विस सुनिश्चित होती हैं, ड्राइवर की सेफ्टी बढ़ती है और टनल के अंदर वास्तविक समय की घटनाओं में बेहतर विजिबिलिटी होती है। इस बीच, गूगल ने घोषणा की कि वह यूजर्स को बेस्ट एक्सपीरियंस प्रदान करने पर फोकस करने के लिए 'गूगल असिस्टेंट' में कुछ कम उपयोग किए गए फीचर्स को हटा रहा है। कंपनी द्वारा शेयर की गई लिस्ट के अनुसार, गूगल 17 फीचर्स को हटा देगा। कंपनी ने कहा कि 26 जनवरी से जब यूजर्स हटाए गए फीचर्स में से किसी एक के बारे में पूछेंगे, तो उन्हें एक सूचना मिल सकती है कि यह एक निश्चित तारीख के बाद उपलब्ध नहीं होगी।

अदा शर्मा की बस्तर : द नक्सल स्टोरी को मिली नई रिलीज तारीख, नए पोस्टर भी जारी

द केरल स्टोरी की अभिनेत्री अदा शर्मा आगामी फिल्म बस्तर : द नक्सल स्टोरी के लिए निर्देशक सुदीप्तो सेन और निर्देशक-निर्माता विपुल अमृतलाल शाह के साथ फिर काम करने को तैयार हैं। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के तीन पोस्टर जारी किए हैं, जो एक गंभीर तस्वीर पेश करते हैं। पहले पोस्टर में अदा आईजी नीरजा माधवन का किरदार निभा रही हैं। इस पोस्टर में उन्हें युद्ध के मैदान में दिखाया गया है, जहां वह बंदूक लहराती हैं। दूसरे पोस्टर में कुछ लोगों को सड़क पर लटका दिया गया है और तीसरे में विरोधी कैमरे की ओर घूर रहा है और उसके पीछे आग भड़क रही है। फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्देशक सुदीप्तो सेन ने कहा : द केरल स्टोरी के अभूतपूर्व प्यार और आशीर्वाद के बाद हमने स्वतंत्र भारत के एक और घातक रहस्य को सामने लाने का साहस जुटाया। यह हमारे देश के केंद्र में स्थित बस्तर से है। अपमानजनक, जघन्य और घृणित सत्य जो आपको आपके अस्तित्व के मूल में झकझोर कर रख देगा। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमें आपका पहले जैसा ही आशीर्वाद और समर्थन मिलेगा। विपुल अमृतलाल शाह ने कहा कि बस्तर : द नक्सल स्टोरी के साथ असहज सच्चाइयों को उजागर करने का सफर जारी है। उन्होंने कहा, द केरल स्टोरी' के बाद हम एक और विस्फोटक कहानी को उजागर करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस साहसिक और ईमानदार फिल्म को पेश करना सम्मान की बात है, जो हर किसी को अंदर तक झकझोर देगी। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित और आशिन ए. शाह द्वारा सह-निर्मित, बस्तर : द नक्सल स्टोरी सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले बनाई गई है। यह फिल्म 15 मार्च को रिलीज होगी।

तिरगबदरा सामी में मालवी मल्होत्रा ने किया स्टंट और जबर्दस्त एक्शन

एक्ट्रेस मालवी मल्होत्रा अपनी अपकमिंग फिल्म तिरगबदरा सामी में अपना एक्शन अवतार दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म कई एलिमेंट्स का मिश्रण है, जिसमें खूबसूरत लव स्टोरी, फैमिली इमोशन्स, कॉमेडी और ढेर सारा एक्शन और अपील शामिल है। एक्ट्रेस स्टंट कर अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगी। फिल्म में एक्टर राज तरूण एक अहिंसक व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं। अपने उत्साह और भावना को साझा करते हुए मालवी ने कहा, मेरे एक्शन डायरेक्टर और पूरी टीम ने सोचा कि इसमें बहुत समय लगेगा इसलिए उन्होंने मेरे एक्शन सीक्वेंस के लिए दो दिन रखे, लेकिन कुछ शॉट्स के बाद वे बहुत खुश हुए और उन्हें पता चला कि मैंने पहले सेल्फ डिफेंस की प्रैक्टिस की और थोड़ा एमएमए और हमने इसे आधे दिन में पूरा कर लिया। यह वास्तव में जल्दी और आसानी से हो गया। यह बहुत मजेदार था, जब मैं ऐसा करते वक्त बहुत ऊर्जावान और उत्साहित महसूस कर रही थी, क्योंकि मैं हमेशा एक्शन सीक्वेंस और शक्तिशाली किरदार करना चाहती थी और मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे अपनी पहली तेलुगु फिल्म में यह मौका मिला। तिरगबदरा सामी प्रतिभाशाली अभिनेता राज तरुण और निर्देशक ए.एस. रविकुमार चौधरी के बीच आगामी सहयोग है और सुरक्षा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।

विदेशी पर्यटकों को लुभा रही कोंडागांव की सुंदरता

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कोंडागांव अपने आप में ढेरों प्राकृतिक संसाधनों के साथ अमूल्य सांस्कृतिक एवं पारम्परिक कलाओं को समेटे हुए है। यहां की संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्यता अपने आप में विलक्षण है। इन सभी संसाधनों से पूर्व में पूरा विश्व अनभिज्ञ था। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिले में मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट का विकास किया गया है। इस सर्किट के बन जाने से जिले में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। जहां एक वर्ष में टाटामारी में 01 लाख से अधिक लोगों ने टाटामारी के विहंगम दृश्यों का आनंद लिया है। वहीं विदेशों से आये 50 से अधिक पर्यटकों ने यहां की सुंदरता का आनंद लिया है। फ्रांस से आयी पर्यटक क्लेयर ने बताया कि उन्होंने दो बार टाटामारी और कोण्डागांव का भ्रमण किया है। पहली बार जब अपने दोस्तों के साथ आयी तो उन्हें यहां की प्राकृतिक खुबसूरती इतनी अच्छी लगी की जब अपनी मां को भी इसके संबंध में बताया तो वे भी मेरे साथ कोण्डागांव का भ्रमण करने आयी थी। फ्रांस के हैरी अल्बाने एवं गेल ने बताया कि वे इससे पहले कई स्थानों पर गये हैं परंतु कोण्डागांव में आदिम परम्परा और यहां के लोगों की सादगी उन्हें बहुत पसंद आयी। आदिवासी लोगों से मिलकर एवं उनकी दिनचर्या को पास से देखने का मौका मिला जिससे उन्हें बहुत खुशी मिली। फिनलेंड के थॉमस, निकोडेम, टोपीयाज ने कहा कि कोण्डागांव में स्थानीय युवाओं द्वारा हमें ट्रेकिंग करते हुए जलप्रपातों, वनस्पतियों को देखना एवं प्रकृति के बीच प्राकृतिक माहौल में मांझिनगढ़ के ऊपर कैम्पिंग करने का अनुभव अपने आप में अनुठा था। उन्हें यहां आकर बहुत खुशी महसूस हुई। युवाओं के बीच सीविल सेवाओं की तैयारी हेतु प्रसिद्ध असिस्टेंट प्रोफ़ेसर एवं कांउसलर डॉ0 विजेन्द्र सिंह चौहान हाल ही में बस्तर के प्रवास पर थे उन्होंने ने अपने प्रवास की शुरूवात कोण्डागांव जिले के टाटामारी पर्यटन स्थल से की जैसे ही वे टाटामारी पहुंचे टाटामारी के प्राकृतिक सौदर्य एवं विहंगम दृश्य को देखकर मंत्र मुग्ध हो गये और वे अपने आप को वहां की सौदंर्यता का वीडियो बनाने से नहीं रोक पाये और एक ट्रेवल व्लॉगर की तरह अपने सोशल मीडिया के माध्यम से यहां की सुंदरता को वर्णित करते हुए कहा कि अक्सर बस्तर को अशांति से जोड़ा जाता है पर टाटामारी को देखकर आप इसकी तुलना केवल स्वर्ग से कर सकते हैं।

मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट का आनंद लेने पहुंच रहे पर्यटक

चंद्रमा एवं तारों को टेलीस्कोप से देखा

इसी प्रकार नये साल के उत्सव में लिमदरहा में कैम्पिंग कर लोगों ने चंद्रमा एवं तारों को टेलीस्कोप की सहायता से देखा। विगत एक वर्ष में टाटामारी जहां एकेले 01 लाख से अधिक पर्यटक आये वहीं कुंएमारी जलप्रपात को देखने 97 हजार, होनहेड़ जलप्रपात में 72 हजार पर्यटक देखने को जिससे स्थानीय लोगों को भी आजीविका का नया साधन प्राप्त हुआ है।

200 से अधिक लोगों को मिला रोजगार

इस सर्किट के माध्यम से यहां के स्थानीय 40 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं 200 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है। इस सर्किट में पर्यटन हेतु ऑनलाइन बुकिंग केशकाल ईको टुरिजम की वेबसाइट https:// www. keshkal ecotourism.in/ पर जाकर कराया जा सकता है।

शिल्प नगरी के रूप में विख्यात कोंडागांव

कोण्डागांव को शिल्प नगरी के रूप में जाना जाता है। इसे पर्यटन क्षेत्र में पहचान दिलाने के लिए समय समय पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें कोण्डागांव हस्तशिल्प महोत्सव, जल जगंल यात्रा, कोण्डागांव एडवेंचर फेस्टिवल, फायर फ्लाई ट्रेल, हेरिटेज वॉक, स्टार गेजिंग फेस्टिवल, भंगाराम यात्रा, मांझिनगढ़ वन महोत्सव, फ्रिडम ट्रेक आदि आयोजन कराया जा चुका है।

जानिए...क्या है मावा कोंडानार सर्किट

कोण्डागांव जिले में पर्यटन की क्षमता के विकास के द्वारा स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार प्रदान करने के लिए उन्हें पर्यटकों के लिए टूर गाईड, हॉस्पिटालिटी एवं अन्य क्षेत्रों में कार्य करने हेतु अवसर प्रदान किया जा रहा है। स्थानीय महिला समूहों को पर्यटन क्षेत्रों के निकट जलपान व्यवस्था द्वारा रोजगार उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इस सर्किट में घुमाने हेतु स्थानीय युवाओं के पर्यटन समूहों द्वारा दो दिन तक का पैकेज तैयार किया गया है। जिसमें टाटामारी में विश्राम, नाइट कैम्पिंग, स्टॉर गेजिंग, स्टोरी टेलिंग, बोन फायर, हर्बल टी, पारम्परिक आदिवासी भोजन, सुर्योदय का विहंगम दृश्य, मांझिनगढ़ में आदिम काल के शैल चित्र सुर्यास्त का विहंगम दृश्य के अतिरिक्त कुएंमारी, लिंगोदरहा, ऊपरबेदी एवं होनहेड़ जैसे सुंदर जलप्रपातों का भ्रमण कराया जाता है।

अयोध्या के लिए छत्तीसगढ़ से सात फरवरी को रवाना होगी पहली ट्रेन

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। इसके लिए देश-प्रदेश में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ के लिए 'मोदी की गारंटी' यानी बीजेपी के घोषणा पत्र में किए वादे के अनुसार, रामलला दर्शन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन से पहली ट्रेन सात फरवरी को रवाना होगी। ये बातें सीएम विष्णुदेव साय ने रायपुर के वृंदावन गार्डन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी से जुड़े संकल्प पत्र में रामलला दर्शन से जुड़ी एक योजना भी है। 22 तारीख को अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम विराजित हो रहे हैं। योजना के तहत लोगों को छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक ट्रेन से भेजा जाएगा। सात तारीख को पहली ट्रेन रवाना की जाएगी। इस योजना को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल लागू करेगा और बजट पर्यटन विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। हर साल लगभग 20 हजार यात्रियों को अयोध्या यात्रा पर ले जाया जाएगा। यात्री दुर्ग-रायपुर, रायगढ़ एवं अंबिकापुर रेल से गन्तव्य स्थल के लिए रवाना होंगे। यात्रा का मूल गन्तव्य अयोध्या धाम रहेगा। इसके अलावा वाराणसी में एक दिन का रात्रि विश्राम, काशी विश्वनाथ मंदिर एवं कॉरीडोर और गंगा आरती का दर्शन का लाभ भी यात्रियों को मिल सकेगा। भविष्य में ट्रेन की उपलब्धता अनुसार यात्रियों की संख्या में वृद्धि की जा सकेगी।

यात्रा में शामिल होने के लिए ये हैं नियम

छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी, 18 से 75 आयु वर्ग के जो जिला मेडिकल बोर्ड की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण में सक्षम पाए जाएंगे, उन्हें यात्रा की पात्रता होगी। दिव्यांगजनों के लिए यथासंभव उनके परिवार से कोई एक सदस्य साथ में रहेंगे। प्रथम चरण में 55 वर्ष से ऊपर के यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध होगी। इसके बाद अन्य आयु वर्ग के लोगों को भी यह सुविधा मिलेगी। प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में श्री रामलला दर्शन समिति बनायी जाएगी। प्रत्येक समिति की ओर से अनुपातिक कोटा के अनुसार हितग्राहियों का चयन किया जाएगा।

900 किमी की दूरी करेंगे तय

इस यात्रा की दूरी लगभग 900 किलोमीटर होगी। इसके लिए भारतीय रेलवे केटरिंग एवं टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के साथ छत्तीसगढ़ मंडल से एमओयू किया जाएगा। आईआरसीटीसी की ओर से यात्रा के दौरान यात्रियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, स्थलों के दर्शन, स्थानीय परिवहन और एस्कार्ट की व्यवस्था की जाएगी। हितग्राहियों को उनके निवास से निर्धारित रेलवे स्टेशन तक लाने एवं वापस ले जाने की व्यवस्था संबंधित जिला कलेक्टर की ओर से जाएगी। इसके लिए उन्हें बजट उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक जिले से यात्रियों के साथ एक सक्षम शासकीय अधिकारी अथवा एक छोटा दल भेजा जाएगा।

2.31 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग, निगम का चला बुलडोजर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। रायपुर जिला कलेक्टर गौरव सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर आयुक्त अविनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम जोन क्रमांक 8 में माधव राव सप्रे वार्ड के विप्र नगर क्षेत्र में करीब 2.31 एकड़ निजी भूमि में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर रोक लगा दी गई है। बता दें कि, राजधानी में जोन 8 के कमिश्नर अरुण ध्रुव के नेतृत्व, कार्यपालन अभियन्ता अभिषेक गुप्ता, उप अभियन्ता नगर निवेश रूचिका मिश्रा और सम्बंधित अधिकारियों की मौजुदगी में अभियान चलाकर लगभग 2.31 एकड़ निजी भूमि में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाते हुए स्थल पर बनाई जा रही अवैध मुरम रोड और कांक्रीट नींव को बुलडोजर की सहायता से काटने की कार्यवाही की गयी। वहीं नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर ने जोन 8 नगर निवेश विभाग की ओर से तहसीलदार रायपुर को पत्र लिखकर सम्बंधित स्थल के भवन स्वामी की जानकारी शीघ्र निगम को देने अनुरोध किया गया है।

देर रात पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे संस्कृति मंत्री बृजमोहन

■ 'गाथा श्री राम मंदिर की' कार्यक्रम के आयोजन का लिया जायजा

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिनकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग द्वारा 20 जनवरी को पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 'गाथा श्री राम मंदिर की' की उत्साहपूर्वक तैयारियां की जा रही हैं। भगवान श्री राम की गाथा तो हर कोई जानता है। मगर भव्य मंदिर बनाए जाने को लेकर पिछले 500 वर्षों के संघर्ष की जानकारी बेहद कम लोगों को है। ऐसे में छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग द्वारा इस आयोजन के माध्यम से जनता को भव्य श्री राम मंदिर की महागाथा से परिचित कराने के उद्देश्य से यह आयोजन कराया जा रहा है। इसी के तहत धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार देर रात कार्यक्रम स्थल पुलिस परेड ग्राउंड में तैयारियों का जायज़ा लिया। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी, पुलिस, प्रशासन, नगर निगम, पर्यटन, संस्कृति, धर्मस्व विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए।

राम मंदिर भी गए मंत्री

इसके अलावा मंत्री श्री अग्रवाल वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर भी गए और वहां पर की जा रही तैयारी का भी जायजा लिया। श्री अग्रवाल ने कहा कि, पूरे देश और दुनिया में प्रभु श्री राम के आने की प्रतीक्षा हो रही है और श्री राम का ननिहाल खासतौर पर प्रभु के आगमन को लेकर उत्साहित है और इसमें कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं और आयोजनों पर नजर रखने के लिए पुलिस परेड ग्राउंड और श्री राम मंदिर पहुंचे।

आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान की इलाज के दौरान मौत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहीद प्रधान आरक्षक अरविंद एक्का की शहादत पर गहन शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। अरविंद एक्का डीआरजी के जवान थे। बीजापुर के गंगालूर थाने में ग्राम कावड़गांव हिलोरी में नक्सलियों द्वारा किए ब्लास्ट के दौरान 29 दिसंबर को घायल हुए थे। उन्हें इलाज के लिए नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनका देहावसान हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री एक्का ने अपने देश की सुरक्षा के लिए बलिदान दिया है। राष्ट्र और हमारा प्रदेश उनके प्रति कृतज्ञ है। हम उनकी शहादत को नमन करते हैं। नक्सलियों से लड़ाई हम दृढ़ता से जारी रखेंगे।

कार से दो करोड़ रुपए का सोना जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पुलिस ने लग्जरी कार से तीन किलो 126 ग्राम सोना जब्त किया है। तस्कर इस सोने को पश्चिम बंगाल से महासमुंद के रास्ते महाराष्ट्र ले जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने पकड़ लिया। जब्त सोने की कीमत दो करोड़ रुपये आंकी गई है। गुरूवार को महासमुंद एसपी राजेश कुकरेजा ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से एक लग्जरी महासमुंद की ओर जा रही है, जिसमें भारी मात्रा में सोना रखा हुआ है। रेहटीखोल चेकपोस्ट पर सिंघोडा पुलिस की टीम ने होंडा सिटी कार को रोककर पूछताछ की। चालक ने खड़गपुर पश्चिम बंगाल से नादेड़ महाराष्ट्र जाना बताया। कई सवालों का जवाब सदिंग्ध मिलने पर पुलिस ने वाहन की तलाशी ली। इस दौरान पुलिस को कार के चेंबर से रखे पैकेटों से 11 नग सोने का बिस्किट, तीन नग सोने का बड़ा पट्टी और पांच नग सोने का छोटा पट्टी मिला। इस तरह कार से कुल तीन किलो 126 ग्राम सोना मिला। इसकी कीमत दो करोड़ रुपये आंकी गई है।